धनबाद, रांची, एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रविवार 31 मार्च 2024 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 06 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 341 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 38.5 | 23.2 |
| जमशेदपुर | 39.6 | 23.8 |
| डालटनगंज | 39.6 | 22.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.




चुनावी समर

## सत्ता में आयी तो रोजगार क्रांति लायेगी कांग्रेस पार्टी : खरगे



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेस रोजगार के अवसर बढ़ाने, उद्यमशीलता को सक्षम बनाने और युवाओं की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए ठोस कदम उठाकर रोजगार क्रांति की शुरुआत करेगी. खरगे ने कहा कि कांग्रेस गारंटी देती है कि युवाओं का भविष्य अंधकारमय से उज्ज्वल हो जायेगा. उन्होंने युवा न्याय की गारंटी दोहरायी, जिसे पार्टी ने सत्ता में आने पर लागू करने का वादा किया है. खरगे ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, कांग्रेस पार्टी युवा न्याय गारंटी के माध्यम से रोजगार क्रांति लायेगी. हम रोजगार के अवसर बढ़ाने, उद्यमशीलता को सक्षम करने और हमारे युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए ठोस कदम उठायेंगे. मल्लिकार्जुन खरगे ने अपनी पार्टी द्वारा युवा न्याय' के तहत दी गयी गारंटी को सूचीबद्ध किया.

## न्यायपालिका पर दबाव बना रही मोदी सरकार : प्रियंका



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने केंद्र पर उच्चतम न्यायालय द्वारा चुनावी बांड योजना को रद्द किये जाने के बाद न्यायपालिका पर दबाव डालने का आरोप लगाया. सवाल किया कि क्या नरेंद्र मोदी सरकार को स्वतंत्र और मजबूत न्यायपालिका मंजूर नहीं है. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की यह टिप्पणी ऐसे समय आयी है, जब वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे समेत कुछ अन्य वकीलों की ओर से प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्यायपालिका पर दबाव डालने और अदालतों को बदनाम करने के प्रयास के आरोप लगाये जाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा था. प्रियंका गांधी ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, चुनावी बांड पर उच्चतम न्यायालय के एक निर्णय से घोटालों की परतें खुलती देख जिस ढंग से पत्र लिखवाकर न्यायिक ढांचे को दबाव में लाने की कोशिश की जा रही है.

## रालोजपा, एनडीए का अभिन्न अंग, मोदी हमारे नेता : पारस



**नयी दिल्ली।** आरएलजेपी प्रमुख पशुपति पारस ने लंबी नाराजगी के बाद आखिर चुप्पी तोड़ी है. उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी रालोजपा, एनडीए का अभिन्न अंग है. पीएम मोदी हमारे नेता है. उनके नेतृत्व में एनडीए पूरे देश में 400 प्लस सीट जीतेगा और तीसरी बार रिकॉर्ड तोड़ बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी. एनडीए में एक भी सीट न मिलने के बाद पशुपति पारस ने केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था. उन्होंने कहा, मेरे और मेरी पार्टी के साथ नाइंसाफी हुई. हमें एक भी सीट नहीं दी गई. इस्तीफा देने के पहले तक पशुपति पारस मोदी सरकार में खाद्य और प्रसंस्करण मंत्री थे. कहा जा रहा था कि पशुपति पारस अब बागी तेवर दिखा सकते हैं और वह इंडिया ब्लॉक में जा सकते हैं, लेकिन अब पशुपति पारस ने साफ कह दिया है कि वह एनडीए के साथ ही रहेंगे. उन्होंने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि हमारी पार्टी एनडीए का अभिन्न अंग है.

## भाजपा की मैनिफेस्टो कमेटी में झारखंड से हैं अर्जुन मुंडा



**रांची।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए इलेक्शन मैनिफेस्टो कमेटी का गठन कर लिया है. कमेटी में अध्यक्ष, संयोजक सहित 27 सदस्य हैं. झारखंड से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को भी कमेटी में शामिल किया गया है. राजनाथ सिंह को कमेटी का अध्यक्ष, निर्मला सीतारमण को संयोजक और पीयूष गोयल को सह-संयोजक बनाया गया है. समिति में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर के अलावा पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और कुछ पूर्व उपमुख्यमंत्री भी शामिल हैं. मुख्यमंत्रियों में गुजरात के भूपेंद्र पटेल, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, असम के हिमंत विश्व शर्मा और छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय के नाम हैं, जबकि पूर्व मुख्यमंत्रियों में शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे सिंधिया के नाम हैं. इसमें बिहार से पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद, सुशील कुमार मोदी हैं. - शेष पेज 7 पर

**वित्तीय वर्ष 2023-24** मार्च के अंत में दे धना-धन

# एक लाख करोड़ खर्च

- गृह, ऊर्जा, माध्यमिक व प्राथमिक शिक्षा व पेयजल विभाग खर्च करने में आगे

**रवि भारती। रांची**

झारखंड सरकार के विभाग खर्च को लेकर मार्च के अंत में ज्यादा सक्रिय हो गये हैं. जानकारी के अनुसार इस वित्तीय वर्ष 2023-24 की समाप्ति से एक दिन पहले यानि 30 मार्च तक बजटीय प्रावधान की राशि में से लगभग एक लाख करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं. 2023-24 के लिए 1,16,418.00 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान है. इनमें 70,900 करोड़ का योजना बजट शामिल था. राज्य सरकार ने अंतिम तिमाही में 4,100 करोड़ रुपये बढ़ोतरी कर योजना बजट का आकार 75 हजार करोड़ रुपये कर दिया. इस बार भी लगभग 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि सरेंडर होने की संभावना जतायी जा रही है. वहीं सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान विकास योजनाओं के लिए बजट में निर्धारित राशि अनुपूरक के माध्यम से बढ़ायी.

**कोषागार से राशि निकासी के लिए 15 % की सीमा है तय :** चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राज्य सरकार ने मार्च में कोषागार से राशि निकासी के लिए 15 % की सीमा तय कर दी है. इसमें यह शर्त है कि यह राशि कार्य के विरुद्ध हो. इसके अलावा अन्य योजना मद से वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त कुल आवंटन की 15 % की सीमा तक ही राशि की निकासी की जा सकेगी. पीएल खाते से भी 15 % तक ही राशि की निकासी की जा सकेगी. स्थापना मद अंतर्गत राशि की निकासी होगी. वित्त विभाग ने इस संबंध में सभी विभागों को पत्र लिखकर दिशा-निर्देश दिया है और संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी एवं कोषागार पदाधिकारी द्वारा विपत्र तैयार करने और पारित करने की कार्रवाई इसी दिशा-निर्देश के अनुसार करने को कहा है.

### 15 हजार करोड़ तक की राशि हो सकती है सरेंडर




**चालू वित्तीय वर्ष में 1,16,418.00 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान**

### 30 मार्च को 1052 करोड़ की स्वीकृति

शनिवार यानि 30 मार्च को 554 एलॉटमेंट के जरिये 1,052 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी. चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 83,181 एलॉटमेंट किये गये हैं. वर्तमान में गृह और ऊर्जा विभाग खर्च करने में आगे है. गृह विभाग के लिए 7553.86 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान था, जिसमें से 6183.51 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है. वहीं ऊर्जा विभाग ने 15,635 करोड़ रुपये में से 14,344.38 करोड़ रुपए खर्च किये हैं. प्राथमिक शिक्षा में 7244.5 करोड़ में से 5600 करोड़ और माध्यमिक शिक्षा के 3672.71 करोड़ में से 2723.78 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं. महिला एवं बाल विकास विभाग ने 5896.47 करोड़ में से 4905.98 करोड़ रुपये खर्च किए हैं.



**प्रमुख विभाग और खर्च**

| विभाग | खर्च (करोड़ में) |
|---|---|
| जल संसाधन | 1268.64 |
| लघु सिंचाई | 236.16 |
| ग्रामीण कार्य | 2377.59 |
| पंचायती राज | 355.11 |
| माध्यमिक शिक्षा | 2723.78 |
| प्राथमिक शिक्षा | 5600.00 |
| महिला बाल विकास | 4905.98 |
| कृषि | 963.19 |
| भवन निर्माण | 437.09 |
| मंत्रिमंडल निर्वाचन | 207.50 |
| सहकारिता | 532.71 |
| ऊर्जा | 14344.38 |
| खाद्य आपूर्ति | 1067.89 |
| वन पर्यावरण | 698.01 |
| स्वास्थ्य | 3408.81 |
| उच्च शिक्षा | 1378.12 |
| गृह | 6183.51 |
| उद्योग | 217.51 |
| सूचना जनसंपर्क | 263.24 |
| श्रम | 706.48 |
| पेयजल | 3438.39 |
| पथ | 3807.68 |
| ग्रामीण विकास | 2919.74 |

## बरियातू की 8.5 एकड़ जमीन ईडी ने अटैच की

- ईडी ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ 5,500 पन्नों की प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन जमा की, कोर्ट ले सकता है संज्ञान


इसी बक्से में है 5500 पेज

**रांची (सौरभ / विनीत)।** जमीन घोटाला मामले की जांच कर रही ईडी की टीम ने बरियातू के बड़गाईं अंचलकी 8.5 एकड़ जमीन को अटैच कर लिया है. मामले में जल्द ईडी आधिकारिक रूप से मीडिया को जानकारी देगी. दूसरी तरफ ईडी ने शनिवार को जमीन घोटाले मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन, उनके मित्र विनोद सिंह, राजस्व अधिकारी भानु प्रताप प्रसाद के अलावा हिलेरियस कच्छप और राजकुमार पाहन के खिलाफ अभियोजन शिकायत दर्ज की है. ईडी ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ दर्ज लैंड स्कैम के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग के केस में ईडी ने 5,500 पन्नों की प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन (पीसी) भी दाखिल कर दी है. - शेष पेज 7 पर

## चार विभूतियों को 'भारत रत्न'

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को दो पूर्व प्रधानमंत्रियों पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, बिहार के मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर और कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया.



राष्ट्रपति भवन के दरबार हाल में आयोजित अलंकरण समारोह में पूर्व पीएम पीवी. नरसिम्हा राव (मरणोपरांत) की ओर से उनके पुत्र पीवी. प्रभारक राव ने भारत रत्न प्राप्त किया. पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह (मरणोपरांत) की ओर से उनके पौत्र जयंत चौधरी ने भारत रत्न ग्रहण किया. कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस. स्वामीनाथन (मरणोपरांत) की ओर से उनकी पुत्री डॉ. नित्या राव ने भारत रत्न प्राप्त किया. कर्पूरी ठाकुर (मरणोपरांत) की ओर से उनके पुत्र रामनाथ ठाकुर ने भारत रत्न प्राप्त किया. इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित थे. खबर है कि लालकृष्ण आडवाणी को राष्ट्रपति उनके आवास जाकर भारत रत्न से सम्मानित करेंगी.

EIACP PC RP on Renewable Energy and Climate Change

सत्यमेव जयते

Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Govt. of India

LiFE Lifestyle for Environment

EIACP

**नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण हेतु सूचना**

**हरित कौशल विकास कार्यक्रम के तहत**

**"सौर उद्यम सहायक प्रबंधक" में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम**

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के पर्यावरण सूचना प्रणाली के अन्तर्गत ईआईएसीपी पीसी (EIACP) संसाधन, सौर ऊर्जा प्रणालियों के तकनीकी और व्यावहारिक ज्ञान को प्रोत्साहित करने और मजबूत करने के लिए, द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट, (TERI) जो झारखंड में ग्रामीण और बेरोजगार अनुसूचित जनजाति के युवाओं के लिए "सोलर एंटरप्राइजेज असिस्टेंट मैनेजर" में एक सर्टिफिकेट कोर्स आयोजित कर रही है। छह सप्ताह का यह कार्यक्रम संबंधित विषय विशेषज्ञों द्वारा सीधे बातचीत और व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से उनके तकनीकी कौशल को बढ़ाएगा। आईटीआई/12वीं/10वीं पास या ड्रॉप-आउट वाले सभी स्थानीय युवाओं (पुरुष/महिला) को अंतिम योग्यता प्रमाण पत्र और आधार कार्ड की एक प्रति के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

साक्षात्कार की तिथि : 10 अप्रैल 2024
साक्षात्कार स्थान : बलियापुर आईटीआई नॉर्थ कैंपस ग्लोबल हॉस्पिटल के पास, समलापुर, पो-सिंदरी, धनबाद, झारखंड, पिन 828122

संपर्क विवरण

सुश्री मिताली बेहरा

मो. 7894412582/7894412580

innodust A Step Towards Innovation

नोट : यह पुरुष और महिला दोनों उम्मीदवारों के लिए सख्ती से छह सप्ताह का आवासीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम होगा। स्थानीय महिला उम्मीदवारों के लिए इस शर्त से छूट दी गई है।

**आईपीएल-17**

**आज के मैच**

गुजरात टाइगर्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद, समय : दिन के 3 :30 बजे से

दिल्ली कैपिटल बनाम चेन्नई सुपरकिंग्स, समय : शाम 7 :30 बजे से

**ब्रीफ खबरें**

### कोडरमा से इंडिया के प्रत्याशी होंगे विनोद सिंह



**रांची।** कोडरमा लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के नाम पर मुहर लग गयी है. भाकपा माले के हिस्से में आयी इस सीट से उनकी पार्टी ने विनोद सिंह को उम्मीदवार बनाया है. भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया है कि विनोद सिंह के नाम पर इंडिया अलायंस ने मुहर लगा दी है. - पेज 7 भी देखें

### मुख्तार कालीबाग में हुए सुपुर्द-ए-खाक

**गाजीपुर/लखनऊ।** माफिया से नेता बने पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी का शव कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को गाजीपुर जिले में उनके पैतृक निवास युसूफपुर मोहम्मदाबाद के निकट कालीबाग स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया. इससे पहले मुख्तार के पैतृक आवास से सुबह के समय जनाजा निकाला गया, जिसमें उनके सांसद भाई अफजाल अंसारी, पुत्र उमर अंसारी, भतीजे विधायक सुहेब अंसारी समेत परिवार के सदस्य व समर्थक शामिल रहे,

## सब शानदार, फिर नौकरी, रोटी और मकान का यह हाल क्यों !

**सुरजीत सिंह**

लोकसभा चुनाव सामने है. एक तरफ विकसित भारत का नारा है तो दूसरी तरफ गारंटी. इस बीच पब्लिक कहां है? रोजगार यानि जॉब के हालत खराब क्यों हैं ? रोटी यानि भोजन की क्या स्थिति है? मकान खरीदना या किराये पर रहना क्यों महंगा हो गया ? राजनीतिक दल इन मुद्दों पर बात क्यों नहीं कर रहे हैं. क्योंकि हम इन मुद्दों पर सोचते ही कब है. जानते ही कितना है. इसलिए पहले नौकरी, रोटी व मकान का हाल जान लें.

**नौकरी**

- *देश में जो बेरोजगारों है, उनमें 83 प्रतिशत युवा हैं.*
- *77.2 प्रतिशत पुरुष व 32.80 प्रतिशत महिला हैं.*
- *बोर्ड या उससे ऊपर के पढ़े-लिखे 65.7 प्रतिशत हैं.*
- *75 प्रतिशत युवा ई-मेल नहीं भेजना नहीं जानते.*
- *60 प्रतिशत युवा कंप्यूटर पर कॉपी-पेस्ट नहीं कर पाते.*
- *शहर में बेरोजगारी का प्रतिशत 49.6 है व गांवों में 57.40.*

तो यह हाल है देश के युवाओं का. अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और मानव विकास संस्थान (आईएचडी) द्वारा पिछले हफ्ते जारी रिपोर्ट में यह आंकड़ा सामने आया है. मुख्य आर्थिक सलाहकार ने रिपोर्ट जारी करते वक्त कहा कि पढ़े-लिखे (शिक्षित) युवाओं में बेरोजगारी का स्तर ऊंचा है. दुर्भाग्य है कि देश के पढ़े-लिखे युवाओं की इस दुर्दशा की चर्चा इस चुनावी मौसम में कहीं नहीं हो रही. मीडिया से भी खबरें गायब ही हैं.

**रोटी**

- *गेहूं का स्टॉक 16 साल के निचले स्तर पर चला गया है.*
- *एफसीआई में गेहूं का स्टॉक 77.3 लाख टन बचा है.*
- *74.6 लाख टन गेहूं का बफर स्टॉक होना चाहिए.*
- *निजी कंपनियों को गेहूं नहीं खरीदने के लिए कहा गया है.*

यह रिपोर्ट 27 मार्च को आयी है, जिसमें हमारे लिवाले के इंतजाम का हाल साफ दिख रहा है. एफसीआई के पास जो स्टॉक बचा है, वह बफर नियम की जो सीमा तय है, उससे थोड़ा ही अधिक है. बफर स्टॉक का मतलब यह होता है कि एक अप्रैल को एक निश्चित मात्रा में सरकार के पास गेहूं का स्टॉक होना चाहिए, ताकि किसी प्राकृतिक आपदा के वक्त काम आ सके. सरकार को 80 करोड़ परिवार को पांच किलो अनाज भी देना है. कुल मिलाकर स्थिति यह है कि सरकार के गोदामों में गेहूं का भंडार कम है. ऐसी स्थिति में सरकार गेहूं की महंगाई पर रोक लगाने में सक्षम नहीं होगी. तो आपकी थाली की रोटी की कीमत बढ़नी तय है. बेरोजगारी की तरह ही शायद ही यह जानकारी मीडिया ने आप तक पहुंचायी हो. चुनाव में यह भी कोई मुद्दा नहीं है.

**मकान**

- *1.50 करोड़ रुपये के बिन बिके मकान बन कर खड़े हैं.*
- *करीब 4.80 लाख मकान बिन बिके हैं.*
- *4.80 लाख मकान पिछले 33 महीने में बिके थे.*
- *मकानों के किराये में 20-25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है.*
- *रिहायशी मकानों की कीमत में 30% की बढ़ोतरी हुई है.*

आंकड़े उलझन भरे हैं. शुरू के तीन तथ्य चार माह पहले की रिपोर्ट के हैं, जिसके मुताबिक 50 लाख रुपये से कम के आवास कम बिक रहे हैं. क्योंकि मिडिल क्लास सिकुड़ता जा रहा है. घर खरीदना अब उसकी औकात से बाहर की बात है. देश में पहले से 4.80 लाख अनबिके मकान पड़े हैं. जो अनबिके मकान हैं, उसमें बैंक व आम लोगों का पैसा लगा है. जब तक मकान बिकते नहीं, तब तक पैसा वसूली संभव नहीं. मकान बिक नहीं रहे, क्योंकि खरीदने वाले नहीं हैं, इस कारण मकानों के किराये में बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है. 20-25 प्रतिशत की. रहने वाले ज्यादा हैं, और मकान कम. चौथा तथ्य पिछले हफ्ते आयी मैजिक ब्रिक्स की रिपोर्ट का है. यह रिपोर्ट बताती है कि रिहायशी यानि महंगे, 50 लाख से ऊपर के मकान खूब बन रहे हैं, खूब बिक भी रहे हैं और उसकी कीमत में 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है. मतलब जिनके पास पैसे हैं, उन्हें कोई दिक्कत नहीं. अमीरी-गरीबी की खाई बढ़ती जा रही है. लेकिन इस खबर की भी कहीं कोई चर्चा नहीं है.

सवाल यह उठता है कि जब देश में सब कुछ ठीक ही चल रहा है, तो यह स्थिति क्यों है. क्यों आम लोगों के सामने जिंदगी जीने की दिक्कतें हैं. कौन है जिम्मेदार ? क्यों हमने जिन्हें देश चलाने के लिए चुना, वह हमारे प्रति जिम्मेदार नहीं हैं. क्यों सत्ता में आते हैं आपके वोट से और काम करते हैं कॉर्पोरेट के लिए. अवैध तरीकों से कॉर्पोरेट से चंदा लेते हैं और खुद की मौज की व्यवस्था करते हैं. वोट डालने से पहले इस पर एक बार सोचना होगा.



### आज दिल्ली के रामलीला मैदान में होनेवाली महारैली में होंगी शामिल

# कल्पना और सुनीता की मुलाकात के हैं कई मायने

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की है. दरअसल 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली विपक्ष की महारैली में कल्पना सोरेन शामिल होंगी. इस महारैली में सीएम चंपाई सोरेन भी शामिल होंगे. विपक्षी इंडिया गठबंधन ने नई दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली का आयोजन किया है. महारैली रविवार को आयोजित की गई है, जिसमें विपक्षी दलों के तमाम नेता शामिल होंगे. इस महारैली में सबकी नजरें कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल पर होंगी. दोनों मंच से जनता को क्या संदेश देंगी, यह देखने वाली बात होगी.इसकी वजह यह है कि दोनों के पति ईडी की कार्रवाई की वजह से जेल में हैं और इन दो महिलाओं पर अपने परिवार के साथ-साथ पार्टी की एकता और मजबूती बनाये रखने की जिम्मेवारी आ गई है.

## कई मायनों में अहम है यह मुलाकात

इस मुलाकात को कई मायनों में अहम माना जा रहा है. हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री रहते कल्पना सोरेन राज्य की राजनीति से अलग ही रहतीं थीं, उसी तरह जब तक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी ईडी ने नहीं की थी, तब तक सुनीता केजरीवाल अपने घर को संभालने में लगी थी, लेकिन दोनों की गिरफ्तारी के बाद कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल ने राजनीतिक जिम्मेवारी संभालने में देर नहीं की. एक तरफ ये दोनों महिलाएं अपने पति का हौसला बढ़ाते दिखीं तो दूसरी ओर पार्टी को भी एक जुट बनाए रखने को लेकर तत्पर दिखीं. इससे पहले कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में कल्पना सोरेन शामिल हुई थीं. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के साथ उस कार्यक्रम में भाग लेने मुंबई गयी कल्पना सोरेन ने तब अपने संबोधन में भाजपा, प्रधानमंत्री और ईडी पर कटाक्ष किया था. साथ ही साथ उन्होंने कहा था कि झारखंड झुकेगा नहीं.

## सोनिया गांधी से भी मिलीं कल्पना सोरेन



रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की. मुलाकात के दौरान सोनिया और कल्पना के बीच कई मुद्दों पर चर्चा हुई. वहीं सोनिया गांधी से मिलने से पहले कल्पना मुर्मू सोरेन ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की. बताते चलें कि रविवार को दिल्ली में इंडिया गठबंधन की महारैली का आयोजन किया गया है. इसमें गठबंधन के घटक दलों के तमाम बड़े नेता नजर आयेंगे. इसी रैली में हिस्सा लेने के लिए कल्पना मुर्मू सोरेन दिल्ली गई हैं.

### वित्तीय वर्ष 2023-24 : गढ़वा, गिरिडीह और देवघर में सबसे अधिक हुआ भुगतान

# 43.30 लाख मनरेगा मजदूरों के बीच 3,004 करोड़ की मजदूरी का भुगतान

रवि भारती। रांची

वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य के 43,30,222 मजदूरों के बीच 3,004 करोड़ रुपये की मजदूरी भुगतान हुआ है. गढ़वा, गिरिडीह और देवघर में सबसे अधिक मजदूरी का भुगतान हुआ. गढ़वा में 269 करोड़, गिरिडीह में 259 और देवघर में 196 करोड़ से अधिक का मजदूरी भुगतान हुआ है. राजधानी रांची में 121 करोड़ और बोकारो में 110 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान हुआ.

**गांवों की आधारभूत संरचना के निर्माण में 171 करोड़ रुपये खर्च**

मनरेगा के तहत गांवों में आधारभूत संरचना के निर्माण में 171 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये गये हैं. वहीं पारंपरिक वाटर बॉडी के जीर्णोद्धार में 265 करोड़ रुपये खर्च किये गये. ग्रामीण कनेक्टिविटी में 1247 करोड़ रुपये खर्च किये गये. ग्रामीण शौचालय के निर्माण में 1607 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये गये. भूमि विकास में 1046 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये गये.



**किस योजना में कितनी राशि खर्च की गयी**

| योजना का नाम | राशि (लाख में) |
|---|---|
| ग्रामीण संरचना निर्माण | 17162 |
| भारत निर्माण सेवा केंद्र | 1584 |
| तटीय इलाकों का विकास | 134 |
| सूखा प्रभावित क्षेत्र का विकास | 14591 |
| मत्स्य क्षेत्र में | 14 |
| बाढ़ नियंत्रण | 4874 |
| भूमि विकास | 104614 |
| सूक्ष्म सिंचाई कार्य | 3534 |
| अन्य कार्य | 24528 |
| प्लेग्राउंड | 102 |
| पारंपरिक जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार | 26510 |
| रूरल कनेक्टिविटी | 124751 |
| रूरल ड्रिंकिंग वाटर | 384 |
| रूरल सेनिटेशन | 160768 |
| जल संरक्षण | 426158 |
| इंडिविजुअल लैंड | 3826728 |

**किस जिले में कितनी मजदूरी का भुगतान**

| जिला | मजदूरी का भुगतान (लाख में) |
|---|---|
| गढ़वा | 26972.78 |
| गिरिडीह | 25833.66 |
| देवघर | 19626.97 |
| पलामू | 17228.91 |
| जामताड़ा | 17153.92 |
| दुमका | 16347.36 |
| चतरा | 15477.41 |
| हजारीबाग | 15106.12 |
| लातेहार | 14455.7 |
| गोड्डा | 13620.71 |
| रांची | 12104.02 |
| बोकारो | 11038.81 |
| गुमला | 10791.9 |
| पश्चिमी सिंहभूम | 10761.96 |
| साहेबगंज | 9866.5 |
| सिमडेगा | 9288.35 |
| पाकुड़ | 8786.66 |
| सरायकेला-खरसांवा | 8421.15 |
| पूर्वी सिंहभूम | 8176.23 |
| धनबाद | 7833.2 |
| रामगढ़ | 7663.45 |
| कोडरमा | 5267.77 |
| खूंटी | 4616.44 |
| लोहरदगा | 3909.4 |

## चौकीदार-दफादार के वेतन व वर्दी भत्ता के लिए 14.30 करोड़ आवंटित

*रांची। चौकीदार- दफादार के वेतन और वर्दी भत्ता के लिए गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 14.30 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं. यह राशि वित्तीय वर्ष 2023- 24 के लिए आवंटित की गयी है. संबंधित जिलों के जिला कोषागार से राशि की निकासी की जायेगी. गृह विभाग ने जिलों के डीसी को आदेश दिया है कि वह सुनिश्चित करें कि हर हाल में चौकीदार-दफादार का वेतन भुगतान तय समय पर हो.*



**चौकीदार-दफादार के वेतन मद 14.06 करोड़ आवंटित**

| | |
|---|---|
| खूंटी | 37.11 लाख |
| रांची | 2.91 करोड़ |
| सिमडेगा | 20.13 करोड़ |
| देवघर | 1.57 करोड़ |
| रामगढ़ | 1.36 करोड़ |
| कोडरमा | 57.50 लाख |
| गढ़वा | 1.02 करोड़ |
| लातेहार | 25 लाख |
| चाईबासा | 2.51 करोड़ |
| गुमला | 1.36 करोड़ |
| हजारीबाग | 66.61 लाख |
| चतरा | 51.34 लाख |
| सरायकेला | 72.58 लाख |
| कुल | 14.06 करोड़. |

**चौकीदार-दफादार के वर्दी भत्ता मद में 24.52 लाख आवंटित**

| | |
|---|---|
| रांची | 8.17 लाख |
| सिमडेगा | 3.07 लाख |
| कोडरमा | 4.37 लाख |
| गढ़वा | 3.92 लाख |
| चाईबासा | 45 हजार |
| सराइकेला | 4.52 लाख |
| कुल | 24.52 लाख |

## 64 सीआई को प्रोन्नत कर बनाया गया सीओ जारी हुई अधिसूचना

रांची। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने 64 सर्किल इंस्पेक्टर (सीआई) को सर्किल अफसर (सीओ) के पद पर पदोन्नति दी है. इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है.

- 64 सीआई को प्रोन्नत कर बनाया गया सीओ, अधिसूचना जारी

अधिसूचना के मुताबिक, सीआई के पद पर कार्यरत इन अफसरों को 35,400 रुपये मासिक पे मेट्रिक्स लेवल छह से 53,100 रुपये के मासिक पे मेट्रिक्स लेवल नौ में प्रमोट किया गया है. विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि प्रमोट हुए अधिकारियों को नव पदस्थापन के बाद पदभार लेने की तिथि से बढ़ी हुई वित्तीय लाभ एवं अन्य सुविधाएं मिलेंगी.

## कांग्रेस के हाथों को मजबूत करेंगे: रामटहल

रांची। कांग्रेस में शामिल होने के बाद रामटहल चौधरी शनिवार को रांची पहुंचे. एयरपोर्ट पहुंचने के बाद कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की समेत अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया. रामटहल चौधरी ने कहा कि पार्टी में उन्हें पूरा सम्मान मिला है. पहले भी पार्टी ने उन्हें हजारीबाग से उम्मीदवारी का ऑफर दिया था. लेकिन समय कम होने की वजह से नहीं जा पाया था. इस बार कांग्रेस के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे. लोस चुनाव में दावेदारी पर उन्होंने कहा कि पार्टी का फैसला जो होगा वह मानेंगे.

# इस साल रिटायर हो जायेंगे चीफ सेक्रेट्री रैंक के आठ अफसर

रवि भारती। रांची

झारखंड कैडर के चीफ सेक्रेट्री रैंक के आठ अफसर इस साल रिटायर हो जाएंगे. वहीं 31 मार्च को पूर्व मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव रैंक के अफसर राजीव अरुण एक्का और स्पेशल सेक्रेट्री रैंक की अफसर गायत्री कुमारी रिटायर हो जायेंगे. सचिव रैंक के एक अफसर, स्पेशल सेक्रेट्री रैंक के छह और एडिशनल सेक्रेट्री रैंक के एक अफसर भी इसी साल रिटायर होंगे.

**खास बातें**

- आज रिटायर होंगे सुखदेव सिंह व राजीव अरुण एक्का
- इस साल कुल 15 आईएएस अफसर रिटायर होंगे

**इस साल चीफ सेक्रेट्री रैंक के ये अफसर होंगे रिटायर**

| नाम | टायरमेंट की तिथि |
|---|---|
| राजीव गौबा | : 30.08.2024 |
| एनएन सिन्हा | : 31.07.2024 |
| सुखदेव सिंह | : 31.03.2024 |
| एल खिंयांग्यते | : 31.10.2024 |
| एमएस भाटिया | : 30.09.2024 |
| एसकेजी रहाटे | : 30.04.2024 |
| सुरेंद्र सिंह | : 30.06.2024 |
| राजीव अरुण एक्का | : 31.03.2024 |

**सचिव रैंक के ये अफसर होंगे रिटायर**

| नाम | रिटायरमेंट की तिथि |
|---|---|
| चंद्रकिशोर उरांव : | 31.05.2024 |

**स्पेशल सेक्रेट्री रैंक के ये अफसर होंगे रिटायर**

| नाम | रिटायरमेंट की तिथि |
|---|---|
| आलोक त्रिवेदी | : 31.08.2024 |
| संजय सिन्हा | : 31.05.2024 |
| गायत्री कुमारी | : 31.03.2024 |
| अंजनी दुबे | : 30.04.2024 |
| अमित प्रकाश | : 31.12.2024 |
| राजू रंजन राय | : 31.12.2024 |

**एडिशनल सेक्रेट्री रैंक के अफसर भी होंगे रिटायर**

| नाम | रिटायरमेंट की तिथि |
|---|---|
| अनिल कुमार | : 30.06.2024 |

# कर आतंकवाद के खिलाफ कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन कल

प्रमुख संवाददाता। रांची

कर आतंकवाद के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिला अध्यक्षों को जिला मुख्यालय में एक अप्रैल को विरोध प्रदर्शन, मशाल जुलूस, धरना प्रदर्शन आदि आयोजित करने का निर्देश दिया है. इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि विरोध प्रदर्शन में अनिवार्य रूप से प्रखंड अध्यक्षों, पदाधिकारी, प्रदेश नेताओं, वरीय नेताओं, प्रदेश पदाधिकारी को शामिल होने का निर्देश दिया गया है. इसके अलावा लोकसभा के लिए घोषित उम्मीदवारों को भी अपने निर्वाचन क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन करने का निर्देश दिया गया है.

## कांग्रेस को निशाना बना रही है भाजपा



भाजपा कर आतंकवाद के अपने एजेंट के तहत विपक्षी दलों पर आर्थिक प्रहार करने की कोशिश कर रही है और कांग्रेस को मुख्य रूप से निशाना बना रही है. दिनों दिन इंडिया के घटक दलों के बीच बढ़ते आपसी समन्वय और जनता के बीच इंडिया गठबंधन के प्रति बढ़ते विश्वास से भाजपा नेता सशंकित हैं और यही वजह है कि आयकर विभाग को हथियार बनाकर कांग्रेस को नोटिस भेजने और कांग्रेस का खाता फ्रीज करने की कार्रवाई की गई है लेकिन चुनाव में देश की जनता सारी सच्चाइयों को अपने मतदान से परख देगी. भाजपा द्वारा भारतीय लोकतंत्र को खत्म करने की व्यवस्थित प्रक्रिया खतरनाक गति से आगे बढ़ाई जा रही है और इसी कड़ी में कांग्रेस के खिलाफ अवैध और लोकतांत्रिक कार्रवाई करते हुए आयकर विभाग द्वारा पिछले 8 सालों का आयकर रिटर्न खोल दिया गया है. कांग्रेस इसके विरोध में देशव्यापी प्रदर्शन कर रही है और इसका जोरदार विरोध प्रदर्शन झारखंड में भी किया जाएगा.

# बम निरोधक दस्ता के जवानों की बीमा के लिए नहीं मिल रहीं कंपनियां

### फिर से निकाला विज्ञापन, 58 पदाधिकारियों और जवानों के लिए 60 लाख का बीमा तय हुआ

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड में बम निरोधक दस्ता के 58 पदाधिकारियों और जवानों के लिए 60 लाख रुपये का बीमा तय हुआ है. लेकिन इसके लिए बीमा कंपनी नहीं मिल रही है. ऐसे में झारखंड पुलिस मुख्यालय ने मार्च माह में दूसरी बार विज्ञापन जारी किया है. इससे पहले झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सात मार्च को बीमा को लेकर विज्ञापन जारी किया था. लेकिन बीमा कंपनी नहीं मिलने के कारण पुलिस मुख्यालय ने एक बार फिर 27 मार्च को विज्ञापन जारी किया है. वर्तमान में द न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ झारखंड पुलिस का एक साल के लिए करार है, जिसकी अवधि 31 मार्च को समाप्त हो रही है.

## नक्सल विरोधी अभियान से अलग है ये बीमा

बम निरोधक दस्ता के 58 सदस्यों को इसका लाभ मिलेगा. इसके लिए पुलिस मुख्यालय ने प्रति सदस्य 2950 रुपये वार्षिक प्रीमियम का भुगतान किया है. यह बीमा नक्सल विरोधी अभियान से अलग है. नक्सल विरोधी अभियान के लिए बीमा पहले से लागू है. पुलिस मुख्यालय ने बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड (बीडीडीएस) के लिए योजना बनायी थी. मुख्यालय का तर्क है कि बम निरोधक दस्ते को नक्सल अभियान के अलावा भी आकस्मिक बम जांच, आईईडी जांच, औचक निरीक्षण या प्रशिक्षण के क्रम में कोई नुकसान पहुंचेगा, तो इस बीमा का उसको लाभ मिलेगा. एकरारनामे के अनुसार, बम निष्क्रिय ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों-पदाधिकारियों के घायल होने, नि:शक्त या बलिदान होने की स्थिति में संबंधित जिला के पुलिस अधीक्षक द्वारा चिकित्सा, निशक्तता या मृत्यु बीमा के लिए दावा एकरारनामे में बताये गये निर्देशों के तहत होगा.

## जानें किस परिस्थिति में कितना मिलेगा लाभ

मृत्यु की स्थिति में 100 प्रतिशत, स्थाई रूप से नि:शक्तता की स्थिति में 100 प्रतिशत और दो अंगों की क्षति होने पर (जैसे दोनों आंखें या फिर एक आंख व एक अन्य अंग नष्ट होने पर) भी 100 प्रतिशत बीमा राशि मिलेगी. एक अंग या एक आंख नष्ट होने पर 50 प्रतिशत राशि मिलेगी. स्थायी रूप से हल्का नि:शक्त होने पर आईआरडीए के नार्म्स के अनुसार राशि मिलेगी. जख्मी होने पर निजी या सरकारी अस्पताल में इलाजरत रहने पर अधिकतम 20 लाख रुपये, पुलिसकर्मी की मृत्यु की स्थिति में दो बच्चों की शिक्षा के लिए प्रति बच्चा दो लाख और बम निष्क्रिय करने के दौरान मृत्यु होने पर शव ले जाने के लिए 50 हजार रु दिया जायेगा. वहीं बम निष्क्रिय करने के लिए जाते वक्त सड़क हादसा होने पर मृत्यु की स्थिति में 20 लाख रुपये व जख्मी स्थिति में इलाज के लिए 7.50 लाख मिलेंगे.

## प्रशासन से बैठक कराने की उठी मांग

रांची। केंद्रीय सरना समिति के बैनर तले आरआईटी बिल्डिंग कचहरी परिसर रांची में सरहुल महोत्सव को लेकर बैठक हुई. अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरहुल शोभा यात्रा व ईद उल फितर एक ही दिन पड़ रहा है. दोनों समुदाय का महत्वपूर्ण पर्व है. दोनों पर्व शांतिपूर्वक मनाया जाए. प्रशासन से शांति समिति की बैठक कराने की प्रशासन से मांग की गयी, ताकि दोनों पर्व को शांतिपूर्वक मनाया जा सके.

CLASSIFIED




### पंजाब के एंबेसडर बनकर आये थे, जा रहे झारखंड के एंबेसडर बनकर

# पंजाब केंद्रीय विवि के छात्र पहुंचे राजभवन

प्रमुख संवाददाता। रांची

युवा संगम कार्यक्रम के तहत पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों ने शनिवार को राजभवन का परिभ्रमण किया. पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य ने कहा गया कि हमारे विद्यार्थी यहां की संस्कृति से काफी प्रभावित हुए हैं. ये यहां पंजाब के एंबेसडर बनकर आये थे और अब ये झारखंड के एंबेसडर बनकर जा रहे हैं. राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी ने प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कहा कि युवा संगम के तहत राज भवन, रांची आने वाले यह तीसरा दल है.



सबसे पहले जम्मू-कश्मीर, उसके बाद हरियाणा से विद्यार्थी आए थे और आज आप लोग आए हैं.

**झारखंड में लगभग 27% आबादी जनजातियों की : डॉ** कुलकर्णी ने विद्यार्थियों को बताया कि झारखंड में लगभग 27% आबादी जनजातियों की है. राज्य के भौगोलिक क्षेत्र का 33 प्रतिशत से अधिक हिस्सा वन व वृक्षों से आच्छादित है. यह राज्य खनिज संपदा से परिपूर्ण है, देश की लगभग 40% खनिज संपदा यहां मौजूद है. यहां कोयला का अपार भंडार है. उन्होंने कहा कि यहां भगवान बिरसा मुंडा समेत कई महान स्वतंत्रता सेनानी हुए. विद्यार्थियों ने संवाद के क्रम में कहा कि सोशल मीडिया पर यहां के संदर्भ में बहुत कुछ देखा था, लेकिन यहां आकर बहुत कुछ प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिला. झारखंड को वे लोग सिर्फ टाटा, महेंद्र सिंह धौनी के लिए प्रसिद्ध मानते थे, पर यहां विभिन्न सामाजिक संस्थान हैं. यह राज्य प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है. यहां के पर्यटन स्थल लोगों को आकर्षित करते हैं, जो रोजगार का भी सृजन कर सकता है. यहां के जनजातीय समुदाय के लोग शिक्षित हैं और विभिन्न उच्च पदों पर आसीन हैं, यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई.









राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रविवार 31 मार्च 2024 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 06 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 341 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## पिस्टल-कारतूस के साथ मां-बेटा गिरफ्तार

राजकुमार महतो। निरसा




गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने निरसा थाना क्षेत्र के कंचनडीह आरती होटल के समीप भुईयांधौड़ा में शुक्रवार की देर रात छापेमारी अभियान चलाकर अवैध हथियार के साथ मां और बेटा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की. शनिवार को धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दन ने प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि गुप्ता सूचना मिलने पर निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला के नेतृत्व में गठित एसआईटी की टीम द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया. एसडीपीओ के सहयोग में निरसा थानेदार मंजीत सिंह, गोविंदपुर थानेदार थाना रविकांत प्रसाद व गल्फरबाड़ी ओपी प्रभारी नीतीश कुमार शामिल थे. टीम ने छापेमारी कर भुइया धौड़ा ईस्ट इंडिया कॉलोनी से 50 वर्षीय महिला उषा देवी और उनके पुत्र कृष्णा यादव को गिरफ्तार किया. महिला एवं उसके पुत्र बिहार के मुंगेर से अवैध देशी कट्टा व पिस्टल लाकर निरसा थाना क्षेत्र व इसके आसपास थाना क्षेत्र के लोगों के बीच सप्लाई करता था.



सूचना पर कार्रवाई की गई है, जिसमें दो 7.65 एमएम का कंट्री मेड पिस्टल, दो 7.65 एमएम पिस्टल का दो मैगजीन, 7.65 का 14 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है. लोकसभा चुनाव को लेकर धनबाद जिला प्रशासन के लिए यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है. छापेमारी अभियान में निरसा, गोविंदपुर और गल्फरबाड़ी ओपी के कई पुलिस बल शामिल थे. पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध धंधेबाजों के बीच हड़कंप है.

## भाजपा में टिकट पाने की शर्त कंघीधारी या बाहरी

सत्य शरण मिश्रा । रांची



- **कभी जेवीएम में रहे :** ढुल्लू महतो, कालीचरण सिंह, मनीष जायसवाल और संजय सेठ.
- **दूसरे दल में रहे :** अन्नपूर्णा देवी, अर्जुन मुंडा, ताला मरांडी, विद्युत वरण महतो, गीता कोड़ा व सीता सोरेन.
- **भाजपा के हैं :** निशिकांत दुबे और समीर उरांव. **अन्य :** वीडी राम

झारखंड में लोकसभा की 14 सीटें हैं. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 13 सीटों पर उम्मीदवार खड़ा किया है. एक सीट गिरिडीह सहयोगी दल आजसू को मिली है. भाजपा के बारे में कहा जाता है कि यह कार्यकर्ताओं की पार्टी है. यही एक ऐसा दल है, जिसमें पार्टी के वफादारों की वैल्यू है. इस बार टिकट बंटवारे के बाद भाजपा के भीतर ही इसे लेकर सवाल उठने लगे हैं. कहा जाने लगा है कि भाजपा में टिकट के लिए जरूरी है कि वह कंघीधारी हो या बाहरी. कंघीधारी मतलब झारखंड विकास मोर्चा (जेवीएम) में रहा हो, बाहरी मतलब दूसरे दलों से आया हो.

सभी 13 उम्मीदवारों पर नजर डालें, तो दो ही ऐसे उम्मीदवार दिख रहे हैं, जो खांटी भाजपाई हैं. एक गोड्डा से चुनाव लड़ रहे निशिकांत दुबे और दूसरे लोहरदगा से चुनाव मैदान में उतरे समीर उरांव. पलामू लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बीडी राम ब्यूरोक्रेट रहे हैं. राज्य के पूर्व डीजीपी रहे हैं. रिटायर होने के बाद वह भाजपा में शामिल हुए. लगातार दो बार चुनाव जीते और अब तीसरी बार मैदान में हैं.

बाकी बचे 10 उम्मीदवारों में हजारीबाग से मनीष जायसवाल, धनबाद से ढुल्लू महतो, चतरा से कालीचरण सिंह और रांची से संजय सेठ का नाम है. ये चारों नेता कभी न कभी जेवीएम के साथ रहे. जेवीएम के प्रमुख बाबूलाल मरांडी अभी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं.

शेष छह उम्मीदवारों की बात करें, तो खूंटी से अर्जुन मुंडा हैं. वर्ष 1999 में अर्जुन मुंडा झामुमो से भाजपा में आए थे. राज्य के मुख्यमंत्री भी रहे. कोडरमा से उम्मीदवार हैं अन्नपूर्णा देवी. अन्नपूर्णा देवी लंबे समय तक राजद में रहीं. वर्ष 2019 में वह भाजपा में शामिल हुईं और कोडरमा से सांसद बनीं.

जमशेदपुर से उम्मीदवार विद्युतवरण महतो पहले झामुमो में थे. इसी तरह दुमका से उम्मीदवार सीता सोरेन ने हाल ही में झामुमो छोड़ा है और सिंहभूम से भाजपा की उम्मीदवार गीता कोड़ा कांग्रेस से नाता तोड़ कर भाजपा में शामिल हुई हैं. राजमहल से उम्मीदवार बनाये गये ताला मरांडी भी पांच साल पहले भाजपा छोड़ गये थे. उन्होंने आजसू के टिकट पर चुनाव भी लड़ा था, पर हार गये थे.

## सोनारी में तेंदुआ दिखा, दहशत



संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के कदमा स्थित बायो डायवर्सिटी पार्क में तेंदुए की झलक मिलने के बाद से ही वन विभाग अलर्ट मोड पर है. वहीं वन विभाग ने लोगों को भी अलर्ट कर दिया है. इधर, सोमवार सुबह सोनारी नार्थ लेआउट में एक जानवर का क्षत-विक्षत शव पाए जाने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है. स्थानीय लोगों का मानना है कि तेंदुए द्वारा ही जानवर को खाया गया है. वहीं मौके पर लगे एक सीसीटीवी में भी एक जानवर की धुंधली तस्वीर सामने आई, जो तेंदुए की हो सकती है. इधर, जानवर के शव मिलने की सूचना वन विभाग को मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जानवर के शव को जांच के लिए अपने साथ ले गई. जांच के बाद ही साफ हो पाएगा की उसे तेंदुए ने खाया है या किसी और जानवर ने.

**अफवाहों पर ध्यान न दें : डीएफओ**

डीएफओ ने कहा कि जिस तरह से जानवर को खाया गया है उसे देखकर प्रतित होता है कि वह किसी तेंदुए द्वारा नहीं खाया गया है. ये कहा कि लोग किसी भी अफवाहों पर ध्यान ना दें.

**वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से आई टीम :** इधर, तेंदुए के कदमा क्षेत्र में होने की सत्यता के लिए वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से शहजादा इकबाल और पलामू टाइगर रिजर्व डॉ सुनील कुमार को बुलाया गया है. इनकी टीम द्वारा तेंदुए के पद चिन्ह की जांच की जाएगी. शहजादा इकबाल ने बताया कि बायोडायवर्सिटी पार्क में 10 और आस-पास के दो पार्क में 8-8 ऐसे स्थल को चिह्नित किया गया है, जहां मिट्टी डाली जाएगी.

### ढुल्लू, तीन विधायक व चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य भाजपा कार्यालय में जुटे

## ढुल्लू के विरोध पर भाजपा में भूचाल, मान-मनौव्वल शुरू

संवाददाता। धनबाद

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ विरोध के उठते स्वर को देखते हुए पार्टी के दिग्गजों का शनिवार को धनबाद भाजपा कार्यालय में जुटान हुआ. प्रदेश संठगन मंत्री करमवीर सिंह के साथ बैठक में प्रत्याशी ढुल्लू महतो, निरसा विधायक अर्पणा सेन, चंदनकियारी विधायक अमर बाउरी व धनबाद विधायक राज सिन्हा और पूर्व सांसद पीएन सिंह भी शामिल थे. हालांकि इस बैठक को चुनाव प्रबंधन समिति की आम बैठक बताया जा रहा है, लेकिन असल में विरोध के उठते स्वर को मतदान से पहले ही खत्म करने का इरादा है. हालांकि बैठक के बाद पीएन सिंह बिना मीडिया से बात किये ही निकल गए, इस कारण चर्चाओं का बाजार एक बार फिर गर्म हो गया.

**धनबाद में विरोध के स्वर, डैमेज कंट्रोल में जुटा नेतृत्व :** बताते चलें कि बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो को धनबाद लोकसभा का प्रत्याशी बनाये जाने के बाद भाजपा की राजनीति में अचानक भूचाल सा आ गया. विरोध के कई स्वर उठे. खुद पीएन सिंह के समर्थकों ने खुलकर विरोध जता दिया. इसके अलावा जिले के कई दिग्गज भाजपाइयों ने भी खुलकर समर्थन करने की बात अब तक नहीं कही है. जातीय समीकरण, बाहरी-भितरी समेत कई मुद्दों पर धनबाद संसदीय क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है. ऐसे में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने आकर माहौल और गर्म कर दिया.

मौके पर चंदनकियारी के विधायक अमर बाउरी ने कहा कि अबकी बार चार सौ पार के नारे को अमली जामा पहनाना है. जब उनसे सरयू राय के चुनाव लड़ने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े सूरमा बह गए, कोई भी चुनाव लड़ेगा तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा.

### मीडिया से बिना मिले ही चले गये पीएन सिंह, फिर से चर्चाओं का बाजार गर्म



धनबाद भाजपा कार्यालय में चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में पीएन सिंह, ढुल्लू महतो, राज सिन्हा व अन्य.

### सरयू के प्रति ढुल्लू के तेवर नरम, कहा-अभिभावक हैं, चाहें तो चुनाव लड़ सकते हैं

भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि धनबाद के सभी भाजपा कार्यकर्ता एकजुट हैं. कहीं कोई विरोध नहीं है. सिर्फ विपक्ष के लोग अफवाहों का बाजार गर्म कर रहे हैं. सरयू राय के धनबाद से चुनाव लड़ने को लेकर जब उनसे सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि सरयू राय उनके अभिभावक हैं और वे चाहें तो चुनाव लड़ सकते हैं.



## सरयू- ढुल्लू प्रकरण में गैंगस्टर प्रिंस खान की इंट्री

**सरयू राय-कृष्णा अग्रवाल को चेताया- राजनीति से हमको मत जोड़ो, कहा-महतो है ढुल्लू इसलिए हो रहा विरोध, चार नरसंहार करनेवाला पूजा कर जेल गया है क्या?**

रिजवान शम्स। धनबाद

भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो और सरयू राय प्रकरण में अब गैंगस्टर प्रिंस खान की भी इंट्री हो गई है. एक ऑडियो तेजी से वायरल हो रहा है. बताया जा रहा है कि ऑडियो में गैंगस्टर प्रिंस खान की आवाज है. इस ऑडियो में प्रिंस खान कह रहा है कि मैंने देखा, सोशल मीडिया के माध्यम से देखा कि सरयू राय और कृष्णा अग्रवाल राजनीति कर रहे हैं, मेरा नाम लेकर ,लेकिन मेरे चूल्हे में सिर्फ रक्तनीति की रोटी सेंकी जाती है, राजनीति की नहीं. अगर राजनीति करना है, तो अपना पार्टी का मुद्दा उठा कर करो, मुझे बीच में मत लाओ, नहीं तो सर पर जो बाल बचा है, वो भी उखाड़ देंगे. गैंगस्टर ने ऑडियो में कहा कि ढुल्लू को टिकट मिलने का तकलीफ है, क्योंकि वो महतो है. अपराधी सिर्फ ढुल्लू महतो है क्या, चार का नरसंहार कर जो विधायक जेल में है, वो पूजा कर जेल गया है क्या, मेरे प्रति राजनीति मत करना, तुम लोगों की औकात नही कि प्रिंस खान को रोक दो. प्रिंस खान खुद ही रुक सकता है, दोबारा सुने तो फिर अंजाम बुरा होगा.



**सरयू राय और अग्रवाल को मिले सुरक्षा, ढुल्लू की छवि सामने :** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने बयान जारी कर कहा है कि एक ऑडियो गैंगस्टर प्रिंस खान के नाम से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संरक्षक सरयू राय के नाम धमकी भरा है. इसका हम विरोध करते हैं और इसकी अविलंब जांच कर कार्रवाई हो. धनबाद की जनता जाने कि आनेवाले समय में उनके साथ क्या होने वाला है. आने वाले दिन में जो होना है, यह ऑडियो उसका नमूना है. इस तरह के प्रत्याशी की चर्चा से लोग भयभीत हैं. भारतीय जनता पार्टी की यही गारंटी का पता चल गया. संरक्षक सरयू राय और कृष्ण अग्रवाल की सुरक्षा की व्यवस्था सरकार तत्काल करे. धनबाद के लोग अपनी सुरक्षा के लिए राजनीतिक पार्टी के लोक लुभावने जाल में न फंसे, बल्कि अपने मताधिकार का प्रयोग अपनी सुरक्षा के लिए आने वाले समय के लिए करें. प्रदेश की सरकार को त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए और ऐसी शक्तियों का फन कुचलना चाहिए.

## गैंगस्टर अमन साहू व नक्सली प्रभात फायरिंग मामले में बरी

### धनसार इंजीनियरिंग के सीईओ पर फायरिंग मामले में मिली रिहाई

संवाददाता। धनबाद

जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू व नक्सली कमांडर बाबूलाल तूरी उर्फ प्रभात जी उर्फ शंकर को धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह की अदालत ने शनिवार को एक मामले में बरी करने का आदेश दिया है. दोनों के खिलाफ धनसार इंजीनियरिंग के सीईओ पर फायरिंग करने का आरोप था. लेकिन अभियोजन उनके खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य नहीं दे पाया. खुद सीईओ ने भी दोनों आरोपियों की टीआईपी में पहचान नहीं की थी. अमन साहू फिलवक्त मेदनीपुर जेल में, जबकि प्रभात रांची के होटवार जेल में बंद है. दोनों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश किया गया था.अमन साहू के विरुद्ध झारखंड के विभिन्न जिलों में हत्या, रंगदारी, जानलेवा हमला, प्रतिबंधित हथियार रखने, नक्सली गतिविधियों मे शामिल रहने के कुल 99 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि प्रभात के खिलाफ फिलहाल चार मामले हैं. धनसार इंजीनियरिंग में फायरिंग मामले में सीईओ अमरेंद्र नारायण झा की लिखित शिकायत पर बैंक मोड़ थाने में 18 अक्टूबर 2015 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी.

प्राथमिकी के मुताबिक 18 अक्टूबर 2015 की सुबह साढ़े नौ बजे सीईओ अपने ड्राइवर के साथ आवास से ऑफिस जाने के लिए निकले थे. धोवाटांड़ में टाटा मोटर्स के समीप वह गाड़ी से उतरकर एक व्यक्ति का इंतजार करने लगे, तभी अज्ञात हमलावरों ने उनके ऊपर गोली चला दी. जान बचाने के लिए जब वह भागने लगे लगे तो हमलावरों ने पीछे से भी गोली चलाई. अनुसंधान के बाद पुलिस ने 12 मार्च 2016 को दोनों के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था. नौ मई 2019 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी.

**99 मुकदमों में आरोपी है**

**कुख्यात अमन साहू, प्रभात के खिलाफ हैं चार मामले**



### सबूत नहीं दे पाई पुलिस

मामले में पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में पर्याप्त साक्ष्य नहीं दे पाई. वारदात का कारण लेवी बताया गया था, लेकिन इस बात का साक्ष्य पुलिस नहीं दे पाई. जबकि खुद पीड़ित ने टीआईपी में इनकी पहचान नहीं की. बचाव पक्ष की ओर से लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने दोनों आरोपियों को बरी करने का फैसला सुनाया.

## किराये के मकान से 12 साइबर अपराधी धराये

संवाददाता। मेदिनीनगर

जिले के सदर थाना क्षेत्र के चियांकी के राइस मील के पास एक किराये के मकान से 12 साइबर अपराधियों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया. पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से 23 मोबाइल, आठ कंप्यूटर समेत कई इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद किये हैं. पुलिस गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ कर रही है. पुलिस जानकारी ले रही है कि इस गिरोह ने अब तक कितने लोगों को अपना शिकार बनाया. शुरुआती जांच में पता चला है कि साइबर अपराधी गिरोह का विदेशी कनेक्शन है. पलामू पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र के चियांकी इलाके में एक किराये के मकान में कुछ संदिग्ध लोग कई दिनों से रह रहे हैं. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सदर थाना की पुलिस ने छापेमारी की. पुलिस को देखते ही साइबर अपराधी भागने लगे, लेकिन पुलिस की टीम ने साइबर अपराधियों को घेर कर पकड़ लिया.

## नए प्रेमी के साथ मिल कर दिव्यांग प्रेमी की कर दी हत्या

संवाददाता। हजारीबाग

पेलावल थाना पुलिस ने शनिवार सुबह छड़वा डैम के पास से एक दिव्यांग युवक का शव बरामद किया. शव काफी सड़ा-गला और प्लास्टिक के थैले में बंद था. मृतक की पहचान जमशेदपुर जिले के बिरसानगर निवासी शैलेंद्र कुमार के पुत्र प्रशांत कुमार सिन्हा (38) के रूप में की गई है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, लोहसिंहना थाना क्षेत्र की रहनेवाली युवती के साथ पांच वर्षों से युवक का प्रेम-प्रसंग चल रहा था.

युवक बैडमिंटन खिलाड़ी था और प्रेम जाल में फांस कर युवती उससे पैसे ऐंठती थी. करीब 10 दिन पूर्व देवघर जाने के नाम पर युवती ने उसे हजारीबाग बुलाया. इसके बाद अपने नये प्रेमी के साथ मिल दिव्यांग युवक की गला दबा कर हत्या कर दी. इसके बाद प्लास्टिक के थैले में शव को डाल कर कल्लु चौक स्थित गोशाला के बाद छुपा दिया. जब शव से काफी दुर्गंध आने लगा, तो नये प्रेमी की मदद से शव को छड़वा डैम के पास फेंक दिया. पुलिस ने कांड का त्वरित उद्भेदन करते हुए आरोपी युवती काजल कुमारी और उसके नये प्रेमी रौनक कुमार को गिरफ्तार कर लिया है. वहीं, शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है.

**जघन्य अपराध**



- **जमशेदपुर के युवक का हजारीबाग में मिला सड़ा-गला शव**

**लॉटरी का अवैध कारोबार -18** धनबाद स्टेशन रोड पर सिर्फ दिखावे के लिए खोल रखी है दुकान

## मोबाइल रिचार्ज दुकान की आड़ में अवैध कारोबार कर रहा खुर्शीद

संवाददाता । धनबाद

अवैध लॉटरी कारोबारियों ने अपने कारोबार को फैलाने व पुलिस के साथ-साथ सीआईडी से बचने के लिए कई तरह की तरकीब अपना रहे हैं. कभी दुकान बंद कर कुछ लड़के रखते हैं और उससे घूम-घूम कर जेब में रखकर लॉटरी बिक्री कराते हैं. इसके एवज में उसे कमीशन देते हैं. वहीं दूसरी धनबाद स्टेशन रोड पर एक दुकानदार खुर्शीद ऐसा भी है, जो मोबाइल रिचार्ज दुकान की आड़ में अवैध लॉटरी का कारोबार कई महीनों से कर रहा है, लेकिन अब सीआईडी की टीम को किसी ने खुर्शीद का नाम व पता बता दिया है. खुर्शीद किससे लॉटरी खरीदता है और कहां बिक्री करता है. उसके दुकान पर भीड़ नहीं के बराबर होती है. ताकि लोगों को भनक तक नहीं लगे. कई बार फोन पर भी लॉटरी ग्राहकों के लिए बुक कर लेता है. ग्राहक जो नंबर बताता है, वही नंबर दुकानदार बुक कर अलग रख देता है. खुर्शीद की दुकान धनबाद स्टेशन रोड पर हनुमान मंदिर के सामने है, जो मोबाइल रिचार्ज के नाम पर दिखावा के लिए खोल रखी है. जब कोई सामान्य ग्राहक मोबाइल रिचार्ज जाता है, तो उससे खुर्शीद या उसके भाई कहते हैं कि अभी रिचार्ज नहीं होगा, बाद में होगा. मोबाइल में बैलेंस कम है.

**पुलिस और सीआईडी की आंखों में धूल झोंक चार भाई मिलकर कारोबार कर रहे हैं**

### हॉकर से डीलर बन गया खुर्शीद



सूत्रों के अनुसार खुर्शीद पांच साल पहले हॉकर था, जो दूसरे की लॉटरी खरीद कर बेचने का कारोबार करता था. पहले पुलिस ने कई बार छापामारी कर पकड़ी थी, लेकिन सेटिंग कर वह छुट गया. देखते ही देखते खुर्शीद पांच साल में हॉकर से डीलर बन गया है. अब वह खुद लॉटरी छपवाता है और हॉकरों से बिक्री कराता है. लोग कहते हैं उसके साथ मिलकर सैकड़ों हॉकर अपना कारोबार कर रहे हैं. ये सभी हॉकर पुराना बाजार, हीरापुर, सरायढेला, बरटांड़, बेकारबांध, बाबूडीह समेत कई इलाकों में घूम-घूम कर बेचते हैं.

### सीआईडी की छापामारी के बाद बदला कारोबार का तरीका

सूत्रों के अनुसार सीआईडी की छापामारी के बाद कारोबारियों ने अवैध लॉटरी के कारोबार का तरीका बदल दिया है. दुकानदार फूंक-फूंक कर कदम रख रहे हैं. वे लोग नए धंधेबाजों को लॉटरी नहीं दे रहे हैं, जो पुराने हॉकर उन्हीं को बिक्री करने की आजादी है. पुराने कारोबारी भी डीलरों को यही तर्क दे रहे हैं कि नए को धंधे में शामिल मत कीजिए, नए कारोबारियों पर डीलरों के साथ-साथ पुराने धंधेबाजों को विश्वास नहीं है. लोगों का कहना है कि सीआईडी की छापामारी के बाद कारोबार प्रभावित हुआ है, लेकिन पूरी तरह से अंकुश नहीं लग सका है.

## पांच लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

- चुनावों में सुरक्षा बलों को क्षति पहुंचाने की बना रहा था योजना

आशीष टैगोर। लातेहार

लातेहार पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने माओवोदियों के पांच लाख रुपये का इनामी सब जोनल कमाडंर को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है. शनिवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि 29-30 मार्च की मध्य रात्रि गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादियों के रीजनल कमेटी सदस्य छोटू खेरवार का दस्ता गारू थाना क्षेत्र के लोहरगढ़ा व मिरचइया के जंगलों में एकत्रित हो रहे हैं. सूचना की सत्यापन के बाद एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ वेंकेटश कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया.



### पुलिस को देखते ही माओवादी भागने लगे

छापामारी दल लोहरगढ़ा व मिरर्चया के जंगल में पहुंची. इसी दौरान पुलिस को देखते ही दस्ता में शामिल लोग भागने लगे, लेकिन एक व्यक्ति दस्ता से बिछड़ गया. पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया. सख्ती के क्रम में उसने बताया कि वह नागेश्वर भोक्ता उर्फ नागेश्वर गंझू उर्फ नेशनल भुइयां उर्फ जीनियस है. उसका घर झीरमतकोमा, बारियातू लातेहार है. एसपी ने बताया कि वह माओवादियों का पांच लाख रुपये का इनामी सब जोनल कमांडर है. हालांकि उसके पास से कोई हथियार पुलिस को बरामद नहीं हुआ है.

### 11 मामले दर्ज हैं


एसपी ने बताया कि नागेश्वर भोक्ता पर लातेहार जिले के विभिन्न थानों में कुल 11 मामले 17 सीएलए एक्ट, यूएपीए व आर्म्स एक्ट की धाराओं में दर्ज है. इनमें नेतरहाट थाना में एक, गारू थाना में दो, बारेसांढ़ थाना में पांच और महुआडांड़ थाना में तीन मामले दर्ज हैं. उन्होंने बताया कि अन्य जिलों में भी इसके खिलाफ मामले दर्ज हैं. गारू व बारेसांढ़ और महुआडांड़ क्षेत्र में पुलिस के साथ हुई कई मुठभेड़ की घटनाओं मे नागेश्वर भोक्ता शामिल रहा है.

## ए-वन श्रेणी होने के बावजूद नहीं मिलती है नई ट्रेन, दुरंतो-पारसनाथ एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें छिन गईं

# 2014 से लगातार नंबर वन धनबाद रेल मंडल उपेक्षा का शिकार

राजा गुप्ता । धनबाद

भारतीय रेलवे में 74 रेल मंडलों में धनबाद रेल मंडल 2014 से लगातार नंबर वन पर है, लेकिन यात्री सुविधा के मामले में पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के आसनसोल रेल मंडल के दर्जनों स्टेशनों से पीछे हैं. आसनसोल स्टेशन पर जितनी सुरक्षा व सफाई है, उतनी धनबाद स्टेशन पर नहीं है. जबकि धनबाद स्टेशन को ए-वन श्रेणी का दर्जा मिला हुआ है. इसे विश्वस्तरीय स्टेशन यानी वर्ल्ड क्लास का स्टेशन बनाने की घोषणा की गई है, जो इंटरनेशन एयरपोर्ट पर सुविधा व सुरक्षा दी जाती है. रेलवे इस स्टेशन पर 500 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है, ताकि देशभर से आनेवाले यात्रियों के साथ-साध धनबादवासियों को हाईटेक सुविधा मिल सके, लेकिन एक



साल से धरातल पर कोई काम शुरू होता नहीं दिख रहा है. फिलहाल धनबाद रेल मंडल को ए-वन श्रेणी होने के बावजूद न तो नई ट्रेन मिल रही है और ना ही हर प्लेटफॉर्म पर एस्केलेटर समेत कई हाईटेक सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है. हावड़ा-नई दिल्ली दुरंतो एक्सप्रेस और पारसनाथ एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें धनबाद रेल मंडल से छिन गई, लेकिन रेलवे के अधिकारी उसे रोक नहीं सके. जनप्रितिनिधि भी नई ट्रेन की मांग पूरी नहीं कर सके और छीनने से दूसरी महत्वपूर्ण ट्रेनों को बचा सके. धनबाद-हावड़ा के बीच चलनेवाली भारतीय रेलवे की पहली डबल डेकर ट्रेन को भी सही से चला नहीं सके और कुछ ही महीनों बाद उसे रेलवे बोर्ड को काफी घाटा होने व यात्री नहीं मिलने से बंद करना पड़ा.

### 400 में 50 ट्रेनों में एस्कोर्ट पार्टी तक नहीं

जानकारी के अनुसार रेलवे के अधिकारी भी कमाई के पीछे रहते हैं. उन्हें यात्री सुविधा से कोई मतलब नहीं रह गया है. वे इस बार 31 मार्च तक 200 मिलियन टन पार कर माल ढुलाई के साथ-साथ 26000 करोड़ के आसपास आमदनी पहुंचाना चाहते हैं. दूसरे नंबर पर जबलपुर, तीसरे नंबर पर खुर्दा और चौथे नंबर पर चक्रधरपुर है. रेलवे के अधिकारी कहते हैं आजादी के बाद से जबलपुर रेल मंडल ही हर साल नंबर वन का खिताब हासिल करता था. दूसरे नंबर पर चक्रधरपुर और तीसरे नंबर पर धनबाद रेल मंडल होता है, लेकिन अधिकारियों व कर्मियों की मेहनत व लगन के कारण भले ही धनबाद रेल मंडल नंबर वन का खिताब जीतने में महारथ हासिल कर ली, लेकिन यात्रियों को जरूरत के हिसाब से सुविधाएं व सुरक्षा नहीं दिला सके. यहां तक की धनबाद रेल मंडल से होकर गुजरनेवाली 400 ट्रेनों में 50 में भी एस्कोर्ट पार्टी नहीं रहती है. जिसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी होती है. चोरी, छिनतई, लूट व छेड़खानी आदि कई तरह की आपराधिक घटनाएं हमेशा होती है. आरपीएफ-जीआरपी के अधिकारी व जवान भी स्टेशनों व ट्रेनों में औचक निरीक्षण नहीं करते हैं. कभी कभार मंत्री या रेलवे के आला अधिकारी आने पर खानापूर्ति कर देते हैं.

### सभी प्लेटफॉर्म पर पानी व शौचालय की सुविधा नहीं

लोगों का कहना है कि धनबाद स्टेशन ए-वन श्रेणी होने के बावजूद साल में 11 महीने एस्केलेटर-लिफ्ट बंद रहता है. यहां एक से आठ नंबर तक प्लेटफॉर्म है, लेकिन सभी जगहों पर पानी व शौचालय की सुविधा नहीं है. अधिकारी भी ध्यान नहीं देते हैं. रेलवे बोर्ड हो या फिर ईसीआर हाजीपुर जोनल कार्यालय, यहां से आनेवाले आला अधिकारी भी एक से तीन नंबर प्लेटफॉर्म तक हीं निरीक्षण कर लौट जाते हैं. निरीक्षण के बाद बड़े-बड़े दावे करते हैं, लेकिन वह दावा आजतक पूरा नहीं हो सका है. गर्मी के मौसम में प्लेटफार्म के नलों से पानी नहीं मिलने पर यात्रियों को काफी परेशानी होती है.

# पुलिस ने 70 मवेशियों से लदे कंटेनर को पकड़ा, तीन गिरफ्तार

संवाददाता । गोमो

हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच पर स्थित सतकिरा चेक पोस्ट पर शनिवार अहले सुबह चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान पुलिस ने 70 मवेशियों से लदे एक कंटेनर को पकड़ा. पुलिस ने मौके पर कंटेनर चालक मोहम्मद शरीफ ( डुमरिया बांका, बिहार), खलासी मो. नसीम कुरैशी (मुरादाबाद, सासाराम) और तस्कर एजाज कुरैशी (खुरमाबाद , सासाराम) को गिरफ्तार कर लिया. तस्करों ने बताया कि उन्होंने मवेशियों को सासाराम (बिहार) के खोरमाबाद से लोड किया था और पश्चिम बंगाल के इलाम बाजार और पानागढ़ ले जा रहे थे.

**मवेशियों की स्वास्थ्य जांच :** थाना प्रभारी गिरधर गोपाल ने बताया कि हरिहरपुर थाना पुलिस की सक्रियता



से सतकिरा चेक पोस्ट पर 70 मवेशियों से लदे कंटेनर को पकड़ा गया है. बताया कि पकड़े गये सभी मवेशियों को हरिहरपुर थाना गोमो लाया गया. इसके बाद थाना परिसर में सभी को चारा-पानी दिया गया. कई मवेशियों की हालत खराब है और चल नहीं पा रहे हैं. ऐसे में पुलिस ने थाना परिसर में ही पशु चिकित्सक को बुलाकर सभी मवेशियों की स्वास्थ्य की जांच करायी गयी. कहा गया कि पुलिस आगे की कार्रवाई के लिए जांच कर रही है.

## ब्रीफ खबरें

### एक ही रात तीन घरों का ताला तोड़कर चोरी

**बरोरा/बाघमारा।** भीमकनाली स्थित बीसीसीएल के तीन क्वार्टरों का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी सहित लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ किया.घटना शुक्रवार देर रात की बताई जाती है . सुबह जब पड़ोसियों की नींद खुली तो बंद आवासों का ताला टूटा देख बाघमारा पुलिस को सूचना दी.सूचना पाकर पहुंची पुलिस को लोगों ने बताया कि भुक्तभोगी मंगल सिंह तथा मुनेश्वर मोहली आवासों में ताला बंद कर होली से पूर्व परिवार सहित अपने अपने गांव गया हुए हैं. इस दौरान चोरों ने उनके घर में चोरी कर ली.

### बाल विवाह के खिलाफ बालिका फुटबॉल संपन्न

**महुदा।** बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को गर्ल्स नॉट ब्राइट्स एवं आशा द्वारा बालिकाओं के बीच फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया. मैच कंचनपुर मैदान में खेला गया. मैच में पांच किशोरी मण्डल के बालिकाओं ने भाग लिया.अंत में सभी बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया. इस दौरान झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक एवं बाल कल्याण समिति बोकारो के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि आज गांव की बच्चियां भी बाल विवाह के खिलाफ आवाज बुलंद कर रही है.

### गांजा तस्कर दोषी करार, सजा छह को

**धनबाद।** 84 किलो गांजा के साथ रंगे हाथों धराये सोनू कुमार सिंह एवं उमाशंकर दास को अदालत ने दोषी करार दिया है. धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा की अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 6 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है. प्राथमिकी के मुताबिक 9 जून 2019 को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि ओडिशा से कार में गांजा तस्करों द्वारा ले जाया जा रहा है. चेकिंग लगाई गई. चेकिंग के दौरान क सेंट्रो कार को रोका, जिसमें दो लोग बैठे थे, कार की जांच में बोरे में भरा हुआ 84 किलो गांजा बरामद किया गया था.

### लोक अदालत में 28 वादों का निपटारा किया

**धनबाद।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष राम शर्मा के निर्देश पर व्यवहार न्यायालय धनबाद में शनिवार को लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट धनबाद में किया गया. इस बाबत बताते हुए अवर न्यायाधीश सह प्रभारी सचिव डालसा सफदर अली नायर ने बताया कि लोक अदालत में कुल 9 बेंचों का गठन किया गया, जिसमें 28 वादों का निपटारा कर 38 लाख 17 हजार 69 रुपए की रिकवरी की गई.

## अपराध व नक्सल प्रभावित इलाके में हैं 189 स्टेशन

# अब मुकाबला करेंगे आरपीएफ आरपीएसएफ के 'कोबरा कमांडो'

संवाददाता । धनबाद



आनेवाले दिनों में धनबाद रेल मंडल के ग्रैंडकॉर्ड व सीआईसी सेक्शन में अपराधियों और नक्सलियों का सीधा मुकाबला आरपीएफ व जीआरपी के सामान्य जवानों व अधिकारियों से नहीं. बल्कि आरपीएफ व आरपीएसएफ के कोबरा कमांडो से होगा. आरपीएफ व आरपीएसएफ के जवानों को जम्मू-कश्मीर में कोबरा कमांडो की ट्रेनिंग दी जा रही है, जो सीआरपीएफ जवानों को दी जाती है. ट्रेनिंग पूरी होते ही कोबरा कमांडो की एक कंपनी रेलवे के उन क्षेत्रों में भेजी जाएगी, जो पूरी तरह से नक्सल प्रभावित है.

रेलवे सूत्रों के अनुसार धनबाद रेल मंडल के बरकाकाना-सिंगरौली, गोमो-बरकाकाना और गोमो-गया रेलखंड के बीच अधिकतर रेलवे स्टेशन नक्सल प्रभावित है, जहां रेलवे की ओर से नई रेल लाइन बिछाने, फ्लाई ओवर बनाने, नदी पुल ब्रिज बनाने के दौरान नक्सली रोड़ा बनते हैं. भाकपा माओवादी के हार्डकोर नक्सली व सदस्य लेवी की मांग को लेकर निर्माण के दौरान पोकलेन, जेसीबी समेत कई मशीने जला देते हैं. जब उन्हें ठेकेदार की ओर से लेवी मिल जाती है तो काम करने की इजाजत दे देते हैं. नक्सल प्रभावित इलाकों में नक्सलियों की इजाजत के बगैर रेलवे कोई भी काम ठेकेदारों से नहीं करा पा रहा है. जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं. बरकाकाना-कोडरमा नई रेल

### खास बातें

- 24 साल से ट्रेन में एस्कोर्ट नहीं कर रही जीआरपी
- कुछ गिने-चुने ट्रेनों में रहते हैं आरपीएफ-आरपीएसएफ

लाइन और कोडरमा-मधुपुर रेल लाइन बिछाने में भी रेलवे को ऐड़ी चोटी एक करनी पड़ी थी. रेलवे लाइन बिछाने में रेलवे को 26 साल लग गए, तब जाकर इस लाइन पर ट्रेनें चल रही है.

धनबाद रेल मंडल के अपराध व नक्सल प्रभावित क्षेत्र में 189 रेलवे स्टेशन है. इन स्टेशनों से होकर लगभग 400 ट्रेनों से गुजरती है, लेकिन किसी भी ट्रेन में नक्सलियों के डर से 24 साल से ट्रेन में जीआरपी एस्कोर्ट नहीं कर रही है. रेलवे सूत्रों के अनुसार हावड़ा व सियालदह राजधानी समेत कुछ गिने-चुने ट्रेनों में आरपीएफ-आरपीएसएफ के पदाधिकारी व जवान एस्कोर्ट करते हैं. जबकि रेलवे बोर्ड का आदेश है कि सभी ट्रेनों में एस्कोर्ट पार्टी रहेंगे. अपराधियों व नक्सलियों की गतिविधि पर पैनी नजर रखेंगे. विशेष ट्रेनिंग के साथ-साथ जल, जमीन व पहाड़ पर नक्सलियों से लड़ने की ट्रेनिंग आरपीएफ, जीआरपी व आरपीएसएफ को नहीं मिलने से दिक्कत होती है. कोबरा कमांडो की ट्रेनिंग पूरी तरह से स्टेशन के बगल में जंगल में जाकर नक्सलियों से लड़ाई लड़ने के लिए दी जा रही है. कोबरा कमांडो की कंपनी आने के बाद नक्सलियों को काफी दिक्कत होगी. वे रेलवे के विकास कार्य में बाधा नहीं पहुंचा सकेंगे.

### एक कंपनी ट्रेनिंग लेकर कर रही एस्कोर्ट

आरपीएफ के अनुसार धनबाद रेल मंडल में फिलहाल आरपीएफ-आरपीएसएफ की एक कंपनी को पूर्व में सामान्य कमांडो की ट्रेनिंग मिल चुकी है, जो राजधानी समेत कई ट्रेनों में एस्कोर्ट करते हैं. कमांडो में महिला-पुरुष जवान दोनों शामिल है. धनबाद रेल मंडल से होकर गुजरनेवाली राजधानी एक्सप्रेस में आरपीएफ-आरसीएसएफ जवान कमांडो की ट्रेनिंग लेकर अत्याधुनिक हथियार के साथ एस्कोर्ट कर रहे हैं. यात्रियों का कहना है कि राजधानी समेत कई एक्सप्रेस व मेल ट्रेनों में रात में जवान रहते हैं. जिसके कारण यात्री बेखौफ होकर सफर करते हैं.

## वाहनों पर लगी काली फिल्मों को हटाने के साथ ही साथ जुर्माना भी वसूला

# सुलझ जाएगी जाम की समस्या : डीएसपी

संवाददाता । धनबाद

धनबाद के यातायात डीएसपी अरविंद कुमार सिंह ने शनिवार को शहर के मेमको मोड़ में वाहन जांच अभियान चलाया. इस दौरान वाहनों पर लगी काली फिल्मों को हटाया गया और उनसे जुर्माना भी वसूला गया. बाइक पर पिछली सीट पर बैठने वालों को अभी सिर्फ हिदायत दी गई कि वे भी हेलमेट का प्रयोग करें, नहीं तो उन्हें भी जुर्माना लगाया जाएगा. बताते चलें कि जिले में यातायात के दौरान रोड जाम की समस्या एवं पार्किंग को लेकर पुलिस उपाधीक्षक यातायात ने पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार को बैठक भी की थी. शहर के अति व्यस्तम सड़कों पर लगने वाली जाम की समस्या से जनता को जल्द मुक्त कराने की दिशा में काम करने को कहा.

**नियम उल्लंघन पर होगी कार्रवाई :** जिले में बढ़ते सड़क हादसों के मद्देनज़र दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट लगाने की अपील करते हुए डीएसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि यातायात नियमों के तहत दो



### खास बातें

- यातायात डीएसपी ने चलाया वाहन जांच अभियान
- हेलमेट नहीं पहनने वालों को दी गई हिदायत

पहिया वाहन के चालक के साथ साथ पीछे बैठे सवारी को भी हेलमेट पहनना अनिवार्य है. यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई के निर्देश दिया है. इसके साथ जिले के कई क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया.सिटी सेंटर, बेकारबाँध, लुबी सर्कुलर रोड, मेमको मोड़, स्टील गेट, कचहरी रोड व रणधीर वर्मा चौक पर लगातार जांच अभियान चलाया जाएगा. शनिवार को 50 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 85 हजार रपये का चालान काटा गया. एलसी रोड पर नो पार्किंग एरिया में ख़डी एक कार को टोचन कर थाने लाया गया. जांच के दौरान ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, पोलुशन सर्टिफिकेट समेत अन्य कागजातों की जांच की गई. वाहन चालकों से नशा का सेवन कर वाहन न चलाने की अपील भी की.

### ग्राम रक्षा दल के सदस्य की हत्या में एक धराया

**धनबाद ।** टुंडी थाना क्षेत्र में घटित ग्राम रक्षा दल के सदस्य शंकर दे की हत्या के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी बादल कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज गया है. वारदात की रात शंकर दे खाना खा कर शहरपुरा चेक पोस्ट पर ड्यूटी के लिए निकले थे तभी अपराधियों द्वारा गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी.इस संबंध में पूर्वी टुण्डी थाना में मामला दर्ज किया गया था. अनुसंधान के बाद प्राथमिकी अभियुक्त पंकज दास, संतोष कुम्हार, रमेश सिंह उर्फ राजू और गोविन्द महतो को जुलाई 2023 में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था.

# चार अप्रैल तक लाइसेंसी आर्म्स थाना में जमा कराने का निर्देश

संवाददाता । धनबाद

लोकसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सभी थाना प्रभारियों को चार अप्रैल तक उनके क्षेत्र के लाइसेंसी आर्म्स धारकों के आर्म्स का सत्यापन कर, उसकी रिसीविंग देकर, आर्म्स को थाना में जमा लेने का निर्देश दिया है.साथ ही वैसे आर्म्स लाइसेंस धारी जो अन्य जिला एवं राज्य से निर्गत आर्म्स लाइसेंस पर शस्त्र धारण कर रहे हैं तथा धनबाद जिला में निवास करते हैं उनको भी निर्देश दिया है कि वे चार अप्रैल तक अपने-अपने लाइसेंसी आर्म्स स्थानीय थाना में सत्यापन कराकर जमा कराना सुनिश्चित करेंगे.

**कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी :** उपायुक्त ने कहा कि चार अप्रैल तक लाइसेंसी आर्म्स को स्थानीय थाना में जाम नहीं किए जाने की स्थिति में शस्त्र अधिनियम 1959 एवं 2016 के सुसंगत प्रावधानों के तहत लाइसेंस को निलंबित या रद्द करने की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी.

## चन्द्रप्रकाश को फिर प्रत्याशी बनाए जाने पर आजसू में उत्साह

# आजसू कार्यकर्ताओं ने अग्रिम बधाई दी

संवाददाता । कतरास

सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को एनडीए गठबंधन से गिरिडीह लोकसभा से पुनः प्रत्याशी बनने पर बाघमारा आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है.धनबाद जिला प्रधान सचिव सह सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी सहित दर्जनों कार्यकताओं ने सीपी चौधरी को पुष्प गुच्छ देकर जीत की अग्रिम बधाई दी एवं इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त किया. वहीं रामा शंकर तिवारी सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो सहित संसदीय बोर्ड के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया.

**ये थे उपस्थित:** मौके पर खुशी जाहिर करने वाले केन्द्रीय सदस्य



मनीष सिंह, प्रखण्ड अध्यक्ष राकेश गयाली, प्रखण्ड सचिव प्रेम कुमार तिवारी, मुखिया कुन्दन रजक, आशीष तिवारी, विकाश सरकार, सुमन पाण्डेय, टिकू महतो, राजेश उरांव, बबलू सिंह, मिथुन बाऊरी, अजय पासवान, विशाल कुमार, जितन नापीत, ओम पाण्डेय, गौतम गोप, गोल्डन तिवारी, किशोर नापीत, संजय महतो, मुकेश महतो, अनीश सिंह मुकेश रवानी, विक्की गुप्ता, दीपक कुमार, पुनीत रविदास, राजेश कुमार, मनोज पाण्डेय, बिल्लू सिंह, बिट्टू बाऊरी, जनार्दन गोप, मो. डब्लू, मुकुंद यादव उपस्थित थे.

### जीत सुनिश्चित है

रामा शंकर तिवारी ने कहा कि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी का गिरिडीह लोकसभा से जीत सुनिश्चित है. सांसद ने गिरिडीह की जनता के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित किया है.

### रिटायर आर्मी मैन को सात वर्ष कैद की सजा

**धनबाद ।** जान मारने की नीयत से अपने पड़ोसी पर गोली चलाने के आरोपी भूली निवासी रिटायर आर्मी मैन मनोज सिंह व उनकी पत्नी अनुराधा देवी को अदालत ने सजा सुनाई है. धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार की अदालत ने मनोज सिंह को सात वर्ष की कैद एवं पांच हजार रुपए जुर्माना एवं उनकी पत्नी अनुराधा देवी को तीन वर्ष की कैद एवं पांच हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है. अभियोजन का संचालन करते हुए अपर लोक अभियोजक सोनी कुमारी ने 16 गवाहों का परीक्षण कराया था. प्राथमिकी भूली निवासी निलेश कुमार राय की शिकायत पर भूली थाने में 18 अक्टूबर 17 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी.

## मैथन में ट्रकों के चालक, खलासी समेत 10 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ

# थाई मांगुर लदे तीन ट्रक जब्त

संवाददाता । मैथन

एसओजी की टीम ने मैथन पुलिस के सहयोग से शुक्रवार की रात मैथन टोल प्लाजा के समीप प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली लदे तीन ट्रकों को जब्त किया है. पुलिस ट्रकों के चालक, खलासी समेत 10 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी. पुलिस की इस कार्रवाई से मांगुर मछली के धंधेबाजों में हड़कंप है. बताया जाता है कि प्रतिबंधित मांगुर मछली के अवैध धंधे में वर्णवाल गुट, यादव गुट व मंडल गुट शामिल हैं, जो आपासी गठजोड़ से अवैध करोबार धड़ल्ले से कर रहे हैं. तीनों गुट के लोग अपने-अपने वाहनों को बंगाल से झारखंड की सीमा में टपाने की फिराक में थे. धनबाद के



एसएसपी एचपी जर्नादनन को इसकी गुप्त सूचना मिली.

उन्होंने तुरंत एसओजी टीम को कार्रवाई करने का निर्देश दिया. टीम ने अचानक मैथन टोल प्लाजा पहुंचकर जांच अभियान शुरू कर दिया. कार्रवाई से पहले टीम ने मैथन पुलिस को भनक तक नहीं लगने दी कि मांगुर मछली के

### खास बातें

- मछलियां बिहार और उत्तर प्रदेश ले जायी जा रहीं थीं
- पुलिस की कार्रवाई से धंधेबाजों में मचा हड़कंप

खिलाफ ऑपरेशन करना है. जानकारी के अनुसार, प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली बंगाल से मैथन के रास्ते बिहार व यूपी ले जाई जा रही थी. मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने बताया कि मस्त्य विभाग की टीम मछली का सैंपल लेकर गई है. जांच रिपोर्ट आने के बाद धंधेबाजों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

## 50 साल में पहली वार | गोधर काली बस्ती में लगाई गई जन चौपाल, लोगों ने रखीं समस्याएं

# सीओ,थानेदार पहुंचे, कहा- समस्याओं का करेंगे समाधान

संवाददाता । पुटकी

कोयला पर आश्रित होकर जीवन व्यतीत करनेवाले चर्चित गोधर काली बस्ती में शनिवार को पुटकी के अंचलाधिकारी व केंदुआडीह के थाना प्रभारी ने जन चौपाल लगाकर जनसमस्या सुनी. लोकसभा चुनाव के घोषणा पूर्व कांग्रेस के राहुल गांधी ने देश व्यापी यात्रा के दौरान अचानक काली बस्ती पहुंच लोगों से भेंट की थी.अब प्रशासन ने कोयला के धंधे के लिए जिले में नाम दर्ज करनेवाले बस्ती में चौपाल लगाकर एक पहल शुरू की है. बस्ती के 50 साल के इतिहास में पहली बार किसी ने 700 घरों के 7000 लोगों के बीच जाकर समस्याएं सुनी.



सीओ विकास आनन्द व थाना प्रभारी आर एन ठाकुर को उपस्थित जन समूह ने रोजगार, शिक्षा, पानी, स्वास्थ्य, भवन, झूठा केस दर्ज करने, सीआईएसफ की प्रताड़ना आदि समस्याओं से अवगत कराया.समस्या से जूझ रहे एक व्यक्ति ने सामूहिक रूप से वोट बहिष्कार की भी बात कह दी.जिसे सीओ ने गम्भीरता से लेकर उन्हें समझाया कहा कि समस्याओं के निदान के लिए वोट जरूर करें.उन्होंने कहा कि समस्याओं के निदान के लिए बीसीसीएल, आउटसोर्सिंग कम्पनी, माडा आदि से बात की जाएगी. इसका परिणाम जल्द देखने को मिलेगा. थाना प्रभारी आर एन ठाकुर ने कहा कि समस्या के निदान के लिये बस्ती के लोगो की एक कमेटी बनेगी. जो पुलिस की शांति व जनसहयोग समिति में भी रहेगी. उन्होंने मोटरसाइकिल से कोयला चोरी व गलत धाराओं में केस करने से बचने की भी अपील की.

### खास बातें

- लोगों ने रखी समस्याएं, कहा- बिना रोजगार के जीवन बेकार
- राहुल गांधी न्याय यात्रा के दौरान पहुंचे थे काली बस्ती

### मैनुवल कोयला लोडिंग का काम छीन लिया

चौपाल में पहुंचे सुधीर राम ने कहा कि मशीनीकरण ने बस्ती के लोग से मैनुवल कोयला लोडिंग का काम छीन लिया .बीसीसीएल कोयला का डीओ ऑफर काफी कम मात्रा में निकालता है. ऐसे में लोगों का पेट पालना दूभर है.विवश होकर भूमिहीन व बेरोजगार लोग ओबी से कोयला चुनकर बेचने पर विवश है. इसमे कई जान जा चुकी है और सीआईएसएफ भी प्रताड़ित करती है. अगर लोडिंग के लिए बस्ती के लोगों को काम मिले तो सभी समस्या का निदान सम्भव है.

### दो अप्रैल को मनाया जाएगा शहादत दिवस

**तेतुलमारी ।** बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र संख्या पांच के ईस्ट बसुरिया कोलियरी के बिहार कोलियरी कामगार यूनियन शाखा कार्यालय में शनिवार को बैठक आयोजित की गई. जिसकी अध्यक्षता टेकलाल महतो ने की .बैठक को संबोधित करते हुए शाखा सचिव भोला चौहान ने कहा कि दो अप्रैल को ईस्ट बसुरिया में दिवंगत कामरेड थामी मंडल, जगदीश मंडल और कादिर मियां का 51वां शहादत दिवस मनाया जाएगा.उन्होंने कहा कि कामरेड थामी मंडल, जगदीश मंडल और कादिर मियां के शहादत को धनबाद कभी भूला नहीं सकता. इन लोगों ने धनबाद में दबंगों और माफिया के खिलाफ मजदूरों के हित में चलाए जा रहे आंदोलन में अग्रिम भूमिका निभाई थी.

# गौरंग मंदिर के कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री मलय घटक

संवाददाता । बराकर

बराकर बेगूनिया स्थित गौरंग मंदिर के 100 वर्ष होने के अवसर पर आयोजित शत वार्षिक कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री मलय घटक पहुंचे. इस दौरान मंत्री मलय घटक ने मंदिर के पुरोहित हरे कृष्ण बाबा से मुलाकात कर मंदिर का परिदर्शन किया. जहां मंदिर में स्थापित सीताराम बाबा और काशी बाबा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की. वहीं मंदिर में आयोजित रासलीला का भी आनंद उठाया. कार्यक्रम में उपस्थित सभी साधु महात्माओं से उन्होंने आशीर्वाद प्राप्त किया. इस दौरान मंदिर कमेटी की ओर से मंत्री मलय घटक ओर पूर्व



विधायक मानिक लाल आचार्य को मंच पर सम्मानित किया गया. मंदिर के मुख्य पुजारी कार्यक्रम के संचालक हरएकृष्ण बाबा ने दोनों अतिथितियों को सीताराम बाबा की जीवनी पर आधारित पुस्तक देकर सम्मानित किया. इस दौरान मंत्री मलय घटक ने कार्यक्रम को देखते हुए कहा कि जन समूह देखकर ही लगता है कि यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है. जहां पूरे देश से साधु, महात्मा, प्रमुख मठों के महंत शामिल होते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### जमुआ में अवैध पत्थर लदा हाइवा जब्त किया

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ थाना क्षेत्र के नवडीहा- जमुआ मुख्य मार्ग पर अवैध बोल्डर पत्थर लदा हाइवा जब्त किया गया है.शुक्रवार की रात जमुआ अंचलाधिकारी के नेतृत्व में जमुआ पुलिस के सहयोग से उच्च विद्यालय नवडीहा के पास पत्थर लदा हाइवा जब्त किया गया. हाइवा को जमुआ थाना लाया गया है. इसकी जब्ती सूची जिला खनन पदाधिकारी को कार्रवाई के लिए भेज दी गई है. टाटा मोटर के हाइवा से अवैध रूप से पत्थर लाये जाने की सूचना जिला एवं अनुमंडल के पदाधिकारियों को जमुआ अंचलाधिकारी संजय पाण्डेय ने दी है.अंचलाधिकारी के नेतृत्व में एसआई दीपक कुमार सहित पुलिस के जवान शामिल थे.

### चेकिंग अभियान में 55 हजार का राजस्व संग्रह

**साहिबगंज।** शनिवार को नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांधी चौक के समीप जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णुदेव कच्छप, एमवीआई, विजय गौतम के द्वारा वाहन जांच चलाया गया. सभी वाहनों से 55 हजार रुपए की राशि जुर्माने के तौर पर वसूली की गई है. वहीं परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव, कच्छप, एमवीआई, विजय गौतम एवं नगर थाना पुलिस प्रशासन की और परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे इस अभियान के तहत सड़क पर चलने वाले दो और चार पहिया वाहन चालकों से हेलमेट एवं कागजात की जांच के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है.

### फाइनेंस कर्मी की सड़क दुर्घटना में मौत

**गोड्डा/पथरगामा।** भारत फाइनेंस में कार्यरत युवक सुमन कुमार की सड़क दुर्घटना में शनिवार को मौत हो गई. घटना शनिवार अहले सुबह पथरगामा थाना क्षेत्र के रजौन बिसाहा पथ पर हुई. ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पथरगामा थाना को दी. घटना की खबर पर पाकर पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा भेज दिया. बताया गया कि सुबह करीब पांच बजे युवक अपने एक रिश्तेदार के घर से वापस गोड्डा की ओर लौट रहा था.

### मादक पदार्थ मामले में 15 वर्ष का कारावास

**साहिबगंज।** बरहरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुशवाहा टोला में राकेश कुमार महतो एवं पंकज कुमार महतो के घर से छापामारी के दौरान कोरेक्स सिरप भारी मात्रा में बरामद होने के आरोप में इन्हे दोषी पाया गया है. दोनों अभियुक्तों को शनिवार को जिला एवं अपार सत्र न्यायाधीश प्रथम धीरज कुमार की अदालत ने 15-15 वर्ष का सश्रम करावास और एक-एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है.

### अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया

**पथरगामा।** पथरगामा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न नदी घाटों से बालू की चोरी लगातार हो रही है. प्रखंड प्रशासन चोरी को रोकने के लिए छापेमारी अभियान चला रहा है. इसी क्रम में अहले सुबह गांधीग्राम के समीप पथरगामा अंचलाधिकारी के द्वारा अवैध बालू लोड एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है. विधि सम्मत कार्रवाई के लिए जब्त ट्रैक्टर को पथरगामा थाने को सुपुर्द किया गया है. मालूम हो कि रात के अंधेरे में चोरी से बालू का उठाव कर कारोबार करने का धंधा इस इस क्षेत्र में काफी तेजी फल फूल रहा है.

---

उपायुक्त की अध्यक्षता में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक

## डीसी ने मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा की, दिए दिशा-निर्देश

**संवाददाता। साहिबगंज**



**खास बातें**

- विद्यार्थियों को रोबोटिक्स विज्ञान की ट्रेनिंग देने की बात कही
- बच्चों को उत्प्रेरित करने का संकल्प लिया गया

शनिवार को उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जवाहरलाल नवोदय विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं एवं छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई. जिसमें उपायुक्त ने मूलभूत सुविधाओं के लेकर चर्चा की और कई दिशा-निर्देश दिए. सभी विद्यालयों में 9 एवं 11 के छात्र-छात्राओं को रोबोटिक्स विज्ञान की ट्रेनिंग देने की बात भी कही गई.

**जानकारी प्राप्त की :** सर्वप्रथम उपायुक्त ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर मूलभूत सुविधाओं के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की. साथ ही खेल मैदान समतलीकरण एवं विकास करना, पूरे विद्यालय परिसर का मिट्टी से समतलीकरण और सौंदर्यीकरण ,पूरे परिसर में जल निकासी के लिए नालियों का निर्माण और निकास की व्यवस्था करना,शिक्षक एवं कर्मचारी आवास तक पहुंच पथ का निर्माण करना. विद्यालय की स्वच्छता एवं बेहतर प्रकाश व्यवस्था करवाना, नगर परिषद की सहायता से विद्यालय में कूड़ेदान, सोलर लाइट लगवाना. जिला अस्पताल के माध्यम से छात्राओं के लिए सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने की बात कही. इसके साथ ही विद्यालय में शैक्षणिक एवं सार्वजनिक वातावरण निर्माण में उपायुक्त एवं जिले के सभी वरीय पदाधिकारी द्वारा बच्चों को विशेष तौर पर उत्प्रेरित करने का संकल्प लिया गया. इससे पूर्व विद्यालय के छात्राओं द्वारा अपनी सांस्कृति तहत उपायुक्त को तिलक एवं आरती दिखाकर स्वागत किया.इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार हर्ष, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार, कार्यपालक अभियंता शिव शंकर प्रसाद, प्रधानाचार्य जवाहरलाल नवोदय विद्यालय डॉ राज कपूर सिंह, बलदेव रूज उपस्थित थे.

## पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए दी गई जानकारी



**संवाददाता। साहिबगंज**

लोकसभा चुनाव 2024 के सफल आयोजन के लिए शनिवार को उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग के पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया. यह बैठक उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में की गई. उन्होंने बताया कि जिले में जितने भी मतदाता हैं जो अपने कार्यों का निर्वहन करते हुए मतदान नहीं कर सकते हैं, उन्हें चिह्नित कर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान शत प्रतिशत कराना है.पोस्टल बैलेट के नियमों, मुख्य बातों एवं अनिवार्य सेवा से संबंधित जानकारी नोडल पदाधिकारियों को विस्तृत रुप से दी गई. ताकि जिले में मतदाताओं की संख्या में कमी न हो. इस मौके पर मौजूद अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार व अन्य उपस्थित थे.

---

झामुमो जिला कमेटी की बैठक सम्पन्न, कार्यकर्ताओं ने लिया जीत का संकल्प

## कोई भी कार्यकर्ता छोटा या बड़ा नहीं होता : स्टीफन मरांडी

**संवाददाता। पाकुड़**

सब को मिलकर यह लड़ाई जीतनी है : विजय हांसदा




पाकुड़ जिले के जिला झामुमो जिला समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्याम यादव ने की. बैठक का मुख्य उद्देश्य राजमहल लोकसभा में झामुमो की जीत की हैट्रिक लगाने के साथ साथ जीत का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए गए. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी व विशिष्ट अतिथि के रूप में राजमहल सांसद विजय हांसदा शमिल हुए.

महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के लोगों में हमारे नेता पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने से काफी आक्रोश है. झारखंड की जनता अपने नेता के जेल के अंदर होने से अकेला महसूस कर रही है. हमारे कार्यकर्ता न ही कमजोर है और न ही किसी से कम हैं. हम सब मिलकर राजमहल लोकसभा में फिर से तीर धनुष का परचम लहरायेंगे. पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सहयोग और मदद से हम सब अपने अपने क्षेत्र में झामुमो की संघर्ष गाथा को सुनाएंगे व पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विकास कार्यों को बताकर लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे.

राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में हमारी सरकार ने जितनी योजना आम आदमी के हित में चलाई है उतनी योजनाओं के बारे में पूर्व की सरकारों ने सपने में भी नही सोचा था. आज राज्य में पेंशन व राशन जैसी योजनाओं से राज्य का एक भी योग्य लाभुक वंचित नहीं है. आज देश में जिस प्रकार से भाजपा की सरकार अपने कारनामों से लोकतंत्र का गला रोज घोंट रही है. हमारे पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बिना किसी सबूत के साजिश के तहत जेल में डालकर रखा गया है. हमारे नेता के साथ अन्याय होने का मुख्य कारण उनका आदिवासी होना है.

**खास बातें**

- राजमहल में झामुमो लगाएगा जीत की हैट्रिक
- जीत प्रतिशत बढ़ाने को लेकर करें मेहनत : श्याम यादव

**झामुमो का इतिहास संघर्षों का रहा है**

झामुमो जिलाध्यक्ष श्याम यादव ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होते हैं और झामुमो के कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होने के साथ साथ एक जुझारू सिपाही भी है. झामुमो का इतिहास संघर्षों का रहा है, दिशोम गुरु श्री शिबू सोरेन के अथक परिश्रम और बलिदान के बाद हमें यह राज्य मिला. हमारे नेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सपनों को साकार करने के लिए वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में हमारे नेता सह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए झारखंड वासियों ने अपना आशीर्वाद दिया था. लेकिन आज हमारे नेता को उनके नेक इरादों से भटकाने के लिए उन्हें जेल में डाल दिया गया.

**ये थे उपस्थित :** मौके पर जिप अध्यक्ष जुली ख्रिस्टमुनी हेम्ब्रम, जिला संगठन सचिव महमूद आलम जिला संगठन सचिव कुणाल अलफरेड हेमरम, जिला कोषाध्यक्ष बाबुधन मुर्मू, महिला जिलाध्यक्ष जोसेफिना हेम्ब्रम, सचिव सुशीला देवी, युवा मोर्चा जिला सचिव उमर फारूक, मजदूर मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोज चौबे, बुद्धिजीवी जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ शंकर, दलित पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकिरण तुरी, नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मुसलोद्दीन शेख, सचिव राजेश सरकार, पाकुड़िया प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, महेशपुर प्रखंड अध्यक्ष अनारूद्दीन मियां, अमड़ापाड़ा प्रखंड अध्यक्ष कोर्नेलियुस हेम्ब्रम, लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष चरण हांसदा, सचिव जावेद आलम, हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष इसहाक अंसारी, जिला सह सचिव मुसलोद्दीन अंसारी, जिला सह सचिव मुन्ना प्यारेलाल मुर्म, जिला सदस्य यूसुफ खान, जिला सदस्य जहूर आलम, जिला सदस्य तनवीर आलम, जिला सदस्य गाजी सलाउद्दीन, जिला सदस्य मुस्लिम अंसारी, जिला सदस्य मोहन किस्कू, जिला सोशल मीडिया सदस्य प्रकाश सिंह, जिला सोशल मीडिया सदस्य आफताब आलम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

---

डीडीसी ने जिले के प्रधानाध्यापकों के साथ की बैठक, कहा-

## न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं

**संवाददाता। बोकारो**



**जिला स्तर पर निर्देश की बात कही**

बैठक में संबंधित क्षेत्र के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंताओं को जिला स्तर से निर्देश देने की बात कही गई. सभी प्रधानाध्यापक विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक, कनीय अभियंता आदि से संपर्क और समन्वय स्थापित कर व्यवस्था को सुदृढ़ करने को कहा गया. इस कार्य में किसी भी तरह की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. मतदान केंद्रों पर एएमएफ का आशय आठ सुविधाओं से हैं. इसमें सिग्नल, शौचालय, पेयजल की मुक्कमल व्यवस्था, मदद को स्वयंसेवक, हेल्प डेस्क, दिव्यांजन के लिए रैंप, बिजली व्यवस्था, वोटर सुविधा, पोस्टर आदि शामिल हैं.

बोकारो जिला मुख्यालय स्थित न्याय सदन सभागार में डीडीसी संदीप कुमार ने जिले के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और प्रभारी प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की. बैठक में मतदान केंद्रों पर एएमएफ (सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं) को सुनिश्चिचत करने को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए. मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा पदाधिकारी अतुल कुमार चौबे उपस्थित थे. बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर सभी मतदान केंद्रों में एएमएफ व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है. इसे अनिवार्य रूप से पूरा करना है. उन्होंने क्रमवार नावाडीह, पेटरवार, चंदनकियारी, जरीडीह, गोमिया, कसमार, बेरमो, चंद्रपुरा एवं चास स्थित मतदान केंद्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली. कुछ विद्यालय के प्रधानाध्यापकों ने पानी की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट किया.

## जरीडीह में रुद्र महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा



**संवाददाता। बोकारो**

जरीडीह प्रखंड के अराजू में शनिवार को श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान कथा सह रुद्र महायज्ञ शुरू हो गया. इस अवसर पर सुबह कलश यात्रा निकाली गई. सैकड़ों महिलाएं व युवतियां कलश लेकर करीब डेढ़ किमी दूर गुवाई नदी पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सभी कलश में जल भरा गया. कलश यात्रा के दौरान देवी देवताओं के जयकारे से पूरा गांव गूंज उठा.मौके पर स्थानीय सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी भी विशेष तौर पर मौजूद थे.

**अंजनी गोस्वामी कथा वाचन करेंगी**

मौके पर आयोजन समिति के महेंद्र कुमार नायक, चीकू मेहता आदि ने बताया कि यज्ञ के दौरान कथावाचिका अंजनी गोस्वामी कथा वाचन करेंगी, जबकि यज्ञ के लिए आचार्य पंडित त्रिलोचन शास्त्री (बनारस), आचार्य अंबुज शास्त्री (कर्मकांड देवघर) एवं यज्ञाचार्य के रूप में भागवत गोस्वामी (पश्चिम बंगाल) मौजूद रहेंगे.

### सोमवार से मॉर्निंग कोर्ट तीन महीने तक प्रभावी

**गोड्डा।** सोमवार पहली अप्रैल से जिला व्यवहार न्यायालय में कामकाज का समय बदल जाएगा. मॉर्निंग कोर्ट के तहत पहली पाली में ही कोर्ट के कामकाज को निपटा लिया जाएगा. जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव योगेश चन्द्र झा के अनुसार सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक कार्य अवधि होगी. जिसमे आधे घंटे का ब्रेक साढ़े नौ बजे से दस बजे तक का होगा. कोर्ट के अधिकारी के द्वारा कार्य करने का समय साढ़े सात बजे से लेकर साढ़े बारह बजे तक का होगा. ई फाइलिंग के जरिए जमानत आवेदन दाखिल करने का समय सुबह साढ़े सात से साढ़े आठ बजे का होगा. यह व्यवस्था प्रधान जिला न्यायाधीश राजेश कुमार वैश्य द्वारा जारी किए गए विभागीय आदेश के तहत किया गया है. यह व्यवस्था अगले तीन माह तक प्रभावी रहेगी.

---

## जारंगडीह के केबी कॉलेज में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**संवाददाता। कथारा (बोकारो)**



बेरमो प्रखंड क्षेत्र के जारंगडीह स्थित केबी कॉलेज में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. स्वच्छता कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी नारायण ने की, जबकि संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. प्रभाकर कुमार के द्वारा किया गया. कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर और कॉलेज के बाहर स्वच्छता अभियान चलाते हुए पॉलीथिन और प्लास्टिक के साथ अन्य अपशिष्ट एकत्र कर नष्ट किया गया. साथ ही इस कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने स्लोगन, पोस्टर, रंगोली के माध्यम से प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी. वहीं इस दौरान प्राचार्या डॉ लक्ष्मी नारायण ने कहा कि प्लास्टिक मुक्त भारत एवं क्लीन भारत ग्रीन भारत के सकारात्मक सोंच को सार्थक करना है. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रभाकर कुमार ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण, स्वच्छ परिसर लोगों को मिले, इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाकर स्वयंसेवकों ने यह संदेश देने का कार्य किया जा रहा है.

अवैध धंधेबाजों पर लगाम कसने में जुटी है पुलिस

## अवैध लोहा लदे दो वाहनों को किया जब्त

**संवाददाता। बोकारो**



**खास बातें**

- बियाडा अवैध कारोबारियों के लिए सुरक्षित पनागाह
- रात को ही चोरी के लोहे को पिघला दिया जाता है

बोकारो जिले में कबाड़ी के नाम पर चल रहा स्क्रैप का काला धंधा पुलिस के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है. बालीडीह व ओपी थाना क्षेत्र में पुलिस लगातार ताबड़तोड़ छापामारी कर धंधे पर लगाम लगाने एवं धंधेबाजों पर नकेल कसने में जुटी है. इस अभियान के तहत शुक्रवार देर रात दोनों थाने की पुलिस ने अपने अपने क्षेत्र से अवैध लोहा लदे दो गाड़ियों को जब्त कर प्राथमिकी दर्ज की है.

मुख्यालय डीएसपी आशीष महली ने बताया कि ओपी थाने की पुलिस थाना क्षेत्र के जैनामोड़-फुसरो मार्ग के मानगो पंचायत, केवट टोला के पास से एक छोटा हाथी वाहन (संख्या जेएच 10 बीएम 2323) को पकड़ कर थाने ले आई. जबकि दूसरा वाहन महतो ट्रांसपोर्ट 609 मिनी ट्रक (संख्या जेएच 09 बीसी 6350) को फोरलेन से पकड़ा गया है. जिसकी जांच चल रही है. बताया गया कि बालीडीह औधोगिक क्षेत्र बियाडा लोहे के अवैध कारोबारियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन गया है. जिले के विभिन्न जगहों से इकठ्ठा किए गए अवैध लोहा धंधेबाज अंधेरा होते ही लोहे की ढुलाई छोटे-बड़े वाहनों से फैक्ट्रियों में करते हैं. जहां रातों रात चोरी के लोहे को धमन भट्टी में पिघला कर दूसरा रूप दे दिया जाता है. इसी का नतीजा है कि रात होते ही धमन भट्टियों की चिमनियां आग उगलना शुरू कर देती है.

## भाजपा प्रत्याशी ने किया क्षेत्र का दौरा, कार्यकर्ताओं से मिले

**संवाददाता। गिरिडीह**



■ गांडेय उपचुनाव

गांडेय विधानसभा उपचुनाव के बीजेपी उम्मीदवार दिलीप वर्मा ने शनिवार को गांडेय और बेंगाबाद प्रखंड का भ्रमण कर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मिले और बधाई दी. इस दौरान गांडेय मंडल के कार्यकर्ताओं ने उसे गुलदस्ता देकर स्वागत किया.इसी क्रम में जोराआम स्थित गांडेय प्रमुख राजकुमार पाठक के आवास पर रुके और उनसे मिलकर आशीर्वाद लिया और पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व को आभार और धन्यवाद दिया, जिन्होंने मुझ जैसे छोटे नेता को इस लायक समझा कि झारखंड के सबसे महत्वपूर्ण सीट गांडेय विधानसभा सभा के उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया. साथ ही कहा कि गांडेय विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष शक्ति केंद्र,बूथ स्तर के कार्यक्रताओं ने जो प्रेम दिया उसका आभारी रहूंगा.

मौके पर उपस्थित पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरूण हाजरा, बेंगाबाद मंडल अध्यक्ष शिवपुजन राम,] प्रकाश यादव, ताराटांड़ मंडल अध्यक्ष चिंतामणि सिंह, अहिलियापुर मंडल अध्यक्ष पुरषोत्तम चौधरी, महामंत्री हरी मंडल, भोला मंडल, श्याम पाठक उपस्थित थे.

---

**जारंगडीह** पुराना फिल्टर प्लांट के पास वर्षों पहले आंधी में गिरा था सूखा पेड़

## गिरा पेड़ खड़ा हो गया, लोग मान रहे दैवीय चमत्कार

**संवाददाता। कथारा (बोकारो)**



**लोगों की भीड़ जुटने लगी**

यह बात इलाके में तेजी से फैली और वहां लोगों की भीड़ जुटने लगी. महिलाएं इसे मां काली का चमत्कार मान रही हैं. कुछ महिलाएं उक्त स्थान पर मां काली का मंदिर बनाने की बात भी कहने लगीं. उनका मानना है कि यह दैवीय चमत्कार ही है कि धरती पर गिरा सूखा पेड़ पहले की तरह खड़ा हो गया. कुछ लोगों का कहना है कि यह इलाका माइनिंग का है. धरती के अंदर कई तरह की गैसों का प्रभाव है. कुछ दिन पहले हुई बारिश में पेड़ के जड़ वाले हिस्से में पानी का रिसाव होने से वजन बढ़ने के कारण भी यह घटना घट सकती. हालांकि यह जांच का विषय है. पेड़ का स्वतः खड़ा होना जमीन के अंदर की हलचल या पानी के रिसाव के चलते हुआ है.

बोकारो जिला के जारंगडीह पुराना फिल्टर प्लांट के निकट जमीन पर गिरा एक सूखा पेड़ अचानक खड़ा हो गया. इसे कुछ लोग दैवीय चमत्कार मान रहे हैं, तो कुछ लोग प्राकृतिक घटना या भूगर्भीय हलचल मान रहे हैं. सूचना मिलते ही जारंगडीह और आसपास के ग्रामीणों की भीड़ वहां जुट गई. पूरे क्षेत्र में यह पेड़ कौतूहल का विषय बन गया है. घटना के प्रत्यक्षदर्शी ढोरी निवासी सीसीएल कर्मी सुरेश नोनिया ने बताया कि वह शनिवार की सुबह करीब 6.15 बजे पुराना फिल्टर प्लांट में ड्यूटी पर तैनात थे. तभी उसके बगल में कुछ हलचल होने की आवाज सुनाई दी. सामने गया, तो देखा कि कई साल पहले आंधी में जमीन पर गिरा सूखा पेड़ धीरे-धीरे खड़ा हो गया. यह देख वह थोड़ा भयभीत भी हुआ और घटना की जानकारी अगल-बगल के लोगों को दी. लोग हैरान थे कि आखिर जमीन पर गिरा पेड़ अपने आप खड़ा कैसे हो गया.

## गोमिया के राजस्थान गेस्ट हाउस में चल रहा था सेक्स रैकेट

■ डीआईजी सुरेंद्र झा के निर्देश पर हुई कार्रवाई, छह गिरफ्तार

**संवाददाता। गोमिया**

**लॉज मालिक दिलीप साव की सहमति से होता है देह व्यापार**

पकड़े गये आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि यहां पर देह व्यापार लॉज के मालिक दिलीप साव की सहमति से होता है. इसी काम के लिए ये लोग यहां पर आये थे. इसके बाद पुलिस दो महिला समेत आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर लिया. इस संबंध में गोमिया थाना में (कांड सं0-29/2024) आईपीसी की धारा-290 एवं 3/4/5/6 अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम के तहत लॉज मालिक दिलीप साव और गिरफ्तार छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है.

बोकारो जिला के गोमिया मोड़ स्थित राजस्थान गेस्ट हाउस में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है. पुलिस ने दबिश देकर आधा दर्जन युवक-युवकियों को गिरफ्तार किया है. रेंज के डीआईजी सुरेंद्र झा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है. जानकारी के मुताबिक बीते गुरुवार को राजस्थान गेस्ट हाउस समेत अन्य लॉज में गोमिया इंस्पेक्टर के नेतृत्व में जांच अभियान चलाया गया था. हालांकि पुलिस खाली हाथ लौट गई थी. दोबारा डीआईजी सुरेंद्र झा ने पुलिस को रेड करने का निर्देश दिया. इसके बाद पुलिस एक्टिव हुई. दोबारा छापेमारी में दूसरे दिन राजस्थान गेस्ट हाउस से दो महिलाओं और चार युवकों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया. गोमिया मोड़ स्थित राजस्थान लॉज में संदिग्ध महिला व पुरुष के पहुंचने की सूचना पर छापामारी दल में शामिल गोमिया अंचल इंस्पेक्टर, तेनुघाट इंस्पेक्टर, आईईएल थाना प्रभारी, बेरमो महिला थाना प्रभारी, गोमिया थाना प्रभारी दलबल के साथ राजस्थान लॉज में छापेमारी की.

### विकास के मामले में पिछड़े बकसपुरा के ग्रामीणों में दिख रहा आक्रोश, चुनाव जीतने के बाद सांसद के दर्शन दुर्लभ

# सजने लगे चुनावी चौपाल, विकास कार्यों का हिसाब मांग रहे मतदाता

राजेन्द्र कुमार दुबे। बड़कागांव

लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है. हजारीबाग लोकसभा सीट के लिए पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होना है. प्रत्याशी और उनके समर्थक लोक लुभावन वादों से मतदाताओं को लुभाने में जुट गए हैं. जगह-जगह चुनावी चौपाल सजने लगे हैं. समर्थक अपने अपने प्रत्याशियों की जीत के दावे कर रहे हैं. जीत कैसे सुनिश्चित होगी, इसका गणित मतदाताओं को समझाया जा रहा है.

चुनावी माहौल का जायजा लेने के क्रम में प्रखंड के बकसपुरा गांव में मतदाताओं में काफी आक्रोश देखने को मिला. गांव का एक युवक सुरेश कुमार तख्ती लेकर सामने आ गया. तख्ती पर विकास कार्यों का हिसाब देने के बाद ही नेताओं के गांव में प्रवेश की बात लिखी हुई थी. उसका कहना था कि नेताओं द्वारा चुनाव दर चुनाव सिर्फ झूठ ही परोसा जाता है. चुनाव जीतने के बाद सांसद और विधायक के दर्शन तक दुर्लभ हो जाते हैं. बकसपुरा में ग्रामीणों को मौलिक सुविधाएं यथा सड़क, पेयजल ,शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, बिजली, रोजगार आदि मयस्सर नहीं हैं.

नेताओं की कार्यशैली से नाराज सुरेश का यह भी कहना था कि मजदूरों का पलायन इस इलाके की सबसे बड़ी समस्या है. पलायन रोकने के लिए जनप्रतिनिधियों के पास कोई कार्य योजना नहीं है. नेता सिर्फ ग्रामीणों को बरगला कर वोट ले जाते हैं और फिर चुने हुए जनप्रतिनिधि पांच साल तक अदृश्य हो जाते हैं. वैसे नेताओं को इसबार सबक सिखाया जाएगा.




तख्ती लेकर नेताओं से हिसाब मांग रह ग्रामीण युवा सुरेश कुमार.

**मतदाता क्षुब्ध**

- तख्ती पर विकास कार्यों का हिसाब मांग रहे हैं ग्रामीण
- हिसाब देने के बाद ही नेताओं को मिलेगा गांव में प्रवेश

### बड़की बांध का अब तक जीर्णोद्धार नहीं : बबलू पासवान



ग्रामीण बबलू पासवान कहते हैं कि जनसमस्याओं पर विधायक और सांसद का ध्यान नहीं जाता है. बकसपुरा का बड़की बांध के जीर्णोद्धार के लिए दोनों जन प्रतिनिधियों से कहा गया, मगर कुछ नहीं हुआ. जमुनिया नहर का गेट टूटा हुआ है. इस वजह से सिंचाई का पानी बेकार बह गया. नतीजतन, पटवन के अभाव में गेहूं की फसल प्रभावित हो गई. वहीं, लोकनाथ सिंह ने कहा कि नेता, आम जनता की नहीं सुनते हैं. अपने कार्यकर्ताओं को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए गैर जरूरी योजनाएं मद से ली जाती हैं. वहीं, आम जनता को छोटे-छोटे कामों के लिए विधायक और सांसद के पास दौड़ लगानी पड़ती है. इसके बावजूद काम नहीं होता है. उन्होंने यह भी बताया कि गार्डवाल नहीं होने के कारण बकसपुरा की एक सड़क ने पगडंडी की शक्ल ले ली है.

# सभी को मिले मतदान करने का पूरा मौका : चंदन कुमार

संवाददाता। रामगढ़

**चुनावी तैयारी**

- लोस चुनाव में पोस्टल बैलेट को लेकर डीसी ने की बैठक
- प्रपत्र 12 डी के संबंध में भी सभी को दी गई जानकारी

लोकसभा चुनाव में पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर उपायुक्त चंदन कुमार ने बैठक की. इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने पोस्टल बैलट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान आवश्यक सेवाओं में कार्यरत ऐसे अधिकारी व कर्मी, जो मतदाता सूची में नामांकित है और जिन्हें मतदान की तिथि पर ड्यूटी पर होने के लिए प्रमाणित किया जाएगा, वे आवश्यक सेवाओं की श्रेणी में डाक मत पत्र द्वारा अपना वोट डालने के पात्र होंगे.

उन्होंने पोस्ट वॉलेट के माध्यम से मतदान करने हेतु भरे जाने वाले प्रपत्र 12 डी के संबंध में भी सभी को जानकारी दी. इस दौरान उपायुक्त ने आवश्यक श्रेणी में आने वाले विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मियों का मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर आकस्मिक सेवाओं के अधिकारियों सहित विभिन्न कार्यालय प्रधानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का पूरा मौका मिले.

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने चुनाव तैयारियों की समीक्षा की, कहा

# चुनाव कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं

संवाददाता। हजारीबाग

लोकसभा चुनाव की तैयारी में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाए. मुस्तैदी से काम करना जरूरी है और शिथिलता की कोई गुंजाइश नहीं है. कहीं भी कोई कमी नजर आने पर तत्काल दूर करें. उक्त बातें राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने कही. वे शनिवार को जिला समाहरणालय सभागार में हजारीबाग, रामगढ़ व कोडरमा जिले में चुनाव की तैयारी की समीक्षा कर रहे थे.

उन्होंने सभी उपस्थित पदाधिकारियों से पूरी जिम्मेवारी के साथ कर्तव्य निर्वहन की अपेक्षा करते हुए चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया. बैठक में तीनों जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी की बिंदुवार समीक्षा की गई.

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला प्रशासन के पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारी शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया. बैठक में विभिन्न आयामों पर बिंदुवार विस्तृत समीक्षा की गई.



**सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट पर रखें नजर**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सोशल मीडिया सेल को सक्रिय करते हुए सोशल मीडिया पोस्टों पर गहनता से ध्यान रखने कहा. साथ ही आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया. उन्होंने सभी जिलों के सोशल मीडिया सेल के टॉल फ्री नंबर को प्रसारित करने को कहा, ताकि आम जनता भी इससे संबंधित शिकायत दर्ज करा सके. समीक्षा बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के अलावा राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, सीआरपीएफ के आईजी राकेश अग्रवाल, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरिन किस्पोट्टा, हजारीबाग प्रक्षेत्र के आईजी, हजारीबाग डीआईजी, हजारीबाग, रामगढ़ व कोडरमा जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, सीआरपीएफ कमांडेंट सहित संबंधित वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे.

**अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर सघन जांच का निर्देश**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने अंतरराज्यीय एवं अंतरजिला चेकपोस्ट पर सघन जांच करने एवं आपराधिक एवं असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा. इसके अलावा चेक पोस्ट पर पर्याप्त बल एवं दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर सघन जांच अभियान चला कर अवैध शराब एवं शस्त्र की आवाजाही पर पूर्ण रोक लगाने, सीसीटीवी के माध्यम से मॉनिटरिंग करने तथा चेक पोस्टों पर औचक निरीक्षण कर उनके कार्यान्वयन पर निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया.

**जीरो रिस्क प्रिंसिपल पर चुनाव संपन्न कराएं**

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने जिलों के चिह्नित क्रिटिकल एवं वल्नरेबल मतदान केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखते हुए जरूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि वैसे मतदान केंद्रों के लिए अभी से ही पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती संबंधी अभ्यास सुनिश्चित कराएं. उन्होंने यह भी कहा कि पोलिंग पार्टी, ईवीएम, मतदाता सहित चुनाव सामग्री, उपकरण एवं सभी की सुरक्षा आवश्यक है. सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है. जीरो रिस्क प्रिंसिपल पर चुनाव संपन्न कराना ही हमारी उपलब्धि होगी.

**सात दिनों में अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त करें**

एवी होमकर ने ने शैडो एरिया के लिए वैकल्पिक संचार माध्यम सुदृढ़ करने का निर्देश दिया. साथ ही कलस्टर एवं मतदान केंद्रों पर बिजली व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निदेश दिया. उन्होंने उत्पाद अधीक्षक एवं पुलिस पदाधिकारियों को समन्वय कर सात दिनों के अंदर सभी अंतराज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए माफियाओं और कारोबारियों को गिरफ्तार करने को कहा. अवैध आग्नेयास्त्र रखने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया. कहा, निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

**हैलीपैड को चिह्नित कर भौतिक सत्यापन कराएं**

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने चुनाव कार्य के दौरान विधि व्यवस्था संधारण से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का सख्ती से अनुपालन कराने का निर्देश दिया. कहा, किसी भी आपराधिक घटनाओं के लिए संबंधित पदाधिकारी जिम्मेवार होंगे. निर्वाचन कार्य के मद्देनजर स्थाई और अस्थाई हैलीपैड का भौतिक सत्यापन कर वहां की व्यवस्था को सुदृढ़ कराने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि पदाधिकारी हैलीपैड की व्यवस्था का अभी से संयुक्त अभ्यास करें, ताकि पोलिंग पार्टी एवं आकस्मिक सेवाओं में इनका इस्तेमाल किया जा सके.

# कांग्रेसियों ने की यशवंत से मुलाकात

संवाददाता। हजारीबाग



**चुनावी मंथन**

- चुनाव मैदान में सफलता को लेकर हुई चर्चा, बनी रणनीति
- जन बल हमारे साथ, हमारी जीत सुनिश्चित : जेपी पटेल

डेमोटांड स्थित ऋषभ वाटिका में हजारीबाग लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा से मुलाकात कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की. इस दौरान बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, दीपक नाथ सहाय, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. निजाम उद्दीन सहित कई कांग्रेस नेता साथ थे.

इस दौरान यशवंत सिन्हा ने उपस्थित नेताओं के साथ चुनावी मैदान पर मजबूती से उतर कर सफलता प्राप्त करने पर वृहत चर्चा की. वहीं, सांसद प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल सहित अन्य नेताओं ने यशवंत सिन्हा को आश्वस्त किया कि आपके नेतृत्व में हमारी जीत सुनिश्चित है. पटेल ने कहा कि हमारी लड़ाई धन बल के विरुद्ध है. इस लड़ाई में जन बल की जीत सुनिश्चित है. उन्होंने आगे कहा कि यशवंत सिन्हा का आशीर्वाद मिलने के बाद हमारे जीत की राह आसान हो गई है. उक्त जानकारी अनिल सिन्हा ने दी.

# चौपारण में पहले प्ले स्कूल 'बाल वाटिका' का उद्घाटन

संवाददाता। चौपारण

प्रखंड क्षेत्र के पहला प्ले स्कूल बाल वाटिका का जीटी रोड सिंघरावां मोड़ डुमरी रोड में शनिवार को पूजा-पाठ कर शुभारंभ किया गया. प्ले स्कूल का विधिवत उद्घाटन सिंघारवां पंचायत के जनप्रतिनिधि के साथ-साथ स्कूल की संचालक सपना कुमारी, संजय सिन्हा, दीपक सिन्हा सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया.

इस अवसर पर संजय सिन्हा ने कहा कि बच्चों को शुरुवाती दो-तीन साल से ही प्रारंभिक शिक्षा की जरूरत पड़ने लगती है. इस स्कूल में संचालक सपना कुमारी के मार्गदर्शन में बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी. वहीं, सपना कुमारी ने कहा कि बच्चों को अच्छी व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हमारी पहली प्राथमिकता होगी. इस क्षेत्र में प्ले स्कूल की आवश्यकता महसूस हुई और कई अभिभावक के विचार से इस स्कूल का शुभारंभ किया गया है. मौके पर सिंघारवा व बच्छई पंचायत के कई बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित थे. सभी ने क्षेत्र में प्ले स्कूल खुलने पर खुशी जाहिर की.



### होल्डिंग टैक्स भुगतान की अंतिम तारीख आज

**हजारीबाग।** नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए वितीय वर्ष 2023-24 मे होल्डिंग टैक्स जमा करने का अंतिम तारीख 31 मार्च निर्धारित है. तय अवधि तक होल्डिंग टैक्स जमा करने पर महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को पांच प्रतिशत की छूट दी जाएगी. नगर निगम क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स वसूली के लिए अधिकृत एजेंसी जन सुविधा केंद्र के शाखा प्रबंधक सुजीत मिश्रा ने बताया कि निगम क्षेत्र के सभी वैसे भवनधारी, जिन्होंने अब तक होल्डिंग टैक्स जमा नहीं किए हैं, वे जुलू पार्क स्थित जन सुविधा केंद्र में रविवार सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक भुगतान कर छूट का लाभ ले सकते हैं. 31 मार्च के बाद 12 प्रतिशत से अधिक फाइन के साथ टैक्स जमा लिया जाएगा.

**ब्रीफ खबरें**

### पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के बड़ा डहरभंगा में भाजपा टाटीझरिया मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया. इस क्रम में ग्रामीणों को केंद्र सरकार द्वारा दी जानेवाली प्रमुख योजनाओं के बारे में बताया गया. उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि देश की मजबूती के लिए केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी की ही जरूरत है. वे गरीब कल्याण अन्न योजना से गरीबों को मुफ्त अनाज दे रहे हैं. आयुष्मान कार्ड के जरिए गरीबों को पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है. पीएम किसान योजना का किसानों को फायदा मिल रहा है. पीएम आवास योजना से आवास मुहैया कराया गया. वहीं, गांवों में सड़कें बनाई गईं. मौके पर परमेश्वर प्रसाद यादव, महेश अग्रवाल, तिलकराज सिंह, राजेश यादव भी थे.

### मां छिन्नमस्तिका मंदिर से वृद्ध महिला लापता

**रामगढ़।** बिहार से पूजा-अर्चना करने रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर आई एक वृद्ध महिला के लापता होने का मामला सामने आया है. इस संबंध में लापता महिला के पुत्र विनोद सिंह ने शनिवार को रजरप्पा थाना में अपनी मां की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है. थाना में दिए आवेदन में विनोद ने बताया है कि वह बिहार के रोहतास जिला अंतर्गत अकोढ़ी थाना क्षेत्र के चांदी गांव का रहनेवाला है. वह बीते 29 मार्च को अपने पूरे परिवार के साथ अपने निजी वाहन से छिन्नमस्तिका मंदिर आया हुआ था. पूजा अर्चना के दौरान उसकी मां पंजीर देवी (65) भीड़ में कहीं भटक गई. उन्हें आसपास के सभी जगहों पर खोजा गया, पर वह कहीं नहीं मिली. इसके बाद रजरप्पा थाना में सनहा दर्ज कराया है. उन्होंने पुलिस से उनकी मां को ढूंढने की गुहार लगाई है. सनहा दर्ज होने के बाद पुलिस महिला की खोजबीन में जुट गई है.

### पौधा लगाने के नाम पर किसानों से लाखों की ठगी मामले का उद्भेदन


# गोरखपुर से एक आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता। हजारीबाग

मुफस्सिल थाना पुलिस को पौधा लगाने के नाम पर किसानों से ठगी करने के एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है. पुलिस ने आरोपी जितेंद्र कुमार पांडेय को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से गिरफ्तार किया है. वहीं, मुख्य सरगना प्रदीप कुमार राय अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है. उसकी तलाश में छापेमारी की जा रही है. यह जानकारी एसपी अरविंद कुमार सिंह ने शनिवार को दी.

उन्होंने बताया कि मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ओरिया में एक एनजीओ प्रज्ञा सेवा संस्थान के नाम से संचालित थी. इसके निदेशक ने किसानों को खाली पड़ी जमीन पर मालवार नीम तथा एराल पौधा लगाने तथा छह वर्ष बाद उसे काट कर बिक्री किए जाने से अधिक मुनाफा होने का लालच दिया. इसके लिए प्रति एकड़ तीन हजार पेड़ लगाने के एवज में 1,65,000 रुपये निवेश कर छह वर्ष बाद 30 लाख रुपये में पेड़ों को बेचने की बात बताई गई. इस पर क्षेत्र के 200 से ज्यादा किसानों ने तय राशि का भुगतान कर कर दिया. वहीं, संस्था के निदेशक उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के लिलावती नगर निवासी प्रदीप कुमार राय और बस्ती जिला के कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधी नगर निवासी जितेंद्र कुमार पांडेय ने एक ही जमीन पर लगे पौधों को दिखा कर अलग-अलग किसानों को दिखा कर पैसा लिया गया. परंतु जब किसानों को उनका लाभ नहीं मिला और ठगी का पता चला, तो उन्होंने दोनों आरोपियों के खिलाफ लिखित आवेदन देकर मुफ्फसिल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई.

अनुसंधान के क्रम में पता चला कि दोनों आरोपी झारखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार के सैकड़ों किसानों से करोड़ों रुपये की ठगी कर फरार हो गए हैं. इसके बाद पुलिस की विशेष टीम गठित कर अग्रेतर कार्रवाई करते हुए आरोपियों के घर पर छापेमारी की गई. इस क्रम में जितेंद्र कुमार पांडेय को उसके घर से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर हजारीबाग लाया गया.



**मिली सफलता**

- एनजीओ की आड़ में कई किसानों को लगा चुके थे चूना
- मुख्य सरगना अब तक फरार छापेमारी कर रही है पुलिस

### महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन और ध्वजारोहण

**बड़कागांव।** प्रखंड के सांढ़-छपेरवा में नौ दिवसीय वैदिक श्री श्री 1008 श्री हनुमंत देव एवं श्री विश्वकर्मा भगवान की महायज्ञ को लेकर शनिवार को भूमि पूजन व ध्वजारोहण किया गया. पुरोहित पंडित जय नंदन मिश्रा, आचार्य ऋषि राज मिश्रा, वेद व्यास मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार कर भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण किया. तत्पश्चात, गाजे-बाजे के साथ क्षेत्र में नगर भ्रमण किया गया. ध्वजारोहण कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद, आजसू पार्टी के महासचिव रौशन लाल चौधरी के अलावा कई गणमान्य लोग शामिल हुए. ज्ञात हो कि आगामी 9 अप्रैल को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ यज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा, जो कि 17 अप्रैल तक चलेगा. यज्ञ ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुखिया सुलेखा कुमारी, पंसस उपेंद्र प्रसाद, पूर्व जिप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, पूर्व मुखिया भीखन महतो, पूर्व मुखिया कार्तिक महतो, यज्ञ समिति अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद, सचिव पूरन महतो, कोषाध्यक्ष कृतियांद महतो, मीडिया प्रभारी आनंद राज एवं अन्य लोग मौजूद थे.

### वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, चोरी किए गए हाईवा समेत दो वाहन जब्त

# अंतरराज्यीय गिरोह के छह सदस्य धराए

संवाददाता। हजारीबाग

जिले के बड़कागांव पुलिस को अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के आधा दर्जन सदस्यों को पकड़ने में कामयाबी मिली है. इनके पास से चोरी के दो वाहन भी जब्त किए गए है. एसपी अरविंद कुमार सिंह ने सोमवार को प्रेस कान्फ्रेंस कर उक्त जानकारी दी. उन्होंने बताया कि बीते 26 मार्च की रात बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 14 माइल बरवाडीह के पास से अज्ञात अपराधियों ने एक हाईवा (जेएच 02 एवाई 9338) चोरी कर लिया गया था.

इस संदर्भ में वाहन मालिक गोसाई बलिया निवासी संतोष कुमार यादव ने लिखित आवेदन देकर बड़कागांव थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. कांड के अनुसंधान के लिए बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार के नेतृत्व में बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह एवं थाना के रिजर्व बल के साथ विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया. पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को हुरहुरु स्थित पतरातू गैराज से चोरी किए गए हाईवा के साथ गिरफ्तार किया. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पदमा ओपी क्षेत्र के विनय कुमार पासवान, दारू थाना क्षेत्र के जरगा निवासी श्रवण कुमार व संतोष महतो, टाटीझरिया थाना क्षेत्र के झरपो निवासी विकास कुमार, चतरा जिला अंतर्गत राजपुर थाना क्षेत्र के केंदीनगर निवासी विनय कुमार राणा के रूप में की गई.

इनकी निशानदेही पर कांड के मुख्य आरोपी मो. रफीक अंसारी को गिरफ्तार किया गया. वह पलामू जिला के हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चेपटवार में एक गैरेज चलाता है. पूछताछ के दौरान इनलोगों ने बताया कि ये लोग झारखंड, बिहार, ओडिशा और छतीसगढ़ आदि राज्यों में वाहनों की चोरी कर दूसरे राज्यों में बेच देते हैं. पुलिस ने इनके पास से चोरी में प्रयुक्त हुंडई आई 10 कार और छह मोबाइल बरामद किया है.



**सफल उद्भेदन**

- 14 माइल बरवाडीह से चार दिन पूर्व हाईवा हुई थी चोरी
- वाहनों की चोरी के बाद दूसरे राज्यों में कर देते थे बिक्री

### गोंदलपुरा के सेहदा में मना बाहा परब सह सरहुल मिलन समारोह, महिलाओं के साथ झूमीं विधायक

# प्रकृति के संरक्षण का संदेश देता है सरहुल : अंबा प्रसाद

संवाददाता। बड़कागांव

प्रखंड की गोंदलपुरा पंचायत के सेहदा में जाहेर आयो सरना समिति, सेहदा, गोंदलपुरा के तत्वाधान में बाहा परब सह सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुखिया बासुदेव यादव शामिल हुए. इस दौरान लोगों ने मांदर की थाप पर सरहुल गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया.

वहीं अतिथियों ने प्रकृति पर्व सरहुल की लोगों को बधाई दी. इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति के संरक्षण का संदेश देता है. इसमें साल वृक्ष की पूजा-अर्चना कर प्रकृति व ईश्वर से सुख-समृद्धि की कामना की जाती है. अपने संबोधन में विधायक ने पर्यावरण की रक्षा करने व महुआ चुनने के दौरान जंगल में आग नहीं लगाने की ग्रामीणों से अपील भी की. इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ सरहुल परब की खुशियां साझा की और महिलाओं के साथ झूमती हुई नजर आईं.

मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, पूर्व उप मुखिया सुबोध यादव, मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार, कांग्रेस कमेटी के सचिव उपेंद्र कुमार, वार्ड सदस्य मनोज सोरेन, चुरामण गंझू, केतर महतो, सरहुल कमेटी के अध्यक्ष महादेव हांसदा, सचिव ऐतलाल बास्के, कोषाध्यक्ष दासो सोरेन, उप सचिव महेंद्र सोरेन, सुखदेव हांसदा, किशोर सोरेन, महादेव हसदा, सुनील मरांडी, रामलाल हांसदा, सुमित सोरेन, दिनेश मरांडी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे.



**सांस्कृतिक आयोजन**

- विधायक ने सभी लोगों को प्रकृति पर्व सरहुल की बधाई दी
- महुआ चुनने के दौरान जंगल में आग नहीं लगाने की अपील

# भेलवारा पंचायत सचिवालय में प्रिंटर, इनवर्टर व नकदी की चोरी

संवाददाता। विष्णुगढ़

**चोर बेलगाम**

- भवन के पीछे से खिड़की के सहारे छत पर चढ़े थे चोर
- छत पर लगे दरवाजे को तोड़ पंचायत भवन में दाखिल हुए

भेलवारा पंचायत सचिवालय में बीते शुक्रवार रात चोरी की घटना को अंजाम दिया गया. चोर अलग-अलग कमरे में रखे कई कीमती सामानों के अलावा नकद भी ले उड़े. बताया जाता है कि चोर भवन के पीछे की ओर से खिड़की के सहारे छत पर चढ़े और छत पर लगे दरवाजे को तोड़कर पंचायत भवन के अंदर दाखिल हुए. इसके बाद एक कमरे में संचालित प्रज्ञा केंद्र के दरवाजे में लगी कुंडी को काट डाला.

चोरों ने वहां रखे एक प्रिंटर, एक इनवर्टर, एक बैटरी, एक एंड्रॉइड मोबाइल तथा करीब ढ़ाई हजार रुपये पर हाथ साफ कर किया. इतना ही नहीं, मुखिया कक्ष के अलावा सभी कमरों को बारी-बारी से खंगाला गया. मुखिया कक्ष में रखे एक प्रिंटर तथा एक साउंड बॉक्स भी चोरी कर. आलमारी तथा लोहे के ट्रंक में रखे कागजातों को भी तीतर-बितर कर दिया. सुबह पंचायत सचिवालय के केयरटेकर रामकिशोर महतो के पहुंचने पर घटना का पता चला. स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है. घटनास्थल पर जांच पड़ताल के पश्चात पुलिस उद्भेदन में जुट गई है.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** किसी कार्य को करने से पहले अच्छा से सोच विचार कर लें. बहस करने से बचें. दिन मानसिक उलझन वाला होगा. कार्य व्यवसाय एवं नौकरी में रुकावटें होंगी. परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे.

**वृषभ** धन का आगमन होगा, पर जीवनसाथी से विवाद हो सकता है. आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. काम-काज के लिए अच्छा रहेगा. परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा. मन में कुछ नकारात्मक विचार आ सकते हैं.

**मिथुन** मौसमी बीमारियों से बचाव की आवश्यकता है. किसी पुराने रोग का इलाज संभव है. साथ ही भाग्योदय संभव है. पारिवारिक सुख अच्छा मिलेगा. मिथ्या आरोप लगने के कारण क्रोध बढ़ सकता है. अन्न दान करें.

**कर्क** संतान के कार्य से खुशी प्राप्त होगी. किया गया नया कार्य सामान्य रहेगा. मन प्रसन्न रहेगा.नवीन मित्रता हो सकती है. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में कमी देखने को मिल सकती है. दूध का दान करें.

**सिंह** किसी महिला या अपरिचित से किसी बात को लेकर मानहानि हो सकती है. परिवार के सदस्यों की तरफ से सुख और सहयोग मिलेगा. आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना रहेगा. विवाद से दूर रहें.

**कन्या** रूखे व्यवहार से बनी बनाई बात बिगड़ सकती है. क्रोध पर नियंत्रण रखें. काम काज सामान्य रहेगा. परीक्षा एवं प्रतियोगिता में आशाजनक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं. किसी से मन-मुटाव हो सकता है.

**तुला** काम काज सामान्य रहेगा. आज आपका मन किसी भी काम में पूरी तरह से नहीं लग पाएगा. आपके लिए निराशाजनक हालात पैदा हो सकते है.परिवार या मित्र से मतभेद हो उत्पन्न हो सकते है. विवाद से बचें.

**वृश्चिक** दिन की शुरुआत खुशी और शांति से होगी. कामकाज में सफलता मिलेगी. दूसरों के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे. स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बन सकती है. वाहन के प्रति सावधानी रखने की आवश्यकता है. हनुमान जी का पूजा करें.

**धनु** खर्च में वृद्धि से मन खिन्न होगा. पारिवारिक जीवन सुखमय होगा. आर्थिक स्थिति अच्छी होगी. वाहन चलाते समय सावधानी बरतें.खर्चे में बढ़ोतरी होगी. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें. गुरु गायत्री मंत्र का जाप करें.

**मकर** कार्य योजना में विस्तार हो सकता है.कामकाज में सफलता मिलेगी. शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा. काली वस्तु किसी गरीब को दान दें.

**कुंभ** कोई बड़ा कार्य होगा, जिसका उचित लाभ भी होगा. शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी. स्वभाव में गंभीरता एवं एकाग्रता बनी रहेगी. परिवार की तरफ से मन प्रसन्न रहेगा. किसी प्रकार के विवाद में ना पड़े. शनि को खुश करें.

**मीन** ससुराल से कोई शुभ समाचार मिलने का योग है. भाग्य का साथ मिलेगा. करीबियों की भावनाओं की कद्र करें. आपके मन में एक नया उत्साह और जोश दिखाई देगा. कामकाज में लाभ होगा. ससुराल से लाभ होगा.

## 2.41 एकड़ की सरकारी जमीन पर दोबारा शुरु हुआ अवैध निर्माण कार्य

संजीव मेहता। आदित्यपुर

आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 27 में करीब ढाई करोड़ की 2.41 एकड़ सरकारी जमीन को खरीद-फरोख्त का खेल छह वर्ष पूर्व से चल रहा था, जिसे भू माफियाओं ने प्लाटिंग कर आम लोगों को बेच दी थी. इसका खुलासा आरटीआई कार्यकर्ता रंजन दास के द्वारा जानकारी मांगे जाने पर हुई. जिसके बाद जून 2023 में तत्कालीन सीओ ने जमीन को कब्जामुक्त करने की कार्रवाई थी, लेकिन जमीन को खाली कराकर यूं ही छोड़ दिया गया. इसके बाद अब दोबारा भू माफिया इस जमीन को घेराबंदी कर अवैध निर्माण करवा रहे हैं. इस जमीन की खरीद-फरोख्त की बातें इन दिनों आदित्यपुर में चर्चा का विषय बना हुआ है.

**क्या है मामला :** बता दें कि आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 27 में रेलवे कॉलोनी से सटे 2.41 एकड़ सरकारी जमीन है. जिसपर इच्छापुर के भू माफियाओं ने करीब 30 वर्षों से अवैध कब्जा कर रखा था. अब इसी अवैध दखल का हवाला देकर भू माफिया आम लोगों को करोड़ों के भाव में जमीन बेच दी है तथा इस भूखंड पर अब धड़ल्ले से अवैध निर्माण कार्य जारी है. आरटीआई और सामाजिक कार्यकर्ता रंजन दास द्वारा अंचलाधिकारी गम्हरिया से दोबारा शिकायत की गई है. लेकिन पुलिस प्रशासन मौन है. बताया जा रहा है कि इसमें अंचल कार्यालय की शह है, जिसकी वजह से यह कार्य धड़ल्ले से जारी है. साथ ही बचे हुए जमीन की प्लाटिंग कर उसे बेचा जा रहा है.

### प्रशासन मौन, भू माफियाओं की चांदी

शिकायतकर्ता रंजन दास बताते हैं कि 48 खाते की प्लॉट नंबर 1126, 1127, 1128 और 1129 को अवैध कब्जा दिखाकर भू माफिया अंचल कार्यालय की शह पर जमीन की प्लाटिंग कर उसे बेच रहे हैं. वर्ष 2023 में तत्कालीन अंचलाधिकारी द्वारा अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया गया था, लेकिन मौजूदा अंचल प्रशासन इस बात से मौन है और भू माफियाओं की चांदी है.

**शुभम संदेश और लगातार.इन की पहल : क्या कहते हैं फर्स्ट टाइम वोटर....**

# शिक्षित, ईमानदार और निडर हाथों में हो देश की शासन व्यवस्था

**लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड के युवा मतदाताओं में काफी उत्साह है। राज्य के 2233738 युवा लोकसभा चुनाव में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन्हीं युवाओं का वोट देश और राज्य का भविष्य तय करेगा। राजनीतिक दल और उम्मीदवार इन युवाओं का वोट अपने पाले में करने के लिए तरह-तरह की रणनीति बना रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार समेत कई मुद्दों को लेकर युवाओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं, लेकिन आज का युवा जाग चुका है। युवा मतदाता जागरूक हो चुके**




**हैं। अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझते हैं। पहले ये उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों को देखेंगे। उन्हें परखेंगे। जो उनकी कसौटी में खरा उतरेगा उसे अपना वोट देने का फैसला लेंगे। युवा वोटरों की चुनाव और देश की राजनीति को लेकर क्या राय है। हमने अपने सहयोगी न्यूज पोर्टल लगातार डाट इन में युवाओं की राय मांगी थी। सैकड़ों युवाओं ने हमें अपनी राय भेजी है। युवाओं की सोच उनके नजरिए को हम दैनिक शुभम संदेश में प्रकाशित कर रहे हैं।**

### धर्म और जाति के नाम पर भेदभाव नहीं होना चाहिए : खेमलाल महतो


देश की शासन व्यवस्था ऐसे लोगों के हाथ में होनी चाहिए जो शिक्षित, ईमानदार और निडर हो. जो देश के सभी वर्ग किसान,



जवान, मजदूर, व्यापारी सभी लोगों को एक साथ लेकर चले. धर्म और जाति के नाम पर भेदभाव न हो. शिक्षा, स्वास्थ्य और न्यायपालिका पूरी तरह मुफ्त हो. सभी को समान रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय सुविधा मिले. देश की अर्थव्यवस्था तभी सुधरेगी, जब देश का पैसा देश में रहेगा और देश का हर एक व्यक्ति अडानी-अंबानी के बराबर होगा.

### केंद्र व राज्य सरकार हर वर्ग को एक नजरिए से देखेः सद्दाम हुसैन

केंद्र और राज्य की सरकार से आग्रह है कि समाज के सभी वर्गों को एक नजरिए से देखें. एजुकेशन,



बेरोजगारी, नौकरी, महंगाई और गरीबी पर बात होनी चाहिए. समाज के सभी वर्ग का विकास होना चाहिए. सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबको मिले. सड़क, बिजली, पानी, रोजगार और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं हर गांव-मुहल्ले तक पहुंचे.

### मैं किसी भी कीमत पर ईवीएम पर वोटिंग नहीं करना चाहता हूं: मनीष

मैं ईवीएम पर वोटिंग नहीं करना चाहता हूं. मैंने ईवीएम पर वोट की चोरी का वीडियो देखा है. मैं बैलेट पेपर पर



अपना वोट डालना चाहता हूं. हमें 5 साल बाद वोटिंग करने का मौका मिलता है. जब हम पांच साल तक इंतजार कर सकते हैं, तो इलेक्शन कमीशन वैलेट पेपर पर इलेक्शन करा कर काउंटिंग कराये. इसमें जो भी टाइम लगता है लगे, हम इंतजार कर लेंगे.हमारा वोट अमूल्य है.

### हम सब आदिवासियों को एकजुट हो प्रत्याशी चुनना है : लखींद्र बेदिया

इस बार लोकसभा ओर विधानसभा दोनों ही चुनाव में हम सब आदिवासियों को एकजुट होना है. हमें ऐसे



ऐसा उम्मीदवार चुनना है, जो राज्य के आदिवासियों को आने वाले खतरे से बचा सके. हमें ऐसा उम्मीदवार चुनना होगा, जो आदिवासियों की जल, जंगल और जमीन की रक्षा कर सके. हमारी सभ्यता और संस्कृति की रक्षा कर सके और हमें विकास की राह पर ले जाए.

### सभी को अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा मिले : राहुल कुमार सिंह

मैं धनबाद लोकसभा क्षेत्र से हूं. धनबाद को झारखंड की आर्थिक राजधानी के रूप में जाना जाता है.



लगातार कोयला खनन के कारण यहां से राज्य और देश को भारी राजस्व मिल रहा है, लेकिन ये कोयला बहुत से क्षेत्र को खोखला भी करता जा रहा है. लोग मजबूरी में विस्थापित हो रहे हैं. प्रदूषण भी बढ़ता जा रहा है, जिसका समाधान होना चाहिए. सभी को अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा मिलनी चाहिए.

### क्या सिर्फ सड़कें और मंदिर बनाने से देश का विकास होगा : रोहित कुमार डे

सबसे बड़ी समस्या भ्रष्टाचार है, जो देश में कभी खत्म नहीं होगा. कहते हैं देश विकास कर रहा है, लेकिन



क्या सिर्फ सड़कें और मंदिर बनाने से देश का विकास होगा. सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर कैसा है, सबको पता है. किसानों की हालत किसी से छिपी नहीं है. कर्ज लेने वाले किसान आत्महत्या के लिए मजबूर होते हैं, जबकि अमीरों का करोड़ों का लोन माफ कर दिया जाता है.

### हटिया में पांच लाख मतदाता, पर पेयजल संकट गहरायाः प्रेम कुमार


रांची लोकसभा के हटिया निर्वाचन क्षेत्र में 5 लाख मतदाता हैं. यह बहुत बड़ा क्षेत्र है.यहां पेयजल की



समस्या काफी बड़ी है. पाइपलाइन बिछा तो दी गयी है, लेकिन पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है. गंगा नगर, विद्यानगर, हरमू, यमुना नगर, मधुकम समेत कई मुहल्लों में पानी के लिए त्राहिमाम होता है. जनप्रतिनिधि आते हैं, आश्वासन देते हैं, लेकिन कुछ नहीं होता.

### मुफ्त की रेवड़ियां युवाओं को लाचार बना सकती हैं : सुमित सिंह

झारखंड प्रदेश में 22 लाख नए युवा वोटर तैयार हैं. पहली बार वोट देने जा रहे युवाओं से अपील है कि आप



अपनी समझ के आधार पर वोट का फैसला करें. यह आपका मौलिक अधिकार है. युवा को अपने भविष्य और राष्ट्रहित में वोट करना सुनिश्चित करना चाहिए. शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को अपने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करने वालों को ही वोट करें. मुफ्त की रेवड़ियां युवा को लाचार बना सकती हैं.

### तस्वीर बदलने के लिए अच्छी सरकार चुनना चाहिए : सागर प्रजापति

कोई भी चुनाव हमारे देश और राज्य के भविष्य का निर्माण करता है. साथ ही साथ हमारा और हमारे परिवार का भविष्य कैसा होगा, यह भी चुनाव पर निर्भर करता है. पिछले कुछ वर्षों से सत्ता पक्ष की निष्क्रियता के कारण युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो चुका है. अंधी और बहरी सरकार केवल अपना और अपने चापलूसों का जेब भरना चाहती है. देश, राज्य और समाज की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए हमें अच्छी सरकार चुनना चाहिए.

**एसपी, डीआईजी और डीजीपी को दिया गया आवेदन, पुलिस रही मौन**

# त्रिवेणी-सैनिक के निदेशकों पर शिकायतवाद दर्ज

संवाददाता। हजारीबाग

भारत सरकार की महारत्न कंपनी एनटीपीसी की पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना के एमडीओ त्रिवेणी-सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के परियोजना प्रमुख बी प्रभाकरण, निदेशकों सहित अन्य पर 85 लाख रुपये के गबन, धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कैलाश साव द्वारा कोर्ट शिकायतवाद दायर कराया गया है. अधिवक्ता पवन यादव और अनिरुद्ध कुमार की बहस सुनने के बाद ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट सृष्टि कुमारी के कोर्ट ने मामले को एडमिट कर लिया है. इससे पूर्व डाडी ओपी में मामले की शिकायत की गयी थी, लेकिन कार्रवाई नहीं किए जाने पर जुगरा विस्थापन समिति के अध्यक्ष कैलाश साव द्वारा हजारीबाग के एसपी, डीआईजी, डीजीपी से भी मामले की शिकायत की गयी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई.

### 85 लाख बकाये में से 23 लाख का चेक देकर धोखे से लिया वापस

शिकायतकर्ता कैलाश साव ने अपने शिकायतवाद में कहा है कि वर्ष 2018 में जुगरा विस्थापन समिति के साथ त्रिवेणी-सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट हेड



के साथ एक एकरारनामा हुआ. इसमें सड़क मार्ग से कोयला ट्रांसपोर्टेशन के लिए प्रदूषण रोकऐ के उपाय करने के लिए पांच लाख रुपये प्रति महीना भुगतान करने की सहमति बनी थी. इसके बाद कंपनी ने वर्क ऑर्डर भी दिया था. कुछ महीनों तक राशि का भुगतान किया गया, उसके बाद काम भी लिया गया और भुगतान भी नहीं किया गया. त्रिवेणी सैनिक कंपनी की तरफ से 10 लाख और 13 लाख रुपये का भुगतान चेक के माध्यम से किया गया, लेकिन चेक कैश नहीं हो सका.

### विधायक के हस्तक्षेप के बाद भुगतान रुका

बताया जाता है कि एनटीपीसी को सड़क मार्ग से कोयला ट्रांसपोर्टेशन कई गांवों से होकर होता था, जिससे प्रदूषण फैलता था. जुगरा के ग्रामीणों ने इसका विरोध किया. काम बाधित होने पर त्रिवेणी-सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने ग्रामीणों के साथ समझौता किया और पांच लाख महीना देने पर सहमति जतायी. बाद में प्रदूषण के नाम पर एक विधायक के हस्तक्षेप और सड़क से कोयला परिवहन में दखल देने के बाद जुगरा विस्थापित समिति का भुगतान कंपनी ने रोक दिया.

### प्रोजेक्ट हेड सहित इन निदेशकों को बनाया आरोपी

- जुगरा विस्थापन समिति के अध्यक्ष कैलाश साव दायर शिकायतवाद में तत्कालीन प्रोजेक्ट हेड सुब्रमण्यम स्वामी, निदेशक
- कुलदीप सिंह सोलंकी, ब्रितपाल संधू, सिद्धार्थ जैन, बालासुब्रमण्यम प्रभाकरण, बालासुब्रमण्यम कार्तिकेयन, कार्तिकेश्वर, हिम्मत सिंह
- बेदला आदि को आरोपी बनाया गया है.

# कोडरमा में अन्नपूर्णा को चुनौती देंगे माले विधायक विनोद सिंह

रवि भारती। रांची



भाकपा माले के विधायक विनोद सिंह कोडरमा संसदीय सीट से चुनाव लड़ेंगे. पार्टी ने शनिवार को इसकी घोषणा कर दी. भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने बताया कि विनोद सिंह के नाम पर इंडिया अलायंस ने मुहर लगा दी है. उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही भाकपा माले ने घोषणा पत्र भी जारी कर दिया है.बताते चलें कि विनोद सिंह फिलहाल बगोदर से भाकपा माले से विधायक हैं. उनकी बेहतर छवि को देखते हुए पार्टी ने उन्हें उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है. कोडरमा लोकसभा सीट पर उनका मुकाबला भाजपा प्रत्याशी और वर्तमान सांसद व केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी से होगा.

**दलितों, मजदूरों और पिछड़ों की बनेंगे आवाज :** मनोज भक्त ने कहा कि पिछले कई दशकों से कोडरमा में मजदूरों, दलितों और पिछड़ों की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है. भारतीय जनता पार्टी एक दशक से अधिक समय से कोडरमा लोकसभा का नेतृत्व कर रही है, लेकिन वहां के कार्यकर्ता आज भी दर-दर भटकने को मजबूर हैं. जब उनके उम्मीदवार जीतकर लोकसभा पहुंचेंगे तो वे निश्चित रूप से कोडरमा के मजदूरों और मूल निवासियों की समस्याओं को उठाएंगे. भाकपा- माले कोडरमा क्षेत्र के हर समाज और हर वर्ग के लोगों की समस्याओं को उठाने का प्रयास करती रहेगी.

**खास बातें**

- दलितों, मजदूरों और पिछड़ों की बनेंगे आवाज : मनोज
- इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी होंगे विनोद,

# सहयोग करें, तो चुनाव लड़ सकता हूं : सरयू राय

संनाददाता। झरिया (धनबाद)

**झरिया पहुंचे जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय**



दामोदर बचाओ अभियान के प्रणेता, पर्यावरण योद्धा, सह जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय शनिवार को झरिया में अपने समर्थकों से मुलाकात की. इस दौरान विधायक सरयू राय का झरिया के लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया. लोगों ने एक स्वर में कहा कि धनबाद में सरयू राय जैसे नेता की जरूरत है. इस दौरान झरिया के पर्यावरण की स्थिति, सामाजिक एवं राजनीतिक हालातों पर चर्चा की. सरयू राय ने कहा कि कोयलांचल में पर्यावरण की स्थिति बिगड़ी है और इसके पीछे भ्रष्टाचार जिम्मेवार है. मैं 2004 से दामोदर बचाओ पर काम कर रहा हूं. आज दामोदर नदी की स्थिति सुधर गई है, साफ हो गई है, किंतु बीसीसीएल के अकर्मण्यता के कारण इसे पुनः प्रदूषित किया जा रहा है. धनबाद में प्रदूषण, भूमिगत आग, भू-धंसान, विस्थापन एवं अन्य ज्वलंत समस्याओं को लेकर लोग त्रस्त हैं और उनके पुकारने पर मुझे यहां आने पर विवश होना पड़ा. मैंने यहां के पर्यावरण संरक्षण पर कार्य किया हूं और इसे बचाने के लिए आगे भी कार्य करता रहूंगा.

**आग्रह पर यहां आना पड़ा :** विधायक सरयू राय ने कहा कि जमशेदपुर में 2019 में जो राजनीतिक हालात थे, वहीं हालात आज धनबाद की राजनीतिक में उत्पन्न हो गये हैं. अतः मुझे धनबाद के लोगों के आग्रह पर यहां आना पड़ा. यदि धनबाद के लोग तन मन धन से मुझे सहयोग करने की मंशा रखते हैं तो मैं चुनाव लड़ने के विषय में सोच सकता हूं. सरयू राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को यहां के लोकसभा उम्मीदवार के चयन पर पुनः विचार करना चाहिए, नहीं तो आने वाले समय में धनबाद के लोग उन्हें माफ नहीं करेंगे. उन्होंने कहा कि भाजपा के अलावा अन्य पार्टियों से भी मैंने बात की है और कहा है कि धनबाद की स्थिति को देखते हुए स्वच्छ छवि के उम्मीदवार को मैदान में उतारें, तभी स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है.

### वीमेंस स्विमिंग सीजन में कात्यायनी ने झटके दो रजत

**जमशेदपुर।** नेताजी सुभाष पब्लिक स्कूल पोखारी में अध्ययनरत दसवीं कक्षा की छात्रा कात्यायनी सिंह ने संस्थान समेत लौहनगरी को गौरवान्वित किया है. बिहार के पटना में आयोजित खेलो इंडिया वीमेंस स्विमिंग सीजन 2023 (राउंड- 2) प्रतियोगिता के पहले ही दिन कात्यायनी ने दो रजत पदक हासिल कर स्कूल के साथ राज्य का भी नाम रोशन किया है. कात्यायनी के इस उपलब्धि पर नेताजी सुभाष संस्थान के प्रबंध निदेशक मदन मोहन सिंह ने उसे बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है. बताया कि नेताजी सुभाष संस्थान अपने छात्र-छात्राओं के केवल शैक्षणिक ही नहीं बल्कि बौद्धिक प्रतिभा को भी निखारने की दिशा में सतत प्रयत्नशील रहता है. उन्होंने कात्यायनी को संस्थान का रोल मॉडल बताते हुए दूसरे बच्चों को भी उससे प्रेरणा लेने की सीख दी.

**पेज एक का शेष...**

### भाजपा की मैनिफेस्टो कमेटी में झारखंड...

वहीं, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राधामोहन दास अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, ओपी धनखड़, अनिल एंटनी शामिल हैं. भाजपा ने पिछले माह ही लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी. पार्टी ने लोगों से सुझाव मांगने के लिए अलग-अलग इलाकों में ''रथ'' भी रवाना किए थे. भाजपा अपने घोषणा पत्र को 'संकल्प पत्र' कहती है. सूत्रों के मुताबिक, इस बार का घोषणा पत्र गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है. पार्टी का इस बार का घोषणा पत्र 2047 तक देश को विकसित बनाने की 'योजना' पर भी आधारित होगा. सूत्रों के मुताबिक 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान से पहले पार्टी अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है.

### बरियातू की 8.5 एकड़ जमीन...

**राजस्व उप निरीक्षक भानु को लेकर जमीन पर गई थी ईडी की टीम :** जमीन घोटाला मामले की जांच कर रहे ईडी के अधिकारी 11 फरवरी को रांची के बड़गाईं अंचल के तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद को भौतिक सत्यापन के लिए बरियातू क्षेत्र में स्थित उस भूखंड पर ले गए थे, जिसकी जांच चल रही है. भानु ने ईडी टीम के समक्ष स्वीकार किया कि उसने इसी जमीन की मापी अमीन शशिंदर महतो के माध्यम से कराई थी. भानु ने बताया कि उसे कहा गया था कि 'बॉस' की जमीन की मापी करनी है. उक्त जमीन कुल 12 प्लॉट में बंटी है. कौन सा प्लॉट किसके नाम पर है, इसकी जानकारी भी उसने ईडी को दी थी.

**ईडी ने साढ़े पांच हजार पन्नों की प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन कोर्ट में जमा की:** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ दर्ज लैंड स्कैम के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग के केस में केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन (पीसी) दाखिल कर दी है. शनिवार को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) के विशेष कोर्ट में ईडी के अधिकारियों ने प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन (पीसी) दाखिल की है. लगभग साढ़े पांच हजार पन्नों की प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन (पीसी) जमा की गई है, जिसमें कोर्ट को यह विस्तृत जानकारी दी गई है कि लैंड स्कैम के जरिये हुए मनी लॉन्ड्रिंग में किसकी क्या भूमिका है. ईडी ने जो पीसी दायर की है, उसमें हेमंत सोरेन के साथ बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, आर्किटेक्ट् विनोद सिंह, हिलेरियस कच्छप और राजकुमार पाहन का नाम शामिल है.

**प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन पर कोर्ट शीघ्र ले सकता है संज्ञान :** ईडी की प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन (पीसी) पर कोर्ट जल्द ही संज्ञान ले सकता है. 21 मार्च को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पीएमएलए कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया था. इसके बाद कोर्ट ने 5 अप्रैल तक उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी है. हेमंत सोरेन फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में हैं.

**31 जनवरी की रात ईडी ने सीएम को किया था गिरफ्तार :** बता दें कि तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस्तीफा देने के बाद मनी लैंड स्कैम मामले में 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार कर लिया गया था. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लैंड स्कैम से जुड़े मामले में सात घंटे से ज्यादा देर तक की गयी पूछताछ के बाद हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था.

**कार्रवाई**

**पुलिस मिनी पंजाब होटल से लेकर घटना स्थल तक के सीसीटीवी की कर रही है जांच**

# ज्योति अग्रवाल हत्याकांड मामले में एसआईटी का हुआ गठन

रोहित कुमार। जमशेदपुर

जमशेदपुर से सटे चांडिल थाना अंतर्गत टेंथ माइल स्टोन के पास शुक्रवार की रात अपराधियों ने कारोबारी रवि अग्रवाल की पत्नी ज्योति अग्रवाल (39) की गोली मारकर हत्या कर दी थी. इधर, घटना के बाद मामले के उद्भेदन के लिए सुनिल कुमार रजवार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया है. जिसमें अंचल निरीक्षक अजय कुमार, चांडिल थाना प्रभारी, कपाली थाना प्रभारी और चौका थाना प्रभारी को शामिल किया गया है. जांच में जमशेदपुर पुलिस का भी सहयोग लिया जा रहा है. पुलिस भिलाई



**सीतारामडेरा थाना प्रभारी पर गिर सकती है गाज**

**अपराधियों ने ज्योति अग्रवाल को मारी थी गोली**

पहाड़ी स्थित मिनी पंजाब होटल से लेकर घटना स्थल तक के सीसीटीवी की जांच कर रही है.

**पति की गतिविधि भी जांच के घेरे में :** पति रवि की गतिविधि भी जांच के घेरे में है. रवि के अनुसार, अपराधी दो की संख्या में आए और बंदूक सटा दी. अपराधियों ने पहले उसपर गोली चलाई पर पिस्टल लॉक हो गई. वहीं, ज्योति पर चलाई गई गोली उसके सिर पर लग गई. ज्योति को टीएमएच पहुंचाया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. इधर, शनिवार दोपहर ज्योति के शव का पोस्टमार्टम किया गया. पोस्टमार्टम हाउस में भी यह संशय बना हुआ था कि शव मायके पक्ष लेकर जाएगा या ससुराल पक्ष. अंत में शव को ससुराल पक्ष ले गए और शव का अंतिम संस्कार किया. मामले को लेकर अब तक किसी तरह की लिखित शिकायत नहीं की गई है.

**रवि व ज्योति के बीच संबंध सही नहीं थेः मायका पक्ष**

मायके पक्ष के लोगों का कहना है कि रवि और ज्योति के बीच के संबंध सही नहीं थे. कई बार रवि ने ज्योति के साथ मारपीट भी की थी, जिसकी शिकायत ज्योति करती थी. इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच बैठक कर समझौता भी किया गया था, बावजूद इसके आये दिन मारपीट की घटना जारी रही. वहीं, पति रवि का कहना है कि ज्योति की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, इसलिए वह अक्सर मारपीट करती रहती थी. ज्योति का इलाज भी चल रहा था.

**मामले की तहकीकात की जा रही**

### मारवाड़ी समाज में आक्रोश

ज्योति हत्याकांड मामले को लेकर मारवाड़ी समाज के लोग शनिवार को जमशेदपुर एसएसपी किशोर कौशल को ज्ञापन सौंप हत्यारों के गिरफ्तारी की मांग की है. वहीं, दूसरी ओर शनिवार को सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स की एक बैठक हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि जिला प्रशासन अगर 72 घंटे में हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं करती है तो सभी कारोबारी जमशेदपुर बंद का आह्वान कर सकते है. बैठक में मुख्य रूप से चेंबर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, पूर्व अध्यक्ष अशोक भालोयटिया समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे.



### शहर में विधि व्यवस्था चरमरा गई है : मुकेश

मारवाड़ी समाज के मुकेश मित्तल ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि इस घटना से साफ जाहिर है कि शहर की विधि-व्यवस्था चरमरा गई है. उन्होंने कहा कि एसएसपी से मिलकर मामले में हत्यारों के गिरफ्तारी की मांग की गई है.

> "हर व्यक्ति दिखने में अलग और स्वभाव से भी अलग होता है. कोई दिखने में गोरा है, कोई काला है, कोई सीधा है तो कोई क्रूर है, परंतु सभी में ईश्वर तत्व विद्यमान है. अतः सभी में ईश्वर की छवि देखनी चाहिए. मनुष्य को जीवन में त्याग की भावना रख कर जीवन यापन करना चाहिए. –स्वामी रामकृष्ण परमहंस"



# सच्चे संपूर्णानंद बनो, अब मूर्ख बनो, मतिमंद बनो!



कविता कलम
डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**मूर्ख** दिवस की पूर्व संध्या पर संसार के सभी मूर्खों को इस लघुतम मूर्ख का सादर प्रणाम. मैं उन्हें दंडवत प्रणाम करता हूं, जो मूर्ख होकर भी स्वयं को बुद्धिमान समझते हैं. जैसा कि आप जानते हैं कि साल में एक बार '32 मार्च' (जिसे छोटे से लेकर भीमकाय मूर्ख तक पहली अप्रैल या मूर्ख दिवस कहते हैं) हमारे आपके जैसे मूर्खों के लिए एक दिन आता है और हमें गौरवान्वित कर जाता है. सालों भर पूरी दुनिया तथाकथित बुद्धिमानों को सम्मान देती है, लेकिन मूर्खों को गधा समझ कर भी उसके आगे घास नहीं डालती. हालांकि मूर्ख बुद्धिमानों के लिए बड़े ही काम की चीज हुआ करते हैं. कहावत है कि जबतक इस संसार में मूर्ख रहेंगे, बुद्धिमानों के लिए दुर्भिक्ष नहीं आ सकता. ये मूर्ख ही हैं, जो अपनी अथक मूर्खता की बदौलत बुद्धिमानों को पालते हैं. यह ऐसा पवित्र दिवस है, जिसे लघुरथी से लेकर महारथी तक पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाते हैं, एक दूसरे को उल्लू बनाते हैं और आनन्द के सागर में गोते लगाते हैं. मूर्ख दिवस का महत्व देव, दानव, ऋषि-मुनि, नाग, यक्ष, गंधर्व आदि सबों ने समझा है. हिंदी साहित्य में हास्य रसावतार कवि काका हाथरसी, गोपाल प्रसाद व्यास, हरिशंकर परसाई, शैल चतुर्वेदी, हुल्लड़ मुरादाबादी, ओम प्रकाश आदित्य, अल्हड़ बीकानेरी जैसे महामनीषी साहित्यकार मूर्खों को भरपूर सम्मान देने के नाम पर सबको मूर्ख बनाते रहे हैं. इसी क्रम में याद आ रही है स्वनामधन्य साहित्यकार **गोपाल प्रसाद व्यास** की यह सुप्रसिद्ध कविता, जिसमें बड़े प्यार से मूर्ख बनने की सलाह दी गयी है.



बन चुके बहुत तुम ज्ञानचंद, बुद्धिप्रकाश, विद्यासागर?
पर अब कुछ दिन को कहा मान,
तुम लाला मूसलचंद बनो! अब मूर्ख बनो, मतिमंद बनो!
यदि मूर्ख बनोगे तो प्यारे, दुनिया में आदर पाओगे.
जी, छोड़ो बात मनुष्यों की, देवों के प्रिय कहलाओगे!
लक्ष्मीजी भी होंगी प्रसन्न, गृहलक्ष्मी दिल से चाहेंगी.
हर सभा और सम्मेलन के अध्यक्ष बनाए जाओगे!
पढ़ने-लिखने में क्या रक्खा, आंखें खराब हो जाती हैं.
चिंतन का चक्कर ऐसा है, चेतना दगा दे जाती है.
इसलिए पढ़ो मत, सोचो मत, बोलो मत, आंखें खोलो मत,
तुम अब पूरे स्थितप्रज्ञ बनो,
सच्चे संपूर्णानन्द बनो, अब मूर्ख बनो, मतिमंद बनो!




आशा है, आप पर भी इनकी इस रचना का सकारात्मक प्रभाव पड़ा होगा. गोपाल प्रसाद व्यास हिंदी साहित्य के मूर्धन्य व्यंग्यकार के रूप में मूर्खों से लेकर मानियों और ज्ञानियों तक को हंसाते रहे हैं. हास्य रस के इस सितारे को मैं पुण्यस्मरण के साथ श्रद्धापूर्वक प्रणाम करता हूं. हिंदी साहित्य में जब हास्य रस की बात निकलती है तो हास्य सम्राट कवि **काका हाथरसी** का स्मरण स्वाभाविक रूप से हो जाता है, जिन्होंने एक ऐसे देश की कल्पना की थी, जिसमें राजा से लेकर प्रजा तक सभी मूर्ख हों. उन्होंने अपने उस काल्पनिक देश का नाम मूर्खिस्तान रखा था. आइए, देखते हैं काका के सपनों का मूर्खिस्तान देश.



स्वतंत्र भारत के बेटे और बेटियो !
माताओ और पिताओ आओ, कुछ चमत्कार दिखाओ.
नहीं दिखा सकते ? तो हमारी हां में हां ही मिलाओ.
हिंदुस्तान, पाकिस्तान, अफगानिस्तान
मिटा देंगे सबका नामो-निशान, बना रहे हैं-नया राष्ट्र 'मूर्खिस्तान'
आज के बुद्धिवादी राष्ट्रीय मगरमच्छों से
पीड़ित है प्रजातंत्र, भयभीत है गणतंत्र, इनसे सत्ता छीनने के लिए
कामयाब होंगे मूर्खमंत्र-मूर्खयंत्र, कायम करेंगे मूर्खतंत्र.
हमारे मूर्खिस्तान के राष्ट्रपति होंगे- तानाशाह ढपोलशंख
उनके मंत्री (यानी चमचे) होंगे-
खड़्गासिंह, लट्ठासिंह, खाऊलाल, झपट्टासिंह
रक्षामंत्री-मेजर जनरल मच्छरसिंह
राष्ट्रभाषा हिंदी ही रहेगी, लेकिन बोलेंगे अंगरेजी.
अक्षरों की टांगें ऊपर होंगी, सिर होगा नीचे,
तमाम भाषाएं दौड़ेंगी, हमारे पीछे-पीछे.
हमारे होंगे पांच 'चकार'-चाकू, चप्पल, चाबुक, चिमटा और चिलम.
इनको देखते ही भाग जाएंगी सब व्याधियां
मूर्खतंत्र-दिवस पर दिल खोलकर लुटाएंगे उपाधियां
मूर्खरत्न, मूर्खभूषण, मूर्खश्री और मूर्खानंद.

न भूतो न भविष्यति- अपने शब्दों के हाव-भाव से पाठकों और श्रोताओं को खिलखिलाने पर मजबूर कर देने वाले कवि काका हाथरसी पर यह कहावत सटीक बैठती है. जीवन भर तो लोगों को हंसाते ही रहे, निधनोपरांत भी लोगों को हंसा रहे हैं. इन्हीं के समकक्ष हास्य रस के पकौड़े तलने में माहिर रहे हैं कवि **शैल चतुर्वेदी**. हास्य कविताओं से शौक रखनेवालों को इनका विशेष परिचय देने की आवश्यकता नहीं होती. स्वयं कष्ट में रह कर भी लोगों को बेधड़क हंसाते रहे. इन्होंने अपनी अर्द्धांगिनी के साथ इस प्रकार अप्रैल फूल मनाया-



एक दिन सकारे, घर पर हमारे, मच गया हंगामा
कहने लगी बच्चों की मां- "रखना याद
दस दिन बाद यानी एक अप्रैल को
अपनी वर्षगांठ मनाऊंगी, मिठाई बाजार से आएगी
नमकीन घर में बनाऊंगी और सुनो!
हमारे भैया को दे दो तार, वे चार दिन पहले आएं
भाभी व अम्मा को साथ लाएं सुख-दुख में
अपने ही साथ न देंगे तो घर गृहस्थी के काम कैसे चलेंगे
पप्पू की बुआ को एक दिन पहले पत्र डालना
और लिखना- "अकस्मात कल रात
वर्षगांठ मनाने की बात हो गई है
तुम न आ सकोगी इस बात का दुख है, तुम्हीं सोचो!
उनको बुलाकर भी क्या करोगे इस दड़बे में
किस-किस को भरोगे, वे आएंगी
तो बच्चो को भी लाएंगी और सुनो,
एडवांस की अर्जी दे आना लोगों का क्या है
कहते हैं-"दारू पीता है.
मगर लेडीज कपड़े तो गज़ब के सीता है
पचास बरस की बुढ़िया दिखने लगती है गुड़िया
अब तक खूब बनी आगे नहीं बनूंगी, साड़ी और ब्लाउज नहीं पहनूंगी
युग बदल गया है फैशन चल गया है
तंग सलवार हो, रंग व्हाईट हो, स्लीवलैस कुर्ता हो
नीचा और टाइट हो, चोटियों का रिवाज भी हो गया पुराना
आजकल है जूड़ों का जमाना, बाजार में बिकते हैं
नकली भी असली दिखते हैं एक तुम भी ले आना
तैयार ना मिले तो आर्डर दे आना, कपड़े बच्चों के लिए सिलेंगे
वर्ना पुराने कपड़ों में, अपने नहीं, पराए दिखेंगे."

हास्य रस के ऐसे महारथी आज सदेह हमारे साथ नहीं हैं, लेकिन अपनी लोकप्रिय रचनाओं के साथ वे अपने श्रोताओं और पाठकों के बीच अमर हैं. उन्हें मेरी ओर से श्रद्धांजलि. फिर उसी प्वाइंट पर वापस लौटते हैं. मूर्खों का दिवस बस कल ही है. सावधान रहिएगा, वर्ना कोई मूर्ख बना कर चला जाएगा और मुस्करा कर कह देगा-अप्रैल फूल मनाया....! रांची के गीतकार और हास्य कवि **प्रवीण परिमल** की इस कविता में कुछ ऐसी ही दुर्घटना के रोचक प्रसंग का बखान किया गया है. कविता के शीर्षक 'कृपा' में ही अप्रैल फूल ध्वनित हो रहा है.



मेरे एक मित्र हैं, जिनकी आदतें कुछ
विचित्र हैं!
एक दिन उनके घर एक शुभ कार्य संपन्न हुआ
यानी उनकी पत्नी को एक लड़का उत्पन्न हुआ!
मुझे जब यह ज्ञात हुआ कि मैं बाज़ी में उनसे परास्त हुआ
तो बधाई देने उनके घर जा पहुंचा जाकर बोला --
मुबारक हो, बहुत तंदुरुस्त लड़का हुआ है!
ज़वाब में, बिना कुछ सोचे-समझे विनम्रतावश वो बोल पड़े ---
सब आपकी कृपा है, सब आपकी दुआ है.

अप्रैल फूल डे अगर आता है तो इसे आना चाहिए. तनाव में रहनेवाले दुखी जनों को गुदगुदाना चाहिए, खुद हंसना चाहिए, दूजों को हंसाना चाहिए, लेकिन मूर्ख दिवस का मजा इस प्रकार लें कि किसी को कष्ट न पहुंचे. ऐसा मजाक न हो, जिसमें मजा न हो. इसी के साथ जय हिंद ! जय झारखंड !!

# लोकतंत्र का महापर्व और मतदाता की जिम्मेदारी



**होली** भारतीय चुनाव आयोग ने भारत की लोक सभा चुनाव के लिए चुनाव की घोषणा कर दी है. लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों ने तैयारियां और वृहत योजनाएं भी बनानी शुरू कर दी हैं. देश के एक ज़िम्मेदार नागरिक के रूप में हमारी भी जिम्मेदारी है कि हम भी कुछ तैयारी करें. हमें मतदाता के रूप में यह निश्चित रूप से यह सोचना चाहिए कि हम जिस भी प्रत्याशी को अपना मत देने जा रहे हैं क्या वह : क्षेत्र के निवासियों को जानता है.



चौराहा
प्रमोद कुमार झा

- क्या क्षेत्र की जनता उसको जानती और पहचानती है.
- उसका सार्वजनिक जीवन क्या किसी तरह के अपवादों से मुक्त रहा है.
- क्या व्यक्तिगत स्तर एवं सामाजिक स्तर पर परिवारबाद और भ्रष्टाचार का विरोधी रहा है.
- क्या उसमें सार्वजनिक मर्यादा की रक्षा करने की कोशिश की है.
- क्या उसने कभी बिना किसी प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ या स्वार्थ के असहाय लोगों की सहायता में रुचि ली है ?
- क्या सार्वजनिक जीवन/राजनैतिक जीवन में उसकी प्रतिबद्धता समय-समय पर बदलती रही है ?
- क्या व्यक्तिगत स्वार्थ के कारण उसने अपनी राजनीतिक विचारधारा में अवसर के अनुरूप परिवर्तन किया है ?
- क्या उम्मीदवार की प्रतिबद्धता क्षेत्र की जनता के प्रति राजनीतिक प्रतिबद्धता से कम है ?
- क्या उम्मीदवार ने एक विश्वासपात्र व्यक्ति के रूप में अपनी छवि बनाने में सफलता पाई है ?
- क्या वह जाति ,धर्म, सम्प्रदाय, लिंग,समुदाय या आर्थिक शक्ति के आधार पर आम लोगों को अपने पक्ष में प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है ?
- क्या उसपर कोई आर्थिक ,चारित्रिक ,व्यक्तिगत या संवैधानिक कोई भी मुकदमा लंबित है ?
- क्या उम्मीदवार किसी भी प्रकार के अपराध के कारण किसी भी न्यायालय से सजा पा चुका है ?
- क्या अपने चुनाव प्रचार में लोगों के विकास के लिए अपनी भावी योजना की रूपरेखा रख रहा है ? या सिर्फ अन्य उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों पर आक्षेप और दोषारोपण भर से काम चला लेता है ? अगर अपने वोट देने से पूर्व ये प्रश्न अपने आपसे मतदाता पूछें तो निर्णय लेने में सहूलियत होगी. अगर हम मतदाता के रूप में बिना विचार विमर्श के किसी भी प्रकार के प्रलोभन, आसक्ति या भावना के वशीभूत होकर मतदान करते हैं तो हमें एक मतदाता के रूप में बाद में किसी भी प्रकार की शिकायत का कोई नैतिक हक़ नहीं रहेगा.

# दर्शनीय और पवित्र स्थलों का केंद्र सीतामढ़ी



यायावर
डॉ. जंग बहादुर पाण्डेय

**सीतामढ़ी** जगत जननी जानकी की जन्मभूमि है. इसके साथ ही यह कई दर्शनीय और पवित्र स्थलों का केंद्र है. सौभाग्य और संयोगवश पिछले दिनों सीतामढ़ी की यात्रा की तो कई स्थलों के रहस्यों से अवगत हुआ.

**देवोकुली (देकुली) :** यह सीतामढ़ी शहर से पश्चिम में 19 किलो मीटर की दूरी पर है. यहां एक प्राचीन शिव मन्दिर स्थित है. शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर यहां हर साल एक मेला का आयोजन होता है. किंवदंतियों के अनुसार पांच पांडवों की पत्नी द्रौपदी का जन्म यहां हुआ था.

**पंथ पाकर :** यह सीतामढ़ी से उतर पूर्व में आठ किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है. ऐसा कहा जाता है कि देवी सीता जी को उनके विवाह के बाद इसी मार्ग से अयोध्या के लिए एक स्वर्ण पालकी में ले जाया गया था. यहां एक पुराना बरगद का पेड़ है, जहां देवी सीता ने विश्राम किया था.

**पुपरी :** यहां प्रसिद्ध बाबा नागेश्वर नाथ मंदिर है. भोले बाबा यहां नागेश्वर नाथ के रूप में प्रकट हुए थे. यहीं पास में देवी स्थान झझिहट है, जहां हनुमान जी की विशाल काय मूर्ति विराजमान हैं. लाल मंदिर, पंचेश्वर नाथ महादेव मंदिर, राणीसती मंदिर, चितरंजन गौशाला यहां की मुख्य पहचान है.

**धूर्जटीनाथ महादेव :** पुपरी से सात किलोमीटर उत्तर पूरब धर्मपुर-डुम्हारपट्टी गांव में बाबा धूर्जटीनाथ महादेव मंदिर है. जनश्रुति के अनुसार यहां स्वंभू बाबा धूर्जटीनाथ महादेव स्वयं प्रकट हुए हैं. सैकड़ों वर्ष पूर्व खुदाई के क्रम में जमीन के नीचे एक शिवलिंग मिला, जिसे स्थानीय लोगों के सहयोग से मंदिर बनाकर स्थापित किया गया है. इस मंदिर परिसर में बड़े धूमधाम से पूरे छः दिनों तक मनाया जाता है. यही से तीन किलोमीटर उत्तर बहिलबाड़ा गांव में हठीले हनुमान जी का मंदिर इस क्षेत्र की पहचान है.




**बाबा परिहार ठाकुर :** सीतामढ़ी जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर परिहार प्रखंड में बाबा परिहार ठाकुर का मंदिर स्थित है. यहां की मान्यता है कि जो भी बाबा परिहार ठाकुर के मंदिर में आता है, वह खाली हाथ नहीं जाता है.

**रानी स्वर्ण मंदिर सुरसंड :** यह मंदिर कई अनछुए पहलुओं को अपने में समेटे हुए है. कहा जाता है कि इस मंदिर को बनाने वाले कारीगरों के हाथ कटवा दिये गये थे, ताकि वे दूसरा स्वर्ण मंदिर नहीं बना सकें. मंदिर की ईंटवाली दीवार के गुंबद आदि की नक्काशी अद्भुत है. तहखाने के भीतर जाने पर लौटना मुमकिन नहीं. अंदर जाने वाले विषैले सर्प के शिकार बन जाते हैं. अत्यंत पौराणिक होने के बावजूद यह मंदिर उपेक्षा का शिकार है. इसका उद्धार करने और इसके रहस्यों से पर्दा उठाने की जरूरत है, जिससे पर्यटकों का ध्यान खींचा जा सके.यह पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो सकता है.

**बोधायन सार मंदिर :** बाजपट्टी प्रखंड के अंतर्गत बनगांव में भगवान बोधायन मंदिर अवस्थित है.यह स्थान महान गणितज्ञ बोधायन की जन्मस्थली एवं तपो स्थली के रूप में विश्व विख्यात है. संस्कृत वैयाकरण पाणिनि के गुरु महर्षि बोधायन ने इसी स्थान पर 700-8000 ईसा पूर्व कई काव्यों की रचना की थी. उनके द्वारा शुल्ब सूत्र और ब्रह्म सूत्र सहित कई महत्वपूर्ण ग्रंथों की रचना की गई थी. शुल्क सूत्र संस्कृत के सूत्र ग्रंथ हैं, जो स्रोत कर्मों से संबंधित है. इनमें यज्ञ वेदी की रचना से संबंधित ज्यामितीय ज्ञान दिया हुआ है. संस्कृत में शुल्ब शब्द का अर्थ नापने की रस्सी या डोरी होता है. इनके द्वारा रचित वृति ग्रंथ कई मायने में महत्वपूर्ण हैं. इनके ग्रंथों में गणित, ज्योतिष, दर्शन शास्त्र एवं सामाजिक आख्यानों पर प्रकाश डाला गया है. इनकी महिमा लगभग हर पौराणिक आख्यानों में दर्ज़ है. देवराहा बाबा ने यहां बोधायन मंदिर की आधार शिला रखी थी. पाइथागोरस प्रमेय की खोज भगवान बोधायन के द्वारा की गई थी, लेकिन मुगलों की झूठी कहानियों को पढ़ाने वाली सरकार ने कभी इन विषयों पर प्रकाश नहीं डाला. 2018 में बिहार के मुख्यमंत्री मंत्री श्री नीतीश कुमार पहली बार बोधायन मंदिर आये थे, तब जाकर इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने की संभावना बड़ी है. बोधायन मंदिर को विश्व के पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए कार्य हो रहा है.

**सभागाछी ससौला :** सीतामढ़ी से 20 किलोमीटर पश्चिम में इस स्थान पर प्रतिवर्ष मैथिल ब्राह्मणों का दूर का सम्मेलन होता था. मधुबनी के सौराठ गांव में भी एक ऐसा ही सभागाछी अवशेष होता जा रहा है. यहां मैथिल ब्राह्मणों के सात पुश्तों की सूची मिलान करके विवाह तय किये जाते थे. अब यह स्थान रख रखाव के अभाव में खंडहर होता जा रहा है.

# पहन ले चड्डी, छोड़ दे हल



नश्तर
सुधीर राघव

**पंडित** तोताराम मंडी की ओर जा रहे थे. शहर-कस्बों में तो रोज मंडी लगती है. गांवों में लोग साप्ताहिक और पाक्षिक मंडी जाते हैं. पंडित तोताराम जिस मंडी में जा रहे थे, वह तो पूरे पांच साल बाद लगी थी. इसलिए इस मंडी को लेकर उत्साह बहुत ज्यादा था. पंडिताइन के लाख मना करने के बावजूद पंडित तोताराम नहीं माने और सुबह-सवेरे ही नहा धोकर निकल पड़े मंडी. मगर घर से निकलते ही बच्चों ने उन्हें चिढ़ाना शुरू कर दिया- तोताराम तुनक कर चल, पहन ले चड्डी छोड़ दे हल. तोताराम ईंट लेकर बच्चों के पीछे भागे, मगर कोई उनके निशाने पर नहीं आया. पंडित तोताराम अब आम लोगों के लिए भविष्यवाणी नहीं करते थे. वर्ना एक समय तो लोग उनकी भविष्यवाणी के दीवाने थे. वह क्लोज एंडेड प्रश्नों पर बड़ी ही नपी-तुली भविष्यवाणी करते थे, जिसका एक हिस्सा हमेशा सही निकलता था. जैसे कोई उनसे पूछता, पंडीजी मेरे बेटे की नौकरी लगेगी ? तो वह एक गंभीर विचारक जैसी मुद्रा बनाकर थोड़ी देर तक सोचते फिर बर्फ जैसे ठंडे और निर्विकार लहजे में जवाब देते, नौकरी लग भी सकती है और नहीं भी. कुछ लोग मानते थे कि पंडित तोताराम की भविष्यवाणी का पहला हिस्सा सही होता है, जबकि कुछ मानते थे कि दूसरा हिस्सा. इस तरह पंडित तोताराम की भविष्यवाणी ने पूरे गांव को दो खेमों में बांट दिया था. जो यह मानते थे कि भविष्यवाणी का पहला हिस्सा सही होता है वे उपसर्गवादी और जो दूसरे हिस्से को सही मानते थे, प्रत्ययवादी कहलाए. ऐसी भविष्यवाणी को लेकर अक्सर उपसर्गवादियों और प्रत्यय वादियों में दंगे हो जाते थे. क्योंकि उपसर्गवादी कहते भविष्यवाणी का आगे का हिस्सा सच निकलेगा और प्रत्ययवादी कहते पीछे का हिस्सा. इसी बात पर झगड़ा शुरू होता, जो जल्द ही दंगे में बदल जाता. शेरों के राज में तो आए दिन ऐसे दंगे होते थे. मगर जब




जंगल में गधे का राज आया तो सेठ दुलीचंद सुनामी ने पंडित तोताराम को लोगों के लिए भविष्यवाणी करने से रोक दिया. साथ ही आदेश दिया कि वह अब सिर्फ केलोबेलो के न्यूज चैनलों पर वही भविष्यवाणी करेंगे जो उन्हें बताई जाएगी.

सेठ सुनामी की बात मानने के अलावा तोताराम के पास और कोई विकल्प नहीं था. सेठ सुनामी ने तोताराम का हुलिया भी पूरी तरह बदलवा दिया था. चुटियाधारी तोताराम पहले जनेऊ के साथ कमर पर नीचे सफेद धोती पहनते थे. अक्सर उपसर्गवादियों और प्रत्यय वादियों के झगड़े में कोई न कोई उनकी धोती खींच देता था. इसलिए सेठ सुनामी ने उन्हें जनेऊ के साथ एक बड़ा सा ढीला निक्कर पहनवा दिया, जो कमर पर एक मोटी बेल्ट से कसकर बांधा जाता. इसके खींच दिए जाने का कोई खतरा नहीं था, इसलिए पंडित तोताराम अब ज्यादा कोन्फिडेंट नजर आते. उनका कोन्फिडेंस देखकर लोगों ने मान लिया कि पंडित तोताराम अब ज्यादा ज्ञानी हो गये हैं. मगर मंडी में अचानक एक निक्कर वाले चुटियाधारी को देखकर किसानों ने तोताराम को घेर लिया. सब उनकी खिल्ली उड़ाने लगे कि मंडी में यह पाखंडी कौन ? चुटिया और निक्कर का फ्यूजन किसानों को कन्फ्यूज कर रहा था. उन्होंने समवेत स्वर में गाना शुरू किया - चुटियाधारी चाल न चल, छोड़ दे निक्कर उठा ले हल. घबराए पंडित तोताराम सीधे घर की ओर भागे.

# सीमाओं से उन्मुक्त अनुकृति की सिरेमिक पॉटरी



कला-संवाद
मनोज कुमार कपरदार





**व्यक्तिगत** विचारों में कला एक गम्भीर विषय है, जो व्यक्ति की अन्तर्निहित अभिव्यक्तियों से जुड़ा है. पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से किए हुए सृजन में स्वतः ही भाव प्रस्फुटित होता है. दर्शक इन्हीं भावों को अपने अन्दर के भावों से जोड़ता है और आनंदित होता है और उससे सौन्दर्य का अहसास होता है. सौन्दर्य, जो कला की आत्मा है, उसको एक कलाकार ही मनन, चिन्तन तथा प्रयोगों से जिन्दा रख सकता है और समाज को दिशा दे सकता है. कला हमारे जीवन का रागात्मक संस्कार है. हमारे यहां कला जीवन के लिए है, अपने लिए नहीं है. भारत की कला में धाराओं का आवेग भी है. भारतीय कला की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह समग्रता का आह्वान करती है. भारतीय कला अभिव्यक्ति के विभिन्न माध्यमों में सिरेमिक का विशेष महत्व है. देश के विभिन्न हिस्सो में अनेक कलाकार इस माध्यम में जुड़े हुए है. सिरेमिक के लिए हमारे यहां जो लोक प्रचलित शब्द है, वह चीनी मिट्टी है. चीन में जो मिट्टी है, उस मिट्टी का विकल्प सभी देशों ने अपने यहां की उपलब्ध मिट्टी में ढूंढा. उसमें उन गुणों को खोजा और वह गुण नहीं था तो दूसरी मिट्टी में खनिजों को मिलाकर काम किया. हालांकि इसका एक दूसरा अर्थ यह भी है कि मिट्टी को तब तक पकाना है, जब तक वह पिघल न जाय. उसके पिघलने से ही उसमें गुण पैदा होते हैं, जिससे दाने आपस में चिपक जाते हैं.

सिरेमिक माध्यम हमारे यहां पारंपरिक रूप में उद्योग के साथ आया. हमारे देश में पर्शिया से सारे राजा रजवाड़ों के यहां क्रॉकरी आती थी, बड़े बडे पॉट आते थे. उसी के साथ-साथ सौंदर्यपरक पॉटरी की परंपरा भी हमारे अंग्रेजों के माध्यम से जिसे हम वर्तमान सिरेमिक के रूप में देखते हैं, जिसमें अनुकृति टोप्पो जैसे कलाकार कार्य कर रहे हैं. बचपन से कला के प्रति रुचि रखने वाली अनुकृति टोप्पो एक ऐसी सिरेमिक कलाकार हैं, जो सिरेमिक पॉटरी की सीमाओं से उन्मुक्त हैं. ये अपने आपको केवल एक पॉटर नहीं मानतीं और न ही स्वयं को एक डिजाइनर के तौर पर देखती हैं, बल्कि अपनी कृतियों को एक कलाकार शिल्पी के सृजन के रूप में देखती हैं. ये पॉटरी की प्रचलित रूढ़ियों में बंध नहीं पाईं और इसीलिए इनके कार्य अनिवार्यतः इनसे पूरी तरह मुक्त हैं.

टेराकोटा, सिरेमिक या भारत की पारंपरिक कला और समकालीन कला व्यापक चर्चा का विषय है. देश के ज्यादातर सिरेमिक कलाकार अपने देश की टेराकोटा शिल्प की परंपरा के साथ कोई खास संबंध बनाये हुए नहीं है. लेकिन आज देश में जिस मुकाम से सिरेमिक का कार्य हो रहा है, उसे ही अनुकृति टोप्पो जैसे कलाकार आगे बढ़ा रहे हैं. सिरेमिक के साथ एक और सबसे खास बात यह है कि इसमें रंगों की भी एक बड़ी रेंज, जो हमारे पास शिल्प के पारंपरिक माध्यमों टेराकोटा, पत्थर और काष्ठ शिल्प में नहीं है. बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी से फाइन आर्ट इन पॉटरी एण्ड सिरेमिक में बीएफए और सेरेमिक एण्ड ग्लास डिजाइन में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद से एएफए करने वाली अनुकृति टोप्पो की सेरेमिक कला की इस विकास यात्रा को हमें समझना होगा.

# आखर



निर्मल वर्मा (3 अप्रैल 1929-25 अक्तूबर 2005)

निर्मल वर्मा हिन्दी के आधुनिक कथाकारों में एक थे. उनके शब्दों में संवेदनात्मक बुनाई इतनी गहरी थी कि पाठक इस मायाजाल में खुद ब खुद नीचे उतरते-उलझते चले जाते. गद्य के वैभव का जब जिक्र होगा, निर्मल वर्मा को याद करना हमारी बाध्यता होगी. मूर्तिदेवी पुरस्कार (1995), साहित्य अकादमी पुरस्कार (1985) उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान पुरस्कार और ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित निर्मल वर्मा की कहानियां अभिव्यक्ति और शिल्प की दृष्टि से बेमिसाल हैं. जन्मदिवस के बहाने झारखंड के जाने माने साहित्यकार अपने अंदाज में लेखक की कृति परिंदे की चर्चा के साथ उन्हें याद कर रहे हैं.

## अधूरे प्रेम की दास्तां परिंदे



राकेश कुमार सिंह

निर्मल वर्मा की कहानी "परिंदे" मेरी प्रिय कहानियों में से एक है. इस कहानी को पहली बार मैंने तब पढ़ा था जब मैं किशोर था या शायद किशोर-युवा की संधिरेखा पर खड़ा था. तब कथा-कहानियों के लिहाज से मन मानो कोरा कागज था जिस पर लिखी लिखाई बहुत दिनों तक अमिट रह जाती है.
कुमाऊं का एक कान्वेंट स्कूल, सर्दियों की छुट्टियों में खाली होते हॉस्टल का तारी होता सन्नाटा, गगनचुंबी चीड़-देवदार-बुंरूश की छाया तले सघन होती नीरवता, वातावरण का कलात्मक रचाव...इतना संवेदनशील गद्य मैंने कभी नहीं पढ़ा था. मुझ पर मानो एक अवसाद हावी होता गया था जो कहानी पूरी होने के हप्ते भर तक मुझ पर हावी रहा था.
कहानी की केंद्रीय चरित्र है लतिका जो अपने प्रेमी मेजर गिरीश की हवाई दुर्घटना में मृत्यु के अतीत को भूलने की कोशिश में अतीत के भीतर गहरे उतरती जाती है. यह जानते हुए कि मरने वाले के साथ कोई नहीं मरता. लतिका अतीत से मुक्त होना चाहती तो है परन्तु विडंबना यह कि वह डरती भी है कि मानो यह अतीत कोई ऐसी शै है जो उसके हाथों से छिन गई तो फिर कभी वापस नहीं मिलने वाला है. लतिका न तो गिरीश को भूल कर कोई नया रिश्ता बना पाती है न ही अपनी अतीतजीवी चेतना से मुक्त हो पाती है. मानो वह आधी भीतर : आधी बाहर चिरती जाती है.
"परिंदे" अधूरे छूटे प्रेम का प्रतीक हैं. यह मानों किसी असमाप्त अंत और अभिशप्त प्रतीक्षा की कहानी है. यह मनुष्य के अपनी नियति की तलाश की कहानी है जो अपूर्ण रहने को अभिशप्त है. जो पूरी हो ही नहीं सकती. इस सच को स्मृतियों के किमियागर निर्मल वर्मा ने बेहद संवेदनशीलता के साथ रचा है.
स्कूल परिसर में धड़कते जीवन के इस कोलाज में लतिका के अलावा अपने-अपने अलगाव बोध को झेलते डॉ मुखर्जी हैं, संगीत शिक्षक मिस्टर ह्यूबर्ट हैं, प्रिंसिपल मिस वुड हैं जो अपने अपने अरण्य में मानो अकेले हैं. सबकी अपनी-अपनी एक अधूरी कहानी है. महत्वपूर्ण पात्रों में छात्रा सुधा है और जूली है. इसके के अलावा एक अनदेखा चरित्र गिरीश है जो कहानी में है भी और नहीं भी.
हर महत्वपूर्ण पात्र अपने एकाकीपन के संत्रास से जूझ रहा है. हर पात्र मानो किसी की प्रतीक्षा करता हुआ अपने चेतन-अवचेतन से लड़ रहा है. पात्रों के साथ जीते पाठक को कहानी अनुभव की ऐसी दुनिया में खींचती जाती है जहां कहानी मात्र एक कथा नहीं रह जाती वरन् पात्रों के साथ सहयात्री हो चुके पाठक का निजी अनुभव बन जाती है.
इस कहानी में प्रेम के प्रति उत्कट सम्मोहन भी है और अधूरेपन को अभिशप्त प्रेम की स्मृतियों से मुक्ति की विवश छटपटाहट भी है.
टूटे हुए प्रेमियों के अलगावबोध की यह प्रेम कहानी जो मनुष्य की नियति की बड़ी कहानी बन जाती है, पढ़ चुकने के बाद भी किसी त्रासद सिंफनी की भांति कुछ समय-दिनों तक पाठक के भीतर धीमे-धीमे बजती रहती है.

### "परिंदे" की पंक्तियां

हमारा बड़प्पन सब कोई देखते हैं, हमारी शर्म केवल हम देख पाते हैं
अब वैसा दर्द नहीं होता, सिर्फ उसको याद करती है, जो पहले कभी होता था- तब उसे अपने पर ग्लानि होती है.वह फिर जान-बूझकर उस घाव को कुरेदती है, जो भरता जा रहा है, खुद-ब-खुद उसकी कोशिशों के बावजूद भरता जा रहा है.

मन्नू भंडारी अ पनी रचनाओं में मानवीय रिश्तों के विविध रंगों को मन्नू भंडारी इतने सहज, सरल व आत्मीय अंदाज में परोसती थीं कि वे किरदार हमें अपने ही आसपास जीवंत नजर आते. सधे शिल्प के जरिए जीवन के किसी स्पन्दित क्षण को पकड़ना उनकी खासियत रही. 1960 के दशक के नयी कहानी आंदोलन की प्रणेता रहीं. उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, भारतीय भाषा परिषद, 'कला-कुंज सम्मान, बिहार राज्य भाषा परिषद, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी, 'दिल्ली शलाका सम्मान',केके बिड़ला फाउंडेशन व्यास सम्मान आदि कई सम्मानों से उन्हें पुरस्कृत किया गया. पत्रकार और साहित्यकार हिमकर श्याम जन्मदिन के बहाने उनकी कृतियों की कर रहे चर्चा...



मन्नू भंडारी (03 अप्रैल 1931 - 15 नवंबर 2021)

## भाषा-शिल्प की सादगी



हिमकर श्याम

स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथा साहित्य की प्रमुख हस्ताक्षर मन्नू भंडारी की रचनाओं में स्त्री-मन से जुड़ी अनुभूतियों की अभिव्यक्ति देखी जा सकती है. कहानियां हों या उपन्यास उनमें भाषा और शिल्प की सादगी तथा प्रमाणिक अनुभूति मिलती है. मन्नू जी का कथा-साहित्य जीवन से जुड़ा हुआ है. उन्होंने आजादी के बाद लोगों में पैदा हुई इच्छाओं और आशाओं पर जमकर लिखा. महानगरीय जीवन में स्त्रियों की दशा पर भी अपनी कलम चलाई.
मन्नू भंडारी का साहित्य जगत में प्रमुख योगदान कहानी और उपन्यास के क्षेत्र में रहा. उनका समग्र साहित्य उनके व्यक्तित्व का आईना है. उनकी कहानियों में पारिवारिक जीवन, पति-पत्नी के बनते-बिगड़ते संबंध एवं उन्मुक्त प्रेम आदि का चित्रण सूक्ष्मता से हुआ है. उनकी बहुचर्चित कहानी 'यही सच है' पर आधारित बासु चटर्जी की फ़िल्म 'रजनीगंधा' ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धूम मचाई थी. उनके एक अन्य उपन्यास 'स्वामी' पर 'स्वामी' फ़िल्म बनी थी. विवाह टूटने की त्रासदी में घुट रहे एक बच्चे को केंद्रीय विषय बनाकर लिखे गए उनके उपन्यास 'आपका बंटी' को हिंदी के सफलतम उपन्यासों की श्रेणी में रखा जाता है. राजेंद्र यादव के साथ लिखा गया उनका उपन्यास 'एक इंच मुस्कान' पढ़े-लिखे और आधुनिकता पसंद लोगों की दुखभरी प्रेमगाथा है. वहीं आम आदमी की पीड़ा और दर्द की गहराई को उकेरने वाले उनके उपन्यास 'महाभोज' पर आधारित नाटक बहुत लोकप्रिय हुए.
मन्नू भंडारी का जन्म 03 अप्रैल 1931 को मंदसौर (मध्य प्रदेश) के भानपुरा नामक गांव में हुआ था. इंटर तक की शिक्षा-दीक्षा राजस्थान के अजमेर में हुई. उन्होंने कोलकाता से बीए और फिर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से एमए किया. कोलकाता में 'बालीगंज शिक्षा सदन' स्कूल में उन्होंने नौ साल अध्यापिका का कार्य किया. 1961 में वह अध्यापिका से प्राध्यापिका बनीं. वह दिल्ली के प्रतिष्ठित मिरांडा हाउस कॉलेज में वह लंबे समय तक पढ़ाती रहीं और रचना क्षेत्र में भी बराबर सक्रिय बनी रहीं. मन्नू भंडारी विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन में प्रेमचंद सृजनपीठ की अध्यक्ष भी रहीं. लेखन का संस्कार उन्हें विरासत में मिला. उनके पिता सुख सम्पत राय भी जाने माने लेखक थे. उनके पति राजेंद्र यादव हिंदी के बड़े साहित्यकार और हंस जैसी पत्रिका के संपादक थे. 15 नवंबर 2021 को मन्नू भंडारी का निधन हो गया.
मन्नू भंडारी को मप्र हिन्दी साहित्य सम्मेलन का भवभूति अलंकरण और हिन्दी अकादमी, दिल्ली का शिखर सम्मान प्राप्त हुआ था. इसके अतिरिक्त बिहार सरकार, भारतीय भाषा परिषद, कोलकाता, राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, व्यास सम्मान और उत्तर-प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा भी वे पुरस्कृत हुई थीं. उनकी कई कहानियों का अनुवाद देशी-विदेशी भाषाओं में हुआ है. मन्नू भंडारी के बिना आधुनिक कथा साहित्य की चर्चा अपूर्ण लगती है. उनके रचना संसार की सबसे बड़ी खूबी यही है कि वह कठिन से कठिन बात कहने के लिए भी कठिन भाषा का सहारा नहीं लेती थीं.

### "आपका बंटी" की पंक्तियां

ये मम्मी इतना सट कर क्यों बैठी है डॉक्टर साहब से. ऐसे तो मम्मी किसी के साथ नहीं बैठती!

मम्मी के चेहरे पर गहराती हुई उदासी की परतें उसे कहीं कहीं हल्के से बेचैन कर देती. उसका मन करता कि ममी को पक्के से समझा दें कि वह किसी तरह की कमी नहीं छोड़ेगा.

## रंगों के नाम रही कलमकारों की पांती



नीरज नीर

हवा में फूल की खुशबू/ उमंग उमगे है मन में/ तरो-ताजा हुआ मौसम/ नई ऊष्मा जगी तन में....फाल्गुन केवल एक महीना भर नहीं है, फाल्गुन एक प्रतीक है नवीनता में ऊर्जस्वित होकर पदार्पण करने की तैयारी का, जिसका उत्कर्ष होली के रूप में होता है. फाल्गुन जीवन में नए उमंग, उत्साह के संग परिवर्तन का प्रतिबिंब है. जीवन के विभिन्न आयामों में इसका सकारात्मक प्रभाव परिलक्षित होता है. सृष्टि का सम्पूर्ण रचनाकर्म नए सौन्दर्य के उपादानों से शोभित होता है. साहित्य रचना भी इससे अछूता भला कैसे हो सकता है? इसीलिए इस दौरान फाल्गुन, वसंत और होली को लेकर नित्य नवीन कविताएं और विभिन्न विधाओं की रचनाएं हमें देखने -पढ़ने को मिलती है. मार्च का महीना मोटे तौर पर फागुन का महीना रहा. इस दौरान झारखंड के साहित्यकारों ने अपनी रचनाशीलता को धार देते हुए एवं मौसम तथा वातावरण के अनुकूल खूब महफिलें सजाई.

मासिक रिर्पोट



### कहानी के कहन पर शब्दकार की परिचर्चा

शहर की साहित्यिक संस्था शब्दकार के तत्वाधान में कहानी के कहन पर परिचर्चा मोरहाबादी स्थित रश्मि शर्मा के आवास पर आयोजित हुई, इसमें सुपरिचित कहानीकार पंकज मित्र तथा प्रियदर्शन से रांची के रचनाकारों ने कहानी एवं रचना शिल्प के विषय में प्रश्न पूछे. वक्ताओं ने कहानी कला का आरंभ, इतिहास एवं उसके शिल्प पर तरह-तरह के आख्यानों एवं उदाहरणों द्वारा उपस्थित रचनाकारों की जिज्ञासाओं को शांत करने की कोशिश की एवं एक सार्थक संवाद स्थापित किया.

### विश्वम्भर मैथिली साहित्य सम्मान

मैथिली भाषा साहित्य में योगदान के लिए विश्वम्भर मैथिली साहित्य सम्मान 10 मार्च 2024 को मैथिली के साहित्यकार, समालोचक डॉ सुभाषचन्द्र यादव को प्रदान किया गया. यह सम्मान रांची के हरमू क्षेत्र में स्थित स्वागतम वैंकवेंट हाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया.

### "तुम" का लोकार्पण

दिनांक 17.03.2024 को रांची के प्रेस क्लब में साहित्यिक संस्था 'सम्पर्क, राँची' के तत्वावधान में अरुण मिश्रा जी के कविता संग्रह "तुम" का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य लोकार्पणकर्ता के रूप में पद्मश्री बलबीर दत्तजी उपस्थित थे और कार्यक्रम की अध्यक्षता की डॉ अशोक प्रियदर्शी जी ने. लोकार्पित पुस्तक पर मनीष अरविन्द, नीरज नीर, दिवाकर झा और प्रणव प्रियदर्शी ने अपने विचार रखे. धन्यवाद ज्ञापन डॉ आकांक्षा चौधरी के द्वारा किया गया.

### उर्मिला शिरीष से बातचीत

प्रभा खेतान फाउंडेशन देश के विभिन्न भागों में साहित्यिक साक्षात्कार का कार्यक्रम ' कलम' के नाम से आयोजित करती है. रांची में भी इस संस्था के द्वारा आयोजन किए जाते रहे हैं. इस दफा कलम के कार्यक्रम में साहित्यकार उर्मिला शिरीष जी की उपस्थिति रही.

### छोटानागपुर राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव

इस महीने में नाट्य विधा से जुड़े भी कुछ महत्वपूर्ण कार्य हुए. युवा नाट्य संगीत अकादमी द्वारा आयोजित चार दिवसीय 11वां छोटानागपुर राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव - 2024 का आयोजन 27 मार्च से लेकर 30 मार्च तक रांची के आड्रे हाउस में किया गया. इसमें रांची सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आई नाट्य संस्थाओं ने अपने नाटकों का प्रदर्शन किया. नाट्य मंचन से पहले कृष्ण कान्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के 13 लोगों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में आठ नाटकों का मंचन किया गया एवं इसकी शुरुआत ऋषिकेश लाल के निर्देशन में प्रस्तुत मृदंगियां से हुई.

### भोजपुरी नाट्य महोत्सव

जमशेदपुर के तुलसी भवन में तीन दिवसीय 8वां भोजपुरी नाट्य महोत्सव दिनांक -16 से 18 मार्च 2024 को सोल्लास सम्पन्न हुआ. इस नाट्य महोत्सव का आयोजन संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से भोजपुरी रंगमंच को समर्पित नाट्य संस्था "रंगश्रीॸ, नई दिल्ली द्वारा सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मलेन के सहयोग से हुआ. नाटक प्रस्तुति के पश्चात मंच पर स्थानीय कलाकारों संग मेहमान कलाकारों ने होली गायन प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को होलीमय बना दिया.

### सृजन संसार का "फागुनोत्सव"

सृजन संसार के तत्वावधान में काव्य-गोष्ठी "फागुनोत्सव" का आयोजन जवाहरलाल नेहरू कला केंद्र मेकॉन कॉलोनी में 24 मार्च को किया गया. कार्यक्रम में लिली मुखर्जी, सुनील सिंह बादल, डॉ सुरिंदर कौर 'नीलम', सदानंद यादव, डॉ रजनी शर्मा 'चंदा', चंद्रिका ठाकुर देशदीप,डा अंजेश कुमार, सूरज श्रीवास्तव, रंजना वर्मा उन्मुक्त, विभा वर्मा वाची , संगीता यादव आदि ने प्रस्तुति दी.



### राजमणी सम्मान समारोह

पिछले दो वर्षों से रांची के वयोवृद्ध साहित्यकार हरेराम त्रिपाठी "चेतन" जी के द्वारा साहित्य में योगदान के लिए राजमणी सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है. इस वर्ष का मां राजमाणि सम्मान समारोह दिनांक 19 मार्च 2024 को मोराबादी रांची स्थित उनके आवास स्वाध्याय परिसर में सम्पन्न हुआ. इसमें तीन साहित्यिक सम्मान प्रदान किए गए. लोकपूज्य रामछबिला त्रिपाठी वाग्देवी सम्मान रांची के ग़ज़लकार कुमार बृजेन्द्र को प्रदान किया गया. माता राजमणि स्यमंतक मणि सम्मान सत्या शर्मा कीर्ति को तथा शहीद श्रीराम तिवारी कौस्तुभमणि सम्मान मुजफ्फरपुर के डा ब्रजभूषण मिश्र को प्रदान किया गया. डा मिश्र अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन के वर्तमान अध्यक्ष हैं तथा भोजपुरी के जानेमाने साहित्यकार हैं. उक्त समारोह की अध्यक्षता डा चंद्रकांत शुक्ल ने की.

### झारखंड हिंदी साहित्य सम्मेलन मंच

झारखंड हिंदी साहित्य सम्मेलन मंच का फागुनोत्सव भी 24 मार्च को रांची में मनाया गया. कार्यक्रम में डॉ वैद्यनाथ मिश्र, ममता मनीष सिन्हा, निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव, मुक्ति शाहदेव, विनोद सिंह, डॉ जेबी पांडेय, डॉ राजश्री जयंती, ऋतुराज वर्षा आदि ने अपनी प्रस्तुति दी.

### आज विमोचन

आज यानि 31 मार्च 2024 को साहित्य से जुड़ी संस्था साहित्य कुंज, रांची का वार्षिकोत्सव रांची प्रेस क्लब में होना है, जिसमें संस्था के द्वारा निकाली गई पत्रिका "साहित्य संवाहक" के साथ कुछ अन्य पुस्तकों मन दर्पण, सुधा-सलिला, चाँद पर घर/अनुनाद, उसका दोष क्या था/बित्ता भाई का विमोचन किया जाना है.


व्यंग्य ›› बर्बरीक

## चंदा है तो धंधा है पर गंदा है

इस बरस होलिका दहन का चंदा लेने मोहल्ले के लड़के नहीं आए. हालांकि आते भी तो कहलवा ही देता कि मैं घर में नहीं हूं. होली के बाद एक लड़का मिला तो पूछा - इसबार चंदा नहीं लिए? एकदम से बरस पड़ा--चंदा का नाम मत लीजिए! चंदा से मन उचट गया है एकदम. चंदा दीजिएगा फिर धंधा मांगिएगा. कहां से देंगे? हमलोग कोई सत्ताधारी हैं? सार्वजनिक काम तो चंदा से ही होता है न बाबू? - हमने शांत करना चाहा. अपना पार्टी चलाना कौन सा सार्वजनिक काम है? कोई मोहल्ले का होलिका दहन है? चंदा बांह ऐंठकर थोड़े लिया जाता है. जैसे आप कभी चंदा नहीं देते हैं तो क्या हमने कभी आपके घर ईडी भेजी?
नेताजी ने कहा था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा. ऐसा तो नहीं कहा कि तुम मुझे चंदा दो मैं तुम्हें धंधा दूंगा. मोहल्ले का कोई कार्यक्रम होता है और चंदा जमा करते हैं तो उसका बाकायदा हिसाब दिया जाता है. यहां तो पहले कह दिया गया कि यह सब गुप्त दान है. बता नहीं सकते. कोई कह रहा है कोई अज्ञात आदमी पार्टी ऑफिस के दरवाजे पर लिफाफा छोड़ कर चला गया. चंदा न हुआ कोई लावारिस बच्चा हो गया जो अनाथालय के सामने छोड़ कर चला गया. ऐसे ऐसे चंदा देने वाले सामने आ रहे हैं जो घर में भूंजी भांग नहीं ड्योढ़ी पर नाच का मुहावरा चरितार्थ कर रहे हैं. कहते हैं हमारी कंपनी तीन सौ करोड़ के घाटे में है और ढाई सौ करोड़ चंदा दे रहे हैं. महाराजा बलि और दानवीर कर्ण का दान तक छोटा पड़ जाए. चंदा दिए अभी अड़तालीस घंटे भी नहीं बीतते हैं कि हज़ार करोड़ का धंधा हथिया लेते हैं. इसको कहते हैं तुम एक पैसा दोगे वो दस लाख देगा. असली खुदाई तो यही है.
चंदे के बदले कुछ नियमों को इस कदर तोड़ मरोड़ देंगे कि हींग लगेगा न फिटकरी रंग भी चोखा आएगा. भोली जनता समझेगी कि सब उसकी भलाई के लिए हो रहा है. देश सरसरा कर आगे बढ़ रहा है. डंकापति का डंका चहुंओर बज रहा है. देश अब विश्व गुरु बना ही समझिये. विश्व गुरु बनने में एक ही बात अच्छी होती है कि इसका सरोकार अर्थव्यवस्था से नहीं होता. कोई एजेंसी विश्व गुरु की रेटिंग नहीं करती. किसी से सर्टिफिकेट नहीं लेना पड़ता. एक शानदार सुबह उठो और घोषणा कर दो कि आज से अपुन विश्व गुरु! किसी को कोई ऑब्जेक्शन भी नहीं होगा. देश को विश्व गुरु बनाने का चंदा ठोक दो. चंदेबाज भी खुश धंधेबाज भी खुश. लेकिन एक बात समझिए कि चंदा धंधा का तुक गंदा से क्यों मिलता है. बर्बरीक जी गुनगुनाते चले -चंदा है तो धंधा है पर गंदा है...

**नेताजी ने कहा था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा. ऐसा तो नहीं कहा कि तुम मुझे चंदा दो मैं तुम्हें धंधा दूंगा.**

## शहंशाह आलम की कविताएं



शहंशाह आलम

### यही क्या कम होगा

घुमंतू-घुमक्कड़ चिड़िया
आ बैठी है खिड़की पर
घुप अंधेरा के भागते ही

निकलूंगा मैं भी घर से बाहर
टीले वाले मज़ार के पास से
बहने वाली नदी की ओर
कछुए की पीठ को सहलाने
मछलियों को चारा खिलाने
प्रेम की भाषा को चमकाने

जब घर लौटूंगा नहाकर
लौटूंगा लोहार के घन-सा

जब घर लौटूंगा नहाकर
लौटूंगा बढ़ई के रंदे-सा

जब घर लौटूंगा नहाकर
लौटूंगा धुनिया के फटके-सा

इस दुनिया के लिए
यह बात क्या कम होगी
कि एक आदमी उसके बचाव में
इस तरह बदलेगा ख़ुद को.

### एक स्त्री को प्यार करते हुए

एक स्त्री को प्यार करते हुए
मैंने यही जाना कि कोई
किसी से बिना प्रेम किए
बरसों जी ही नहीं सकता

एक स्त्री की प्यार करते हुए
मैंने यह भी जाना
कि यह पृथ्वी भी तो
एक भरी-पूरी स्त्री ही है

यह भी तो
उतनी ही सुन्दर
उतनी ही मुलायम
उतनी ही गर्म है
उतनी ही बाकमाल है
जिस तरह कि कोई स्त्री

फिर एक सभ्य आदमी
पृथ्वी से बिना प्रेम किए
कैसे गुज़र जाता है अकसर
किसी दूसरे काल-खंड में.

### जिस तरह

जिस तरह
प्रेम करने वाली लड़की
पहली दफ़ा खाती है गोलगप्पे
मैं खाता हूं नारियल मीठा

मैं बेघर सही
बेपरवाह सही
पर मैं मिट्टी के धूसर रंग को
चाहता हूँ प्यार वाली बोली की तरह

जिस तरह चाहता रहा हूँ
नारियल के उस पेड़ को
पूरी भलमनसाहत से
मुखरित उत्साहित.



### तुम्हारे लिए

तुम्हारे लिए
तेजपत्ता पर लिखता हूं
ढाई अक्षर का प्रेम

मेरे लिए तुम्हारा अव्यक्त प्रेम
तेजपत्ते की ख़ुशबू वाला रहा है

तभी तेजपत्ते की रंगत वाली
कमीज़ पहनकर निकलता हूं
जुमेरात की शाम को
तुम्हारा मोहल्ला घूमने

हर आने वाले अप्रैल से पहले
बस यही एक काम करता हूं
तुम्हारा प्रेम पाने की ख़ातिर.



चित्र : अनु प्रिया

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# चेन्नई व दिल्ली, गुजरात व हैदराबाद के बीच मुकाबला आज

## चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स को पृथ्वी शॉ की जरूरत



भाषा। विशाखापत्तनम

▪ दिल्ली के खिलाफ पिछले चार मैचों ने चेन्नई ने दर्ज की है जीत

▪ मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा



दिल्ली कैपिटल्स को रविवार को यहां गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में अपने बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करके विस्फोटक पृथ्वी साव को शामिल करने की जरूरत होगी. टी-20 प्रारूप में हालांकि काफी कुछ टॉस पर निर्भर करता है, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) पिछली चार भिड़ंत में सीएसके की चुनौती से पार नहीं पा सकी है और इसमें भी उसकी हार का अंतर 91 रन, 27 रन और 77 रन रहा है जो उसकी हालत दर्शाने के लिए काफी है. यह भी देखना होगा कि इन तीन करारी शिकस्त में डीसी की कोर टीम लगभग समान ही रही है, बस पिछली भिड़ंत में ऋषभ पंत उपलब्ध नहीं थे. इसे देखते हुए सीएसके के खिलाफ दिल्ली की जीत को टूर्नामेंट का बड़ा उलटफेर भी माना जायेगा. सीएसके एक बार फिर हर विभाग में मजबूत दिख रही है, जो कोच रिकी पोंटिंग की डीसी से बिलकुल ही उलट है क्योंकि दिल्ली की टीम अभी तक खेल के दोनों विभाग में कमजोर रही है. डीसी के सहमालिक जीएमआर और जेएसडब्ल्यू पिछले कुछ वर्षों से नीलामी में ही टीम संयोजन में गड़बड़ी करते रहे हैं.

### डेथ गेंदबाजी दिल्ली के लिए चिंता

दिल्ली की 'डेथ ओवर' में गेंदबाजी भी चिंता का विषय है, जिसमें अक्षर पटेल को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज प्रति ओवर 7.50 से कम रन नहीं दे पाया है. एनरिच नोर्किया सही लाइन एवं लेंथ में गेंदबाजी नहीं कर सके, जिससे डीसी ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अंतिम पांच ओवरों में काफी रन लुटा दिये. इससे डीसी को ईशांत शर्मा की वापसी की जरूरत होगी.

### शॉ की मौजूदगी में मिलेगी मजबूती

डेविड वॉर्नर भी अब पुरानी फॉर्म में नहीं दिखते जबकि कप्तान पंत को लय में आने में कुछ समय लगेगा. मिचेल मार्श पिछले दो सत्र से डीसी के साथ हैं लेकिन उनका प्रदर्शन भी निरंतर नहीं रहा है जिससे साव की मौजूदगी से डीसी की बल्लेबाजी को कुछ मजबूती मिलेगी जिसे मुस्तफिजुर रहमान, दीपक चाहर, माथिशा पाथिराना और रविंद्र जडेजा जैसे गेंदबाजी आक्रमण का सामना करना होगा. पर असली चुनौती मुस्तफिजुर की 'कटर' की 'वैराइटी' का सामना करना होगी जो चतुराई से बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें बढ़ाते रहते हैं.

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), धोनी, मोइन अली, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, राजवर्धन हैंगरकर, रवींद्र जडेजा, अजय मंडल, मुकेश चौधरी, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मिशेल सेंटनर, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधु, प्रशांत सोलंकी, महेश थीक्षाना, रचिन रवींद्र, शार्दुल ठाकुर, डेरिल मिशेल, समीर रिज़वी, मुस्तफिजुर रहमान, और अरवेल्ली अवनीश.

**दिल्ली कैपिटल्स:** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश धुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्तवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा और शाई होप.

## सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार फॉर्म से गुजरात टाइटंस को खतरा

भाषा। अहमदाबाद

▪ मैच भारतीय समयानुसार दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा

▪ हैदराबाद को रोकने के लिए गुजरात को करना होगा गेंदबाजी में सुधार

गुजरात टाइटंस को अगर रविवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार लय को रोकने की कोशिश करनी है तो उसे अपने गेंदबाजी आक्रमण में सुधार करना होगा. सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 277 रन बनाकर आईपीएल का सर्वकालिक रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया और सत्र की पहली जीत हासिल की. गुजरात टाइटंस ने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस पर जीत से शुरूआत की लेकिन पिछले मैच में चेन्नई में उसे हार का सामना करना पड़ा. चोटिल मोहम्मद शमी की जगह खेल रहे उमेश यादव कहीं भी उनके बराबर नहीं हैं जो गुजरात टाइटंस के लिए बड़ी परेशानी साबित हो रहा है. 63 रन से मिली हार से उनका नेट रन रेट प्रभावित हुआ जो -1.425 पहुंच गया है और यह लीग की 10 टीम में सबसे खराब है. टूर्नामेंट के अंतिम छोर में यह उसके लिए कुछ समस्यायें खड़ी कर सकता है. इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हार्दिक पंड्या के जाने से टीम का संतुलन बिगड़ा है जो अपनी हरफनमौला काबिलियत से संतुलन बनाये रखते थे. पिछले दो सत्र में गुजरात टाइटंस विजेता और उप विजेता रही थी. लेकिन शुभमन गिल की कप्तानी में टीम को भारतीय ऑल राउंडर पंड्या की कमी खल रही है. चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा दिये गये 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए साई सुदर्शन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज 30 रन तक नहीं पहुंच सका. सुदर्शन और विजय शंकर धीमी बल्लेबाजी कर रहे हैं जबकि गिल की टी20 बल्लेबाजी की फिर से आलोचना हो रही है जिन्होंने 31 और आठ रन की पारियां खेली हैं.





### मुंबई के खिलाफ हैदराबाद ने किया था रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन

टूर्नामेंट के छुपे रूस्तम सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले मैच में घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ तीन विकेट पर 277 रन बनाकर 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु द्वारा बनाये गये आईपीएल के पांच विकेट पर 263 रन के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया. ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप विजेता ट्रेविस हेड (62 रन, 24 गेंद) ने शानदार पदार्पण किया और सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 18 गेंद में सबसे तेज अर्धशतक जड़कर विस्फोटक शुरूआत करायी. लेकिन फिर 'अनकैप्ड' भारतीय अभिषेक शर्मा ने इस रिकॉर्ड को बेहतर करके महज 16 गेंद में अर्धशतक जड़ दिया.

### टीमें

**गुजरात टाइटंस**

शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, केन विलियमसन, अभिनव मनोहर, साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, नूर अहमद, साई किशोर, राशिद खान, जोशुआ लिटिल , मोहित शर्मा, अजमतुल्लाह उमरजई, उमेश यादव, शाहरुख खान, सुशांत मिश्रा, कार्तिक त्यागी, मानव सुथार, स्पेंसर जॉनसन, संदीप वारियर, बीआर शरथ.

**सनराइजर्स हैदराबाद**

पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समाद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रेविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसेन, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिच क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मार्कण्डेय, उपेंद्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिह, जे सुब्रहमण्यन.

अश्विन ने किया खराब दौर से गुजर रहे हार्दिक का बचाव, कहा-

## तहजीब के दायरे में होनी चाहिए प्रशंसकों की जंग

भाषा। नयी दिल्ली

अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने खराब दौर से जुझ रहे हार्दिक पांड्या का बचाव किया, जिन्हें अहमदाबाद और हैदराबाद में दर्शकों का कोपभाजन बनना पड़ा है. अश्विन ने सोशल मीडिया पर और मैदान में दर्शकों के पांड्या को लेकर शत्रुतापूर्ण बर्ताव के लिये प्रशंसकों की जंग और सिनेमाई संस्कृति के माहौल को दोषी ठहराया. पांड्या इस सत्र में रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस के कप्तान बने हैं.



अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक सवाल के जवाब में कहा कि प्रशंसकों की जंग तहजीब के दायरे में होनी चाहिये . लोगों को यह नहीं भूलना चाहिये कि ये खिलाड़ी किस देश के लिये खेलते हैं, हमारे देश के लिये. फिर क्रिकेटर के साथ खराब बर्ताव करने की क्या जरूरत है. उन्होंने कहा कि मेरी समझ से परे है. अगर आपको कोई खिलाड़ी पसंद नहीं है और उसकी आलोचना कर रहे हैं तो टीम को स्पष्टीकरण देने की क्या जरूरत है. पांड्या को गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहले मैच में दर्शकों की नाराजगी झेलनी पड़ी थी क्योंकि वह गुजरात टीम छोड़कर मुंबई टीम के कप्तान बन गए थे. इसी तरह हैदराबाद जैसे तटस्थ स्थान पर भी उन्हें इसी बर्ताव का सामना करना पड़ा था. अश्विन ने कहा कि यह क्रिकेट है और सिनेमाई संस्कृति भी है.

**क्या कहा**

- लोगों को भूलना नहीं चाहिए कि भारतीय खिलाड़ी हैं हार्दिक
- अश्विन ने कहा, किसी भी देश में ऐसा नहीं होता है

### डेविड वीली की जगह मैट हैनरी लखनऊ सुपर जांयट्स की टीम में

**नयी दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने शनिवार को इंग्लैंड के ऑल राउंडर डेविड विली की जगह अपनी टीम में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हैनरी को शामिल किया.हैनरी अपने 1.25 करोड़ रुपये के 'बेस प्राइस' (आधार मूल्य) में लखनऊ की टीम से जुड़ेंगे. विली ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से हटने का फैसला किया था. वह पिछले साल नीलामी में लखनऊ की टीम से जुड़े थे, इससे पहले उन्होंने 2022 और 2023 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व किया था.

## कश्मीर एफसी ने नेरोका को हराया



भाषा। श्रीनगर

**आई लीग**

- कश्मीर एफसी ने नेरोका एफसी को 3-0 से हराया
- हार के साथ दूसरी श्रेणी में खिसकी नेरोका एफसी

रीयल कश्मीर एफसी ने आई लीग फुटबॉल के मैच में नेरोका एफसी को 3-0 से हराकर उसे दूसरी श्रेणी में धकेल दिया. कश्मीर के लिये नोहेरे क्रिजो ने 35वें, हैदर युसूफ ने 45वें और शहर शाहीन ने 67वें मिनट में गोल दागे. इस हार के बाद मणिपुर की नेरोका एफसी 21 मैचों में 13 अंक लेकर 12वें स्थान पर है. इस सत्र में उसने चार मैच जीते, एक ड्रॉ खेला और 16 गंवाये. अब उसे तीन ही मैच खेलने है और सभी जीतने पर भी वह दूसरी श्रेणी में खिसकने से नहीं बच सकती. वहीं कश्मीर की टीम ने चार ड्रॉ खेलने के बाद जीत दर्ज की. उसका अपराजेय अभियान नौ मैचों का हो गया है. उसके 22 मैचों में 40 अंक है और वह तालिका में दूसरे स्थान पर है.

## धीरे-धीरे कप्तानी के गुर सीख जायेगा गिल : कर्स्टन

भाषा। अहमदाबाद

पूर्व चैंपियन गुजरात टाइटंस की आईपीएल 2024 में शुरूआत भले ही उतार चढ़ाव भरी रही हो लेकिन उसके मेंटोर गैरी कर्स्टन ने शुभमन गिल का बचाव करते हुए कहा है कि इस तेज रफ्तार टी-20 प्रारूप में रणनीतिक फैसले लेना वह सीख जायेगा. आईपीएल 2022 की चैंपियन और मौजूदा उपविजेता टाइटंस दो मैचों में एक जीत और एक हार के बाद सातवें स्थान पर है. कर्स्टन ने कहा कि यह तेज रफ्तार खेल है. नियमित आधार पर तकनीकी फैसले लेने होते हैं. यह टेस्ट क्रिकेट नहीं है जो लंबा चलता है. उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि मैं कप्तान के तौर पर उससे काफी प्रभावित हूं. उन्होंने कहा कि उसने कप्तानी को अच्छे से आत्मसात किया है और एक अच्छे कप्तान के लक्षण दिखाये हैं. वह चतुर है और युवा भी है. उसे काफी कुछ सीखना है, खासकर टी-20 क्रिकेट में. दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि टाइटंस उन गलतियों को नहीं दोहरायेंगे जो चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ की थी.

## बाबर को फिर कप्तान बनाना चाहता है पीसीबी

भाषा। लाहौर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने बाबर आजम को सफेद गेंद के प्रारूप में कप्तानी की पेशकश की है लेकिन इस स्टार खिलाड़ी ने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है. सूत्रों ने दावा किया कि पीसीबी अध्यक्ष ने बाबर को यह पेशकश की है. यह भी पता चला है कि बाबर ने कप्तानी स्वीकार करने के लिए कुछ शर्तें भी रखी हैं जिसमें कोचों की नियुक्ति में भी उनकी राय लेना शामिल है. बाबर ने यह भी कहा है कि उन्हें तीनों प्रारूपों में टीम की कमान सौंपी जानी चाहि.पर राष्ट्रीय



चयन समिति की राय इस मुद्दे पर बंटी हुई है. पंजाब के एक पूर्व कार्यवाहक मंत्री बाबर को कप्तानी के साथ उनकी शर्तें मानने के पक्ष में नहीं हैं. सूत्र ने कहा कि चयन समिति के कुछ सदस्यों को अब लगता है कि सबसे अच्छी बात यह है कि अप्रैल में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 श्रृंखला के लिए शाहीन शाह अफरीदी को कप्तान बने रहने दिया जाये और उन्हें अपनी योग्यता साबित करने का मौका दिया जाये. सूत्र ने कहा कि कुछ चयनकर्ताओं को लगता है कि एक या दो श्रृंखला का इंतजार करने के बाद ही बाबर को फिर से कप्तान बनाने पर अंतिम फैसला लिया जाये.

### टी20 कप्तानी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं शाहीन

तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी पाकिस्तान क्रिकेट और टी-20 कप्तान के रूप में उनके भविष्य से संबंधित चर्चाओं में शामिल नहीं किये जाने से निराश हैं, जिससे वह कप्तानी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं. शाहीन के करीबी सूत्र ने कहा कि यह गेंदबाज इस बात से नाराज है कि जहां तक कप्तानी या कोचों की नियुक्ति का सवाल है तो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी और राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने एक बार भी उनसे भविष्य की योजनाओं के बारे में बात नहीं की है.

## केकेआर के खिलाफ हार से बेंगलोर की कमियां उजागर हुईं

भाषा। बेंगलुरु

कोई भी राय बनाने के लिए तीन मैच भले ही काफी कम हों लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की गेंदबाजी में 'वैराइटी' की कमी को देखते हुए लगता है कि यह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र उनके लिए थकाऊ होने वाला है. शुक्रवार रात कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 183 रन के लक्ष्य का बचाव करते हुए आरसीबी के गेंदबाज प्रतिद्वंद्वी टीम के बल्लेबाजों को बड़े शॉट खेलने से रोक नहीं सके जिससे उन्हें सात विकेट से हार मिली. विशाख विजयकुमार ही एकमात्र गेंदबाज थे जिन्होंने 'नकल बॉल' का अच्छा इस्तेमाल कर 23 रन देकर एक विकेट झटका लेकिन अनुभवी गेंदबाज इस तरह की विविधता लाने में कामयाब नहीं हो सके. विजयकुमार ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना थोड़ा बेहतर था क्योंकि ओस के कारण गेंद तेजी से बल्ले पर आ रही थी. मैं 'हार्ड लेंथ' बॉल इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहा था.

**टेनिस** मियामी ओपन के सेमीफाइनल में दानिल मेदवेदेव व एलेक्जैंडर ज्वेरेव हारे

## यानिक सिनर व ग्रिगोर दिमित्रोव के बीच होगा फाइनल



भाषा। मियामी गार्डन्स (अमेरिका)

- एकतरफा मुकाबले में सिनर ने दानिल मेदवेदेव को हराया
- 6-1, 6-2 से यानिक सिनर ने दर्ज की जीत

दूसरे वरीय यानिक सिनर ने यहां तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव पर जीत से मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया. रविवार को फाइनल में सिनर का सामना 11वें वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा, जिन्होंने चौथे वरीय एलेक्जैंडर ज्वेरेव को दूसरे सेमीफाइनल में शिकस्त दी. सिनर ने सेमीफाइनल में दमदार खेल दिखाते हुए मेदवेदेव को 6-1 6-2 से मात दी. दिमित्रोव ने शीर्ष वरीय कार्लोस अल्काराज को क्वार्टरफाइनल में हराने के बाद सेमीफाइनल में जर्मनी के ज्वेरेव को 6-4, 6-7, 6-4 से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनायी. महिला वर्ग के फाइनल में अमेरिका की डेनियल कोलिंस और चौथी वरीय एलीना रिबाकिना की भिड़ंत होगी.



- 6-4, 6-7, 6-4 दिमित्रोव ने दर्ज की जीत

आज होगा फाइनल मुकाबला

- दिमित्रोव ने सेमीफाइनल में ज्वेरेव को हराया

बांग्लादेश बनाम श्रीलंका

## पहले दिन श्रीलंका ने बनाए 314 रन

भाषा। चट्टोग्राम (बांग्लादेश)

बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन श्रीलंका ने अपने शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर बड़े स्कोर की नींव रख दी. तीसरे नंबर पर उतरे कुसल मेंडिस ने 93 रन बनाये जबकि दिमुथ करूणारत्ने ने 86 और निशान मदुष्का ने 57 रन की पारी खेली . भारत में पिछले साल विश्व कप के बाद पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे हरफनमौला शाकिब अल हसन ने 18 ओवर में 60 रन देकर एक विकेट लिया. पहले दिन का खेल समाप्त होने पर दिनेश चांदीमल 34 और कप्तान धनंजय डिसिल्वा 15 रन बनाकर खेल रहे थे. पहले टेस्ट में डिसिल्वा ने दोनों पारियों में शतक जमाया था जिसमें श्रीलंका 328 रन से विजयी रहा था. श्रीलंका ने पहले टेस्ट की टीम में एक बदलाव करते हुए चोटिल कासुन रजीता की जगह असिता फर्नांडो को उतारा.



**टेस्ट मैच**

- मेंडिस ने 93 व करूणारत्ने ने 86 रन की पारी खेली
- पहले दिन श्रीलंका की टीम ने गंवाए चार विकेट

## ब्रीफ खबरें

### आग लगने से मासूम बच्चे की हुई मौत

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी में आग लगने की बड़ी घटना हो गई, जिसमें एक मासूम बच्चे की झुलस कर मौत हो गई. यह घटना जिले के पुपरी थाना क्षेत्र के रामपुर खुर्द गांव की है. जहां एक साथ पांच भाइयों के घरों में अचानक आग लग गई. घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया. आग लगने की घटना से गांव में सनसनी फैल गई. हालांकि आग कैसे लगी, अभी इसका खुलासा नहीं हो सका है. वहीं, आग से घर में संचालित एक किराना दुकान भी जलकर पूरी तरीके नष्ट हो गई.

### हादसे में सब-इंस्पेक्टर सहित चार घायल

**पटना।** कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के महुवर गांव के पास नहर पर शराब तस्करों का पीछा कर रही पुलिस की गाड़ी पेड़ से टकरा गई. इस हादसे में सब इंस्पेक्टर, गाड़ी चालक और दो अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए. घटना के बाद सभी घायलों को रामगढ़ रेफरल अस्पताल लाया गया. प्राथमिक उपचार के बाद सब इंस्पेक्टर और ड्राइवर को बेहतर इलाज के लिए भभुआ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया. घायलों में सब इंस्पेक्टर पप्पू कुमार यादव (23), होमगार्ड ड्राइवर देवव्रत पासवान और कांस्टेबल अंकुश कुमार तथा आकाश कुमार शामिल हैं.

### शादीशुदा ने नाबालिग से किया दुष्कर्म

**बेतिया।** बेतिया में शादीशुदा शख्स द्वारा एक नाबालिग बालिका से उसके हाथ-पैर बांधकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है. घटना के बाद आरोपी फरार हो गया है. वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस आरोपी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है और मामले की जांच-पड़ताल में लग गई है. घटना जिले के शिकारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की है. आरोपी युवक की पहचान गांव के जिशान कुमार के रूप में की गई है. अभी भी वह पुलिस पकड़ से बाहर है. मामले में पीड़ित नाबालिग ने शिकारपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है.

### तीनों सीटों के लिए सीपीआई (एमएल) ने की उम्मीदवारों की घोषणा

# नालंदा से लड़ेंगे संदीप सौरभ आरा से सुदामा होंगे उम्मीदवार

**संवाददाता। पटना**

बिहार में महागठबंधन पार्टियों के बीच सीट शुक्रवार को हुए टिकट बंटवारे के बाद शनिवार को सीपीआई (एमएल) के तरफ से उम्मीदवारों के नाम का एलान कर दिया गया है. इस पार्टी के खाते में तीन सीट आई थी और अब इनपर कैंडिडेट के नाम का एलान कर दिया गया है, जिने तीन सीटों पर सीपीआई (एमएल) चुनाव लड़ेगी उनमें नालंदा, आरा और काराकाट है. इन तीनों सीटों पर नालंदा सीट से विधायक संदीप सौरव,आरा से विधायक सुदामा प्रसाद, काराकाट से राजाराम सिंह पार्टी के उम्मीदवार होंगे. जानकारी हो कि लालू यादव की राजद 26 और कांग्रेस 9 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि लेफ्ट दलों (भाकपा माले, भाकपा और माकपा) को 5 सीटें मिली हैं.

संदीप सौरभ फिलहाल पटना जिले के पालीगंज विधानसभा से विधायक हैं. साल 2020 विधानसभा चुनाव में उन्होंने करीब 30000 वोटो से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जदयू के जयवर्धन यादव उर्फ बच्चा बाबू को हराया था. छात्र जीवन से राजनीति की शुरुआत करने वाले संदीप सौरव आईशा के महासचिव भी रहे हैं. संदीप सौरभ ने हिंदी साहित्य में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की. अब पार्टी इन्हें नालंदा से लोकसभा चुनाव लड़वाने जा रही है.

### सीपीआई (एमएल) ने काराकाट से राजाराम सिंह को उम्मीदवार बनाया

सुदामा प्रसाद भाकपा माले पार्टी से वर्तमान में तरारी के विधायक भी हैं. तरारी से विधायक सुदामा प्रसाद वैश्य समाज से आते हैं और व्यवसायी समाज में सक्रिय रहते हैं. प्रसाद 1997 से बिहार के भोजपुर जिले में सक्रिय थे बाद में वह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के सदस्य बन गए और इसकी राज्य समिति के लिए चुने गए. 2015 के बिहार विधान सभा चुनाव में, माले ने उन्हें तरारी निर्वाचन क्षेत्र के लिए उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा और बाद में वे बिहार विधान सभा के लिए चुने गए. वहीं काराकाट से माले उम्मीदवार राजाराम सिंह अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय महासचिव हैं.1995 और 2000 में वे औरंगाबाद के ओबरा से दो बार विधायक भी रह हैं. साथ ही अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति के बिहार-झारखंड के प्रभारी भी हैं. भाकपा-माले के पोलित ब्यूरो के भी सदस्य हैं.



### हरिशंकर चौधरी के नेतृत्व में कई लोगों ने थामा जदयू का दामन

**पटना।** पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी हरिशंकर चौधरी ने शनिवार को जदयू का दामन थाम लिया. पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह ने पार्टी कार्यालय में हरिशंकर चौधरी सहित उनके नेतृत्व में कई लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी. मौके पर वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से नीति-सिद्धांतों एवं कार्यों से प्रभावित होकर हरिशंकर चौधरी के नेतृत्व में कई साथियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है. चौधरी सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हैं. अपने क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ है. इनके आने से पार्टी को सांगठनिक मजबूती मिलेगी. जदयू परिवार में सभी नए सदस्यों का हम हार्दिक स्वागत करते हैं. मौके पर मुख्य रूप से विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ 'गांधी जी', अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्यागी, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव संतोष सिंह, विशाल सिंह मौजूद रहें. पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में नवलेश रविदास एवं रंजीत कुमार पासवान मुख्य थे.

## डबल मर्डर केस : भाकपा-माले के दो विधायक कोर्ट से हुए बरी

**संवाददाता। सीवान**



चर्चित चिलमारवा कांड में एडीजे 3 नरेंद्र कुमार एमपी एमएलए कोर्ट ने फैसला सुनाया, जिसमें माले विधायक सतदेव राम और अमरजीत कुशवाहा को कोर्ट ने बरी कर दिया. शनिवार को दोनों नेता सुबह से ही कोर्ट परिसर में पहुंचे थे. अब इन्होंने राहत की सांस ली है. यह पूरा मामला 6 जुलाई 2013 का है, जहां गैर मजरुआ जमीन पर कब्जा करने के दौरान दो पक्षों में झड़प और फिर मारपीट हो गई. इस मारपीट में दूसरे पक्ष में माले कार्यकर्त्ता थे. मारपीट के दौरान गोलीबारी भी हुई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी और एक व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया था. मृतक की पहचान राज नारायण उर्फ राजू सिंह एवं दूसरे की पहचान मुकेश सिंह के रूप में की गई थी. इस घटना में विश्राम मिश्रा घायल हुआ था. मृतक के परिजनों ने गुठनी थाना में माले विधायक सतदेव राम और जीरादेई विधायक अमरजीत कुशवाहा सहित अन्य के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराई थी. उस समय सतदेव राम और अमरजीत कुशवाहा विधायक नहीं थे, फिर के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. उसके बाद सत्यदेव राम जेल में रहते हुए विधायक का चुनाव लड़े और विजयी हुए. 11 साल बाद हुए इस फैसले से माले कार्यकर्ता काफी खुश दिखे.

## सर्च ऑपरेशन के दौरान छह आईईडी बम किया गया बरामद

**संवाददाता। पटना**

औरंगाबाद जिले में पुलिस ने लोकसभा चुनाव के दौरान माओवादियों की दहला देने वाली बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है. पुलिस ने चुनाव को लेकर चलाए जा रहे एंटी नक्सल स्पेशल ऑपरेशन के दौरान छह शक्तिशाली प्रेशर आईइडी बम को बरामद कर डिफ्यूज कर दिया है. नक्सलियों की योजना विस्फोट कर सुरक्षा बलों को उड़ाने की थी. पुलिस कप्तान स्वपना गौतम मेश्राम ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण और बाधा रहित संपन्न कराने को लेकर पुलिस द्वारा नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है. इसी दौरान औरंगाबाद एवं गया जिले के सीमावर्ती मदनपुर थाना क्षेत्र में छकरबंधा के दुर्गम जंगली-पहाड़ी इलाके से पुलिस ने छः प्रेशर आईइडी को बरामद कर डिफ्यूज कर दिया. उन्होंने बताया कि पुलिस को छकरबंधा के जंगलों में विस्फोटकों तथा असलहों को छिपाए जाने की सूचना मिली थी.

### चिराग पासवान ने किया पांच उम्मीदवारों के नाम का ऐलान

**पटना।** बिहार की सीटों को लेकर एलजेपी (आर) ने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है. जमुई से अरुण भारती, समस्तीपुर से शांभवी चौधरी, हाजीपुर से चिराग पासवान, वैशाली से वीणा देवी और खगड़िया से राजेश वर्मा के नाम का ऐलान हुआ है. इनमें हाजीपुर, समस्तीपुर, वैशाली, खगड़िया और जमुई शामिल है. एलजेपी आर के सीट बंटवारे में दो सीट पर परिवार के ही सदस्य चुनाव लड़ रहे है. वहीं, वैशाली सीट से वीणा देवी चुनाव लड़ रही हैं. 2019 में वीणा वैशाली से चुनाव लड़ी थी.

## अंधाधुंध फायरिंग से दहला हेगनपुरा, आपसी वर्चस्व में चली 50 राउंड गोलियां, एक घायल

**संवाददाता। नालंदा**

जिले के नूरसराय थाना इलाके के हेगनपुरा गांव आपसी वर्चस्व को लेकर शुक्रवार की रात दो पक्षों में अंधाधुंध फायरिंग की घटना हुई है. अचानक गोलियों की आवाज सुनने के बाद गांव में दहशत का माहौल हो गया. गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी. इसके बाद भारी संख्या में पुलिस बल की मौके पर तैनाती हुई. पुलिस की आते ही बदमाश गांव छोड़कर भाग निकले. बताया जा रहा है कि लगभग 50 राउंड से अधिक फायरिंग हुई है. इस गोलीबारी के दौरान गांव के टुनटुन प्रसाद के पुत्री अंजली सिन्हा को गोली लगी है, जिसका हायर सेंटर अस्पताल में इलाज चल रहा है. मिली जानकारी के अनुसार नूरसराय थाना इलाके के हेगनपुरा गांव में सोनू कुमार उर्फ डॉन और गुड्डू पासवान के बीच आपसी वर्चस्व को लेकर मारपीट और फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया है. नूरसराय थाना प्रभारी रजनीश कुमार ने बताया कि गांव वालों से फोन पर सूचना मिलने के बाद पुलिस गांव पहुंचकर छानबीन में जुट गई. पुलिस के पहुंचने से पहले ही बदमाश गांव छोड़कर फरार हो गए.

**खास बातें**

- गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी
- टुनटुन प्रसाद के पुत्री अंजली सिन्हा को गोली लगी है
- पुलिस के आने से पहले ही बदमाश फरार हो गए

### पप्पू को महागठबंधन का धर्म निभाना चाहिए: बीमा

**पटना।** लोकसभा चुनाव में इस बार महागठबंधन से पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र सबसे चर्चित रहा है. शनिवार को बीमा भारती ने कहा कि पप्पू यादव कांग्रेस में हैं. वह कुछ दिन पहले ही कांग्रेस में शामिल हुए हैं. यह पूरे देश की लड़ाई है. सिर्फ पूर्णिया की लड़ाई नहीं है. पूरे देश की लड़ाई में इस तरह की बातें करनी अच्छी बात नहीं है. वह हमारे गार्जियन है और गार्जियन की तरह फर्ज निभाने की कोशिश करें, यही हम उनसे निवेदन करेंगे. बीमा भारती ने कहा कि पप्पू यादव हमारे बड़े भाई हैं. उनसे हमारा आग्रह है कि वह महागठबंधन का धर्म निभानाएं.

## पांच लोगों की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**संवाददाता। पटना/बक्सर**



बक्सर जिले में बीते 24 घंटे के भीतर एक ही गांव के पांच लोगों की संदिग्ध मौत से हड़कंप मच गया है. मरने वाले सभी लोग ब्रह्मपुर के बगेन गोला थाना क्षेत्र के मनकी गांव के रहने वाले थे. तीन लोगों की मौत पहले ही हो गई थी जबकि दो अन्य लोगों की मौत शुक्रवार देर रात इलाज के दौरान हो गई है. दो अन्य लोग अस्पताल में भर्ती हैं. पटना में इलाज के दौरान जिन दो लोगों की मौत हुई है उनमें 40 वर्षीय हरेंद्र सिंह उर्फ काली यादव और 40 वर्षीय दामोदर यादव है. इस गांव के कुल पांच लोगों की मौत अबतक हो चुकी है. एक के बाद एक पांच लोगों की संदिग्ध मौत से गांव में दहशत का माहौल है. ग्रामीण जहरीली शराब पीने से मौत की आशंका जता रहे हैं. तीन लोगों की मौत के बाद दो और लोगों की मौत की खबर जैसे ही ग्रामीणों को मिली कोहराम मच गया. घटना की जानकारी मिलने के बाद बक्सर के डीएम और एसपी गांव पहुंचे और मृतकों के परिजनों से घटना की जानकारी ली. पहले तो स्थानीय स्तर पर मामले को दबाने की कोशिश की गई लेकिन जब मृतकों का आंकड़ा बढ़ गया तो बात सामने आ गई. फिलहाल पूरे मामले में पुलिस ने चुप्पी साध रखी है.

## कारोबार

### जेएसडब्ल्यू ने हॉट स्ट्रिप मिल चालू की

**नयी दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू स्टील ने शनिवार को कर्नाटक के विजयनगर स्थित अपने एकीकृत इस्पात संयंत्र में हॉट स्ट्रिप मिल शुरू करने की घोषणा की. जेएसडब्ल्यू स्टील ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी ने 50 लाख टन की वार्षिक क्षमता वाली मिल से स्टील उत्पादों की पहली खेप भेजी है. कंपनी ने कहा कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी जेएसडब्ल्यू विजयनगर मेटालिक्स लिमिटेड (जेवीएमएल) ने शनिवार को विजयनगर संयंत्र में 50 लाख टन प्रतिवर्ष क्षमता के साथ अपनी हॉट स्ट्रिप मिल को चालू किया.

### ओपनएआई ने वॉयस इंजन पेश किया

**सैन फ्रांसिस्को।** चैटजीपीटी को बनाने वाली कंपनी ओपनएआई वॉयस असिस्टेंट कारोबार में उतर रही है. कंपनी ने ऐसी तकनीक तैयार की है, जो किसी व्यक्ति की आवाज को क्लोन कर सकती है. हालांकि, ओपन एआई ने कहा है कि सुरक्षा चिंताओं के कारण वह इसे अभी सार्वजनिक रूप से पेश नहीं करेगी. कृत्रिम बुद्धिमत्ता कंपनी ने नाम के लिए ट्रेडमार्क आवेदन दाखिल करने के ठीक एक सप्ताह बाद शुक्रवार को अपनी नई वॉयस इंजन तकनीक का अनावरण किया.

### कॉल फॉरवर्ड करने की सुविधा पर लगी रोक

**नयी दिल्ली।** सरकार ने साइबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों पर लगाम लगाने के लिए कॉल फॉरवर्ड करने की सुविधा बंद करने का निर्णय लिया है. इसके लिए दूरसंचार विभाग की ओर से सभी टेलीकॉम कंपनियों को निर्देश दिया गया है और उन्हें 15 अप्रैल से इस सुविधा को बंद करने के लिए कहा गया है. दूरसंचार विभाग का यह निर्देश यूएसएसडी पर आधारित कॉल फॉरवर्डिंग के लिए है. विभाग के द्वारा दूरसंचार कंपनियों को कहा गया है कि वे यूएसएसडी बेस्ड कॉल फॉरवर्डिंग को 15 अप्रैल से बंद कर दें. साथ ही सरकार ने कंपनियों को कॉल फॉरवर्डिंग की सुविधा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए कहा है.

### फार्मा, इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिक प्रोडक्ट्स ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

# एक ट्रिलियन डॉलर होगा भारत का एक्सपोर्ट

**एजेंसी। मुंबई**

भारत से एक्सपोर्ट में जबरदस्त तेजी आने वाली है. दुनियाभर में आर्थिक सुस्ती और संघर्षों के बावजूद भारत का निर्यात तेजी से बढ़ेगा और यह 2030 तक 1 ट्रिलियन डॉलर का रिकॉर्ड आंकड़ा पार कर लेगा. इसमें द्विपक्षीय समझौतों के साथ ही फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) और अफ्रीका, लैटिन अमेरिका एवं सेंट्रल एशिया के बाजार काफी मदद करेंगे. भारत से महंगी धातुओं, मिनरल्स, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, आर्गेनिक केमिकल्स, टेक्सटाइल्स, मसाले और डिफेंस उत्पादों का एक्सपोर्ट तेजी से बढ़ने की पूरी उम्मीद है. भारत से निर्यात लगातार बढ़ रहा है. फरवरी, 2024 में यह सालाना आधार पर 11.9 फीसदी उछलकर 41.4 अरब डॉलर हो गया था. यह मार्च, 2023 के बाद सबसे बड़ा आंकड़ा था. इसमें फार्मा, इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिक प्रोडक्ट्स ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. भारत ने हाल ही में अफ्रीका, लैटिन अमेरिका एवं सेंट्रल एशिया के देशों के साथ व्यापार बढ़ाने पर जोर दिया है. इससे भी निर्यात को बहुत मदद मिल रही है. इन देशों के साथ अप्रैल से दिसंबर 2023 के बीच लगभग 23.4 करोड़ डॉलर का कारोबार हुआ है.

### भारत ने चार यूरोपीय देशों के साथ एफटीए किया

हाल ही में भारत ने 4 यूरोपीय देशों एक साथ भी एफटीए किया है. इनमें आइसलैंड, लाइकेंस्टाइन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं. इस समझौते से भारत के उत्पाद यूरोप के बाजारों में आसानी से पहुंच सकेंगे. इसके अलावा ब्रिटेन, ओमान और कई यूरेशियन देशों के साथ भी जल्द ही एफटीए हो सकते हैं. फिलहाल भारत का सबसे ज्यादा एक्सपोर्ट अमेरिका, हॉन्गकॉन्ग, चीन, सिंगापुर और यूनाइटेड किंगडम के साथ होता है.



**भारत करेगा अच्छा प्रदर्शन**

फियो के डीजी अजय सहाय ने बताया कि आने वाले सालों में एक्सपोर्ट के मोर्चे पर खुशखबरी आने वाली है. हम गुड्स एवं सर्विसेज में एक ट्रिलियन डॉलर एक्सपोर्ट का आंकड़ा साल 2030 तक आसानी से हासिल कर सकते हैं. हालांकि, अगले वित्त वर्ष की शुरुआत में महंगाई और जिओ पॉलिटिकल समस्याएं एक्सपोर्ट के सामने चुनौती बनकर खड़ी हो सकती हैं. हमारा मानना है कि यूएस फेड अगले रिव्यू में ब्याज दरें कम कर सकता है. इससे अन्य देशों को भी ऐसा ही करने में मदद मिलेगी. इसके चलते कई देशों में डिमांड तेजी से बढ़ेगी.

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 642.63 अरब डॉलर हुआ

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में 14 करोड़ डॉलर बढ़कर 642.631 अरब डॉलर की नई ऊंचाई पर पहुंच गया. भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी. यह लगातार पांचवां सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है. इससे एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 6.39 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 642.49 अरब डॉलर हो गया था. सितंबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 642.45 अरब डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंच गया था. लेकिन वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की गिरावट को थामने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया, जिससे मुद्रा भंडार में थोड़ी कमी आई थी. रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में मुद्राभंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 12.3 करोड़ डॉलर घटकर 568.38 अरब डॉलर हो गईं.

## आईटीआर 31 मार्च तक करें दाखिल : आयकर

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

चालू वित्त वर्ष 2023-24 को समाप्त होने में एक दिन शेष बचे हैं. यदि आपने आकलन वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के लिए अद्यतन (अपडेटेड) आयकर रिटर्न (आईटीआर) अबतक नहीं दाखिल किया है, तो 31 मार्च, 2024 तक अपना अपडेटेड आईटीआर (आईटीआर-यू) आप दाखिल कर सकते हैं. आयकर विभाग ने शनिवार को को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि अपडेटेड आईटीआर दाखिल करने की अतिम तिथि 31 मार्च, 2024 तक है. विभाग के मुताबिक आकलन वर्ष 2021-2022 के साथ निर्धारण वर्ष 2022-23 और निर्धारण वर्ष 2023-24 के लिए अपना अद्यतन आईटीआर भी आप 31 मार्च, 2024 तक दाखिल कर सकते हैं.

विभाग ने करदाताओं से अपील कर कहा है कि अवसर समाप्त होने से पहले इसका लाभ उठाएं, अपनी अपडेटेड रिटर्न आज ही दाखिल करें. इसके साथ ही आयकर विभाग ने कहा है कि आकलन वर्ष 2021-23, 2022-23 और 2023-24 के लिए आप अपडेटेड आईटीआर फाइल कर सकते हैं. आयकर विभाग ने करदाताओं से अपील करते हुए कहा कि समय पर आईटीआर दाखिल कर आप बाद में उच्च कर का भुगतान करने से खुद को बचा सकते हैं. इसलिए देर न करें, आज ही फाइल करें! उल्लेखनीय है कि आयकर विभाग ने इस प्रोविजन को 2022 के फाइनेंस एक्ट में शामिल किया था. इसके तहत जो टैक्सपेयर्स वित्त वर्ष 2020-21 का आईटीआर दाखिल नहीं कर सके हैं, वे अपना अपडेटेड आईटीआर 31 मार्च, 2024 तक कर सकते हैं.

## सरकार ने 20 में से 13 मिनेरल ब्लॉक की नीलामी रद्द की

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

महत्वपूर्ण खनिजों की पहली किश्त में बिक्री के लिए रखे गए 20 ब्लॉकों में से 13 की नीलामी सरकार ने रद्द कर दी है. खान मंत्रालय के मुताबिक निराशाजनक प्रतिक्रिया की वजह से यह फैसला लिया गया. खान मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 13 मार्च 2024 की अधिसूचना के जरिए 13 खनिज ब्लॉकों के लिए ई-नीलामी प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया था, जिसमें दो ब्लॉकों के लिए कोई बोली प्राप्त नहीं हुई थी और 11 ब्लॉकों के लिए तीन से कम तकनीकी रूप से योग्य बोलीदाता (टीक्यूबी) थे. प्रस्ताव पर रखे गए 20 ब्लॉकों में से 18 ब्लॉकों के लिए 56 भौतिक और 56 ऑनलाइन नीलामियां लगीं. रद्द किए गए 11 ब्लॉकों में से सात खदानों को तीसरे दौर के तहत नीलामी के लिए अधिसूचित किया गया है. छह ब्लॉकों की दूसरे दौर की नीलामी तय कार्यक्रम के अनुसार पूरी हो गई है.

### एक अप्रैल से हर हफ्ते देनी होगी गेहूं भंडार की सूचना

**नयी दिल्ली।** केंद्र ने गेहूं की जमाखोरी व कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए कारोबारियों को इसके भंडार की जानकारी हर सप्ताह सरकारी पोर्टल पर देने का आदेश दिया है. सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के कारोबारी, थोक कारोबारी, खुदरा विक्रेता, बड़ी श्रृंखला वाले खुदरा विक्रेता व प्रोसेसर्स को एक अप्रैल से भंडार की घोषणा करनी होगी. उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा, भंडार की जानकारी हर शुक्रवार को सरकारी पोर्टल ttps://evegoils .nic.in/wheat/login पर अगले आदेश तक देनी होगी.

**उछाल** वित्त वर्ष 2023-24 में बिटकॉइन ने निफ्टी और गोल्ड को दी पटखनी

# 12 महीनों में डिजिटल करेंसी 150 फीसदी उपर चढ़ा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

वित्त वर्ष 2023-24 बिटकॉइन के लिए शानदार रहा है. पिछले 12 महीनों में यह डिजिटल करेंसी लगभग 150 फीसदी ऊपर जा चुकी है. इसने रिटर्न देने के मामले में निवेश के भरोसेमंद एवं पुराने उपायों निफ्टी 50 और गोल्ड को काफी पीछे छोड़ दिया है. इस वित्त वर्ष में निफ्टी 50 ने 30 फीसदी और गोल्ड ने लगभग 11 फीसदी का रिटर्न दिया है. अगले वित्त वर्ष में इस डिजिटल करेंसी के और ऊपर जाने की पूरी उम्मीद जताई जा रही है. बिटकॉइन ने चालू वित्त वर्ष की शुरुआत 28,500 डॉलर के रेट से की थी. अब यह मार्च, 2024 में 73,750 डॉलर के रिकॉर्ड आंकड़े पर आ चुका है. जून, 2023 तक बिटकॉइन जबरदस्त रफ्तार पकड़कर 50 फीसदी उछल चुका था. कॉइन डीसीएक्स के फाउंडर सुमित गुप्ता ने लाइव मिंट को बताया कि इस क्रिप्टोकरेंसी के लिए यह वित्त वर्ष शानदार रहा है. बिटकॉइन को टुकड़ों में तोड़ने से निवेशकों का उत्साह बहुत बढ़ गया था. यही वजह है कि यह डिजिटल करेंसी ऑल टाइम हाई रेट पर चल रही है. अगले वित्त वर्ष में बिटकॉइन आसानी से 80 हजार डॉलर का आंकड़ा पार कर लेगा.



### 6 महीने में इसके दाम दोगुने हो गए

जनवरी, 2024 में अमेरिका ने 11 फंड मैनेजर को बिटकॉइन ईटीएफ लाने की मंजूरी दे दी थी. इसके बाद बिटकॉइन को लेकर लोगों की रुचि और तेजी से बढ़ी. पिछले 6 महीने में ही इसके दाम दोगुने हो गए हैं. साल, 2024 की शुरुआत से ही यह लगभग 67 फीसदी ऊपर जा चुका है. पिछले महीने ही इसमें लगभग 37 फीसदी की तेजी आई है. वजीर एक्स के वाईस प्रेसिडेंट राजगोपाल मेनन ने कहा कि बिटकॉइन ईटीएफ में अब तक अरबों डॉलर का निवेश हो चुका है. इन 11 ईटीएफ ने 11 जनवरी से ही कारोबार शुरू किया था. इसलिए यह एक कमाल का आंकड़ा है. अप्रैल, 2024 में बिटकॉइन को तोड़कर आधा किया जा सकता है. इसके बाद वित्त वर्ष 2025 में बिटकॉइन ट्रेड में नाटकीय बदलाव देखने को मिल सकते हैं.

## एयरटेल कंपनी का पहला आईपीओ आएगा बाजार में

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत 1 अप्रैल से होने वाली है. भारती एयरटेल की सब्सिडियरी भारती हेक्साकॉम नए वित्त वर्ष का पहला आईपीओ लेकर आ रही है. 3 अप्रैल को खुल रहे इस इश्यू के जरिए कंपनी कुल 4,275 करोड़ रुपये इकट्ठा करने की कोशिश कर रही है. कंपनी ने इस आईपीओ का प्राइस बैंड तय कर दिया है. अगर आप भी वित्त वर्ष 2024-25 के पहले आईपीओ में निवेश करने के बारे में सोच रहे हैं तो हम आपको इसके सभी डिटेल्स के बारे में बता रहे हैं. इस आईपीओ के जरिए कंपनी कुल 7.5 करोड़ के शेयरों की बिक्री करने वाली है. यह शेयर पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल के जरिए बिकने वाले हैं. मौजूदा शेयर धारक टेलीकम्युनिकेशंस कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड इस आईपीओ के जरिए आपनी 15 फीसदी हिस्सेदारी बेचने वाली है. पहले कंपनी अपने 10 करोड़ शेयर की बिक्री का प्लान बना रही थी.

### असफल निवेशकों को रिफंड 10 अप्रैल को मिलेगा

भारती हेक्साकॉम आईपीओ 3 अप्रैल 2024 को खुल रहा है. निवेशक इसमें 5 अप्रैल 2024 तक निवेश कर सकते हैं. वही शेयरों का अलॉटमेंट 8 अप्रैल 2024 को होगा. असफल निवेशकों को रिफंड 10 अप्रैल को मिल जाएगा.

## ब्रीफ खबरें

### जुलूस में शामिल नहीं हुए पोप फ्रांसिस

**रोम ।** पोप फ्रांसिस रोम के एक बड़े कलागृह में निकाले गए गुड फ्राइडे के पारंपरिक जुलूस में शामिल नहीं हुए जिससे उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बढ़ गयी हैं. वेटिकन ने जुलूस में उनके शामिल नहीं होने की जानकारी दी है. फ्रांसिस के 'वे ऑफ क्रॉस' जुलूस की अगुवाई करने की उम्मीद थी जो ईसा मसीह के जुनून और उन्हें सलीब पर चढ़ाने की घटना का पुनः प्रदर्शन करता है. यह पहली बार है जब वह पोप के अपने 11 वर्ष के कार्यकाल में कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए हैं.

### पूर्व राष्ट्रपति जुमा के चुनाव लड़ने पर रोक

**जोहानिसबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा देश में 29 मई को होने वाले आम चुनाव में खड़े नहीं हो पाएंगे क्योंकि उनके आपराधिक रिकॉर्ड के कारण उन्हें उम्मीदवार के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया है. निर्वाचन आयोग (आईईसी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. जांच आयोग की सुनवाई बीच में ही छोड़कर चले जाने पर जुमा को 2021 में दक्षिण अफ्रीका की संवैधानिक अदालत द्वारा 15 माह जेल की सजा सुनाई गई थी.

### छत गिरने से पांच मजदूरों की मौत

**कराची ।** बलूचिस्तान प्रांत में भारी बारिश के कारण एक मकान की छत गिरने से कम से कम पांच खदान श्रमिकों की मौत हो गई. पुलिस के मुताबिक, यह मकान स्थानीय कोयला खदान के बाहर मजदूरों के रहने के लिए बनाया गया था. मूसलाधार बारिश के कारण कोयला खदान ढह गई और पांच मजदूर मलबे में दब गए जिससे उनकी मौत हो गई. पुलिस के अनुसार, मृतकों के शवों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से आवश्यक कार्रवाई के बाद उन्हें उनके मूल क्षेत्रों में भेज दिया गया.

### नौका दुर्घटना में आठ लोगों की मौत

**मेक्सिको ।** मेक्सिको के दक्षिणी प्रशांत तट के पास एक नौका हादसे में आठ प्रवासियों की मौत हो गई. प्रारंभिक जांच के आधार पर मृतक संभवतः एशिया के थे. अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. मेक्सिको के दक्षिणी प्रांत ओक्साका में अभियोजकों ने कहा कि इस हादसे में जीवित बचे एक एशियाई व्यक्ति का पता लगा लिया गया है. अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच के आधार पर ऐसा प्रतीत होता है कि इस हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति एशिया के थे.

### लाहौरिया-विक्की गिरोह के चार सदस्य पकड़ाए

**चंडीगढ़ ।** पंजाब में प्रेमा लाहौरिया-विक्की गौंडर गिरोह के चार सदस्यों को एक मुठभेड़ के बाद शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि जालंधर पुलिस ने पकड़े गये बदमाशों के पास से छह पिस्तौल बरामद की है. यादव ने बताया कि जालंधर पुलिस ने चार कथित बदमाशों को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है और लक्षित हत्या के साजिश को नाकाम कर दिया है.




**ऐतिहासिक गंगा मेला**

कानपुर : पूरे भारत में मशहूर कानपुर के ऐतिहासिक गंगा मेले में इस बार जबरदस्त उत्साह देखने को मिला. गंगा मेले के अवसर पर कानपुर में जगह-जगह होली खेली गई. इस मौके पर युवाओं ने एक दूसरे को रंग- गुलाल लगाकर गंगा मेले की बधाइयां दीं. इस दौरान प्रतियोगिता में शहर के गोविंद नगर, हालसी रोड, लाटूर रोड, कमला टावर, फूलबाग समेत 19 टीमों ने भाग लिया.

आबकारी नीति मामला

## मंत्री कैलाश गहलोत से ईडी ने की पांच घंटे तक पूछताछ

एजेंसी । नयी दिल्ली



दिल्ली की शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्डरिंग के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली सरकार के मंत्री कैलाश गहलोत से शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साढ़े पांच घंटे तक पूछताछ की. ईडी दफ्तर से बाहर निकलने के बाद कैलाश गहलोत ने कहा कि, मुझसे करीब साढ़े पांच घंटे तक पूछताछ हुई. ईडी का कैलाश को यह दूसरा सम्मन था. पहला सम्मन विस सत्र के दौरान आया था. ईडी ने शराब नीति के ड्राफ्ट को तैयार करने में उनकी भूमिका को लेकर पूछताछ की.

### ईडी ने पीएफआई के 3 सदस्यों को किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली ।** ईडी ने पीएफआई के तीन सदस्यों को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है. ईडी के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अब्दुल खादर पुत्तूर, अंशद बदरुद्दीन और फिरोज नामक तीन लोग पीएफआई के लिए फिजिकल ट्रेनर के रूप में काम कर रहे थे.

पुलिस ने लोगों से कहा-शांति बनाए रखें

# मुख्तार अंसारी के जनाजे में उमड़े हजारों समर्थक

- मुख्तार के पैतृक आवास के निकट मैदान में नमाज पढ़ी, बाद में भी नमाज अदा की गयी

एजेंसी । गाजीपुर/लखनऊ



पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी का शव कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को गाजीपुर जिले के उनके पैतृक निवास युसूफपुर मोहम्मदाबाद के निकट कालीबाग स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया. पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि इससे पहले मुख्तार के पैतृक आवास से शनिवार सुबह जनाजा निकाला गया जिसमें उनके सांसद भाई अफजाल अंसारी, पुत्र उमर अंसारी और भतीजे विधायक सुहेब अंसारी समेत परिवार के सदस्य तथा समर्थक शामिल रहे. उनके बड़े भाई एवं पूर्व विधायक सिगबतुल्लाह अंसारी समेत परिवार और रिश्तेदार भी जनाजे में शामिल हुए.

इस दौरान भीड़ ने नारे भी लगाये. अफजाल अंसारी ने कब्रिस्तान पहुंचकर लोगों को समझाया कि भीड़ एकत्र न करें और शांति बनाये रखने की अपील की. बाद में सिगबतुल्लाह भी वहां पहुंचे. जनाजे की नमाजों के बाद कालीबाग कब्रिस्तान में अंसारी का शव दफनाया गया. सबसे पहले, मुख्तार के पैतृक आवास के निकट मैदान में भी नमाज पढ़ी गई. बाद में भी नमाज अदा की गयी.

अंसारी के पैतृक आवास से कब्रिस्तान की दूरी आधा किलोमीटर से भी कम है. हालांकि जनाजे को यहां तक लाने में काफी समय लगा. वाराणसी जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) पीयूष मोर्डिया ने बताया, मैं यहां मोहम्मदाबाद में मौजूद हूं और पुलिस उप महानिरीक्षक यहां पर्यवेक्षण कर रहे हैं. वहीं वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) डॉ. ओ.पी. सिंह ने बताया, मुख्तार अंसारी को सुपुर्द-ए-खाक करने से पहले उनके आवास से जनाजा उठा और शुरुआत में घर के पास में नमाज-ए-जनाजा अदा की गयी. इसके बाद प्रिंस मैदान में भी नमाज पढ़ी गयी. भीड़ द्वारा नारेबाजी और कब्रिस्तान में जाने से रोके जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि परिवार के लोगों ने 40-50 लोगों की सूची दी थी, जिन्हें कालीबाग कबिस्तान में दफनाये जाने के समय रहने दिया गया. बाकी लोगों को नमाज के बाद रोक दिया गया. उन्होंने कहा कि पूरी तरह शांति व्यवस्था बनी हुई है.

इससे पहले, मोहम्मदाबाद विस क्षेत्र से सपा विधायक एवं अंसारी के भतीजे मोहम्मद सुहैब अंसारी उर्फ मन्नू अंसारी ने बताया कि उनके चाचा मुख्तार अंसारी के शव को शनिवार सुबह 10 बजे यूसुफपुर मोहम्मदाबाद के कालीबाग कब्रिस्तान में दफनाया जायेगा.

बांदा मेडिकल कालेज में शुक्रवार को अंसारी के शव का पोस्टमार्टम कराये जाने के बाद शाम पौने पांच बजे 26 वाहनों के सुरक्षा काफिले के साथ उसका शव करीब साढ़े आठ घंटे में लगभग 400 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद शुक्रवार देर रात एक बजकर 10 मिनट पर उसके पैतृक आवास पर लाया गया. भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंसारी के आवास पर काफी भीड़ जमा हो गयी.

## इंडिया की महारैली किसी एक पार्टी-व्यक्ति के लिए नहीं : रमेश

एजेंसी । नयी दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने कहा कि 31 मार्च को यहां रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की लोकतंत्र बचाओ रैली का उद्देश्य किसी व्यक्ति की रक्षा करना नहीं बल्कि संविधान और लोकतंत्र को बचाना है. रविवार को आयोजित होने वाली रैली से लोक कल्याण मार्ग (जहां प्रधानमंत्री का आवास स्थित है) को एक कड़ा संदेश दिया जायेगा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार का समय पूरा हो गया है.

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रैली को लेकर शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित अन्य वरिष्ठ नेता रैली को संबोधित करेंगे. रमेश ने कहा, यह कोई व्यक्ति विशेष की रैली नहीं है. इसीलिए इसे लोकतंत्र बचाओ रैली कहा जा रहा है. यह किसी एक पार्टी की रैली नहीं है, इसमें लगभग 27-28 पार्टियां शामिल हैं. इंडिया गठबंधन के सभी घटक इस रैली में हिस्सा लेंगे. रमेश की यह टिप्पणी इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि आप नेता इस रैली को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किये जाने के विरोध में आयोजित रैली के रूप में पेश कर रहे हैं.

### प्रधानमंत्री मोदी आज रैली को करेंगे संबोधित

**मेरठ /लखनऊ (उप्र) ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित होने के बाद उत्तर प्रदेश के मेरठ में रविवार को एक रैली संबोधित कर राज्य में चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे. भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि प्रधानमंत्री की इस रैली में मेरठ के अलावा बागपत, बिजनौर, मुजफ्फरनगर और कैराना लोकसभा क्षेत्रों के लोग भी शामिल होंगे. भाजपा मुख्यालय से प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता को प्रधानमंत्री की रैली के समन्वय की जिम्मेदारी दी गयी है. चुनाव प्रबंधन में पार्टी में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे भाजपा प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने बताया, प्रधानमंत्री की मेरठ रैली पश्चिमी उप्र में मील का पत्थर साबित होगी. राजग इस बार राज्य की सभी 80 सीट पर जीत हासिल करेगा.

### मुरलीधरन व पूर्व मंत्री थॉमस ने पर्चा भरा

**तिरुवनंतपुरम/पथनमथिट्टा ।** केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन और माकपा के वरिष्ठ नेता टीएम. थॉमस इसाक ने 26 अप्रैल को केरल में होने वाले लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए शनिवार को अपने-अपने नामांकन दाखिल किये. मुरलीधरन पास के अट्टिंगल निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं और पूर्व राज्य मंत्री इसाक पथनमथिट्टा लोकसभा सीट के लिए माकपा-यूडीएफ के उम्मीदवार हैं. जिलाधिकारी कार्यालय में नामांकन दाखिल करने से पहले मुरलीधरन का पार्टी कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन क्षेत्र में भव्य स्वागत किया. विदेश राज्य मंत्री ने शनिवार सुबह यहां प्रसिद्ध श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर और पझावंगडी गणपति मंदिर में भी पूजा-अर्चना की.

## नौ समुद्री लुटेरों का सरेंडर, भारत ने 23 पाकिस्तानी को बचाया

एजेंसी । नई दिल्ली



भारतीय नौसेना ने अरब सागर में 12 घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद एक बार फिर सोमालियाई समुद्री लुटेरों को सरेंडर करने के लिए मजबूर कर दिया. इसके बाद अपहृत ईरानी जहाज को छुड़ाने के साथ ही चालक दल के 23 पाकिस्तानी नागरिकों को समुद्री लुटेरों से सुरक्षित बचा लिया गया है. भारतीय नौसेना को 28 मार्च की देर शाम ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज अल-कंबर 786 को अरब सागर में अपहृत किए जाने की सूचना मिली थी. समुद्री डकैती के इनपुट पर भारतीय नौसेना ने समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए अरब सागर में तैनात दो जहाजों को अपहृत मछली पकड़ने वाले जहाज (एफवी) को रोकने के लिए डायवर्ट कर दिया. घटना के समय भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमेधा अपहृत जहाज से लगभग 90 नॉटिकल मील दक्षिण पश्चिम में था. नौसेना को अपहृत ईरानी जहाज पर नौ सशस्त्र समुद्री डाकुओं के सवार होने की प्रारंभिक जानकारी मिली थी.

### तमिल अभिनेता डेनियल बालाजी का निधन

**चेन्नई ।** अपने शानदार अभिनय के लिए विख्यात लोकप्रिय तमिल फिल्म अभिनेता डेनियल बालाजी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया. अस्पताल के एक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी. वह 48 वर्ष के थे. तिरुवानमियूर में रहने वाले अभिनेता ने सीने में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें तुरंत यहां कोट्टिवक्कम के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया. अभिनय के क्षेत्र से राजनीति में आये कमल हासन ने कहा, डेनियल का अचानक निधन चौंकाने वाला है. कम उम्र में मौत की पीड़ा परेशान करने वाली है.

## एक सांसद, दो पूर्व विधायकों ने बीजद से इस्तीफा दिया

एजेंसी । भुवनेश्वर

बीजद को झटका देते हुए, एक मौजूदा सांसद और दो पूर्व विधायकों ने शनिवार को आगामी लोकसभा और ओडिशा विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया. अभिनेता एवं केंद्रपाड़ा से मौजूदा सांसद अनुभव मोहंती ने बीजद से इस्तीफा दे दिया. मोहंती ने कहा कि वह चार साल से अधिक समय से पार्टी में घुटन महसूस कर रहे थे. वर्ष 2024 के आम चुनाव से पहले क्षेत्रीय पार्टी छोड़ने वाले भर्तृहरि महताब के बाद मोहंती बीजद के दूसरे मौजूदा सांसद हैं. केंद्रपाड़ा से सांसद को कटक में महताब के साथ होली मनाते देखा गया. अभिनेता से नेता बने एवं पूर्व विधायक आकाश दास नायक ने भी बीजद से इस्तीफा दे दिया. एक वीडियो बयान में कोरेई सीट से विधायक ने बीजद की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफे की घोषणा की. उन्होंने कहा, अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनने के बाद, आत्मसम्मान और कोरेई के निवासियों के सम्मान के लिए, मैंने बीजद छोड़ने का फैसला किया है.

सुप्रीम कोर्ट की जज नागरत्ना ने खड़े किए सवाल

## नोटबंदी के बाद 98% पैसा वापस आया तो काला धन कहां गया?

एजेंसी । हैदराबाद



हैदराबाद में 'कोर्ट्स एंड द कॉन्स्टीट्यूशन' सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में सुप्रीम कोर्ट की जज नागरत्ना ने नोटबंदी पर सवाल खड़े किए. शनिवार को जज जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने राज्यपालों के संवैधानिक अदालतों के सामने मुकदमेबाजी में शामिल होने पर चिंता व्यक्त की. जस्टिस नागरत्ना ने राज्यपालों से संविधान के अनुसार चलने का आह्वान किया, बजाय इसके कि उन्हें बताया जाए कि क्या करना है और क्या नहीं. नोटबंदी मामले में अपने असहमति पर उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें नोटबंदी के बाद आम आदमी की दुर्दशा से वे कितनी व्यथित थीं.

मुझे खुशी है कि मुझे उस पीठ का हिस्सा बनने का मौका मिला. हम सभी जानते हैं कि 8 नवंबर 2016 को क्या हुआ था. 86% मुद्रा 500 और 1000 रुपये के नोट थे, मुझे लगता है कि केंद्र सरकार इसे भूल गई थी. उस मजदूर की कल्पना कीजिए जिसे रोजमर्रा की जरूरतों के लिए अपने नोटों को बदलना पड़ा. 98% मुद्रा वापस आ गई, तो काला धन निकालने (नोटबंदी का लक्ष्य) के मामले में हम कहां हैं? तो मैंने सोचा (उस समय) कि यह काले धन को सफेद बनाने का एक अच्छा तरीका था, जो बेनामी नकदी प्रणाली में प्रवेश कर रही थी. इसलिए आम आदमी की इस दुर्दशा ने मुझे वास्तव में परेशान किया और मुझे असहमति जतानी पड़ी.

उन्होंने कहा, हाल ही में यह चलन बन गया है कि राज्यों के राज्यपाल बिलों को मंजूरी देने में चूक या उनके द्वारा किए जाने वाले अन्य कार्यों के कारण मुकदमेबाजी का मुद्दा बन जाते हैं. संविधान के तहत राज्यपाल के कार्यों या चूक को संवैधानिक अदालतों के सामने लाना एक स्वस्थ प्रवृत्ति नहीं है. हालांकि इसे एक गवर्नर पद कहा जाता है, यह एक गंभीर संवैधानिक पद है, और राज्यपालों को संविधान के अनुसार काम करना चाहिए ताकि इस तरह के मुकदमे कम हों. राज्यपालों को यह बताया जाना काफी शर्मनाक है कि उन्हें क्या करना है या नहीं करना है. मुझे लगता है अब वह समय आ गया है जहां उन्हें बताया जाएगा कि वे संविधान के अनुसार अपने कर्तव्यों का पालन करें.

कॅरियर-काउंसिलिंग

# फाइन आर्ट्स के कोर्स कर बना सकते हैं अपना कॅरियर

रजनीश प्रसाद । रांची

फाइन आर्ट्स कोर्स आर्ट्स के विविध दृश्य रूपों जैसे फोटोग्राफी, नाटक, पेंटिंग, मूर्तियां, वास्तुकला, थिएटर आदि के निर्माण का एक अध्ययन है. फाइन आर्ट्स में कैंडिडेट्स कई स्तरों पर, यानी 10वीं के बाद, 12वीं के बाद और ग्रेजुएशन के बाद भी आगे बढ़ सकते हैं. फाइन आर्ट के तौर पर इस कॅरियर को चुनने का मुख्य कारण यह है कि आर्ट एक ऐसा माध्यम है, जिससे आप जो सोचते हैं, उसे व्यक्त कर सकते हैं. एक खाली कैनवास पर आप अपनी सोच का अच्छे से वर्णन कर सकते हैं. आजकल, आर्ट पारंपरिक कला तकनीकों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि विभिन्न शैलियों जैसे कांच पर आर्ट, कपड़े, मिट्टी के बर्तनों आदि तक फैल गई है. आर्ट क्षेत्र में 3डी आर्ट्स और एनिमेशन जैसी टेक्नोलॉजी के आने से आर्ट को एक अच्छे करियर विकल्प के रूप में देखा जाने लगा है. आर्ट में एक रोमांचक कॅरियर बनाने के लिए दुनिया भर में हजारों छात्र पेशेवर और डिग्री प्रोग्राम, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स का चयन कर रहे हैं.

### फाइन आर्ट्स कोर्सेज

- डिप्लोमा इन पेंटिंग
- जूनियर डिप्लोमा कोर्स पार्ट-1
- जूनियर डिप्लोमा कोर्स पार्ट- 2
- सर्टिफिकेट कोर्स इन पेंटिंग
- सर्टिफिकेट इन विजुअल आर्ट्स
- जूनियर सर्टिफिकेट इन फाइन आर्ट्स पार्ट - 1
- जूनियर सर्टिफिकेट इन फाइन आर्ट्स पार्ट- 2
- बीए इन पेंटिंग एंड ड्रॉइंग
- बीए पेंटिंग
- बीएफए पेंटिंग
- बीएफए एप्लाईड आर्ट्स
- बैचलर इन फाइन आर्ट्स
- बैचलर ऑफ डिजाइनिंग
- बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स
- बैचलर इन फाइन आर्ट्स
- बैचलर इन फाइन आर्ट्स इन ग्राफिक डिजाइनिंग
- बैचलर इन फाइन आर्ट्स इन डिजिटल कम्यूनिकेशन आर्ट्स
- बैचलर ऑफ इंटिरियर डिजाइनिंग
- बैचलर ऑफ डिजाइनिंग- इंटिरियर एंड इंवॉयरोमेंटल डिजाइनिंग
- बैचलर ऑफ डिजाइनिंग इन इंटिरियर आर्टिटेक्चर
- बैचलर ऑफ डिजाइनिंग इंवेंशन
- बैचलर इन आर्ट्स ऑफ विजुअल कम्यूनिकेशन फोटोग्राफी
- मास्टर इन फाइन आर्ट्स इन फिल्म एंड टेलीविजन
- मास्टर इन फाइन आर्ट्स
- मास्टर ऑफ डिजाइनिंग इन इंटिरियर डिजाइनिंग
- मास्टर इन आर्ट्स
- मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स इन फोटोग्राफी
- एमए विजुअल आर्ट्स
- एमए इन पेंटिंग
- एमए फाइन आर्ट पेंटिंग
- एमएफए फाइन आर्ट



### कॅरियर स्कोप

- फाइन आर्टिस्ट
- एनिमेटर
- कार्टूनिस्ट
- ग्राफिक डिज़ाइनर
- थ्रीडी विजुअलाइजर
- फोटोग्राफर
- क्रिएटिव डायरेक्टर
- आर्टिस्ट
- डिजाइन ट्रेनर
- आर्ट हिस्ट्रीयन

### आर्ट में कॅरियर बनाने के लिए भारतीय विश्वविद्यालय

- कला महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय
- दृश्य कला संकाय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
- फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स, महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय
- चामराजेंद्र एकेडमी ऑफ विजुअल आर्ट्स, मैसूर विश्वविद्यालय
- कला भवन, विश्व भारती विश्वविद्यालय
- इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़
- जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, दिल्ली
- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र
- महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, सतना
- रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय, कोलकाता
- सर जेजे स्कूल ऑफ आर्ट, मुंबई
- हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)